ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

29 जनवरी, 2025
माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2081
पृष्ठ : 24, मूल्य : ₹3.00
रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 101

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## मंईयां सम्मान योजना का बोझ जनता पर नहीं पड़ेगा : हेमंत

- मुख्यमंत्री 'अबुआ बजट 2025- 26' की तैयारियों पर आयोजित बजट पूर्व संगोष्ठी में हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य की आधी आबादी को सशक्त बनाने के इरादे से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की जो शुरुआत की गयी है, उससे देश भर में इस राज्य की अलग पहचान बनी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस योजना की वजह से किसी भी व्यक्ति पर किसी प्रकार का अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। इसयोजना के लिए राशि आंतरिक संसाधन से जुटायी जायेगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में 'अबुआ बजट 2025-26' की तैयारियों पर आयोजित बजट पूर्व संगोष्ठी में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट के जरिये एक ऐसा दस्तावेज तैयार हो, जिससे यहां की मूलभूत समस्याओं के समाधान के साथ सर्वांगीण विकास की राह पर राज्य आगे बढ़ सके। इसके लिए जरूरी है कि संसाधनों का बेहतर से बेहतर इस्तेमाल हो। उन्होंने कहा कि बजट आइडियल तथा सर्वोत्तम हो, इसके लिए विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों ने कई अहम तथा प्रभावी सुझाव दिये हैं। इन सुझावों पर गंभीरता के साथ अध्ययन कर उसे बजट में शामिल करने पर विचार होगा, ताकि सतत एवं समावेशी विकास की दिशा में राज्य आगे बढ़ सके।

**राजस्व संग्रहण के संभावनाओं की तलाश करें :** मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि झारखंड को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए खुद राजस्व संग्रहण करना है और खर्च भी करना है। जब तक आर्थिक संसाधन से हम मजबूत नहीं होंगे, राज्य के विकास का पहिया आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए सभी विभाग राजस्व संग्रहण के संभावनाओं की तलाश के लिए ठोस कदम उठायें।

**कम संसाधनों में हुए विकास कार्य :** हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में संसाधन जरूर कम हैं, लेकिन हमारी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, बिजली, पानी और सड़क समेत कई क्षेत्रों को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किये हैं। ऐसे कार्य आज भी चल रहे हैं और आगे भी अनवरत चलते रहेंगे। हमारा प्रयास झारखंड को विकसित और समृद्ध राज्य बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सतत विकास के लिए लंबी अवधि को ध्यान में रखकर योजनाएं बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड ने कई उतार -चढ़ाव देखे है। आगे बढ़ने के लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करने की जरूरत है।

**आउटकम का आकलन हो:** मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में विभिन्न विभागों को जो राशि आवंटित की जाती है, उसे खर्च करने के साथ उसके आउटकम का भी आकलन होना चाहिए। अभी तक देखा गया है कि खर्च हुई राशि का कितना लाभ मिल रहा है, इस पर विशेष जोर नहीं दिया गया। इस वजह से हमने जो एसेट बनाये हैं, उसका उचित इस्तेमाल नहीं हो पता है।

**सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वाले हुए पुरस्कृत :** मुख्यमंत्री ने बजट पूर्व संगोष्ठी में अबुआ बजट पोर्टल के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वाले अनीश कुमार मुरारका, नीतीश कुमार और राम प्रवेश राम को पुरस्कृत किया। इसके अलावा बेहतर सुझाव देने वालों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार समेत अन्य अधिकारी और विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ मौजूद थे।



बजट पूर्व संगोष्ठी को संबोधित करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

### आय बढ़ाने की जरूरत: राधाकृष्ण

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए आय बढ़ाने की जरूरत है। आय के अन्य स्रोतों को खोजने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों की कृषि योग्य भूमि का लगान काफी कम है। लगान दर में बढ़ोतरी जरूरी है, लेकिन आम जनता को अधिक बोझ नहीं देना है। अनुपयोगी योजनाओं को बजट में शामिल नहीं करने की हिदायत दी गयी है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने झारखंड को 16,961 करोड़ का ग्रांट देने का फैसला लिया था, लेकिन राज्य को सिर्फ 4408 करोड़ ही मिले हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए नये और नवीन तरीके अपनाने होंगे।

## महाकुंभ नगर दुनिया का सबसे बड़ा जिला बना

### 3.90 करोड़ लोगों ने लगायी डुबकी, संगम से 15 किमी तक जाम



- मौनी अमावस्या आज, एडवायजरी जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ नगर एक बार फिर विश्व का सबसे बड़ा जिला बन गया। प्रयागराज की आबादी मंगलवार को 4.5 करोड़ का आंकड़ा पार कर गयी। मंगलवार को शाम तक तक 3.90 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके थे। यानी उस वक्त अगर जिले की आबादी करीब 70 लाख जोड़ ली जाये, तो प्रयागराज में एक दिन की संख्या 4.60 करोड़ रिकॉर्ड की गयी। ऐसे में आबादी के लिहाज से विश्व के सबसे बड़े शहर टोक्यो को भी प्रयागराज ने पीछे छोड़ दिया। इससे पहले मकर संक्रांति पर भी 4.20 करोड़ लोगों के साथ प्रयागराज विश्व का सबसे बड़ा जिला बनने का रिकॉर्ड बना चुका है।


वहीं, मौनी अमावस्या से पहले श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ को देखते हुए वरिष्ठॉ अधिकारियों की लगातार बैठकें चलीं। मंगलवार को ऐसी रही कि सड़कें-गलियां सब लोगों से ठसाठस भरी हुई थीं। श्रद्धालुओं का कहना है कि पार्किंग या स्टेशन से संगम पैदल आना पड़ रहा। जगह-जगह बैरिकेडिंग कर पुलिस रोक दे रही है। 20 किमी पैदल चलना पड़ रहा है। संगम से 15 किमी तक का एरिया जाम रहा।

**श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़:** महाकुंभ मेले का मंगवार को 16वां दिन था। बुधवार 29 जनवरी को मौनी अमावस्या है। इस दिन संगम में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। मंगलवार की सुबह भी हर तरफ लोगों की भीड़ नजर आयी। भीड़ बढ़ने के कारण प्रशासन को व्यवस्थाएं बनाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। उच्चाधिकारियों की बैठकों का दौर जारी है। मौनी अमावस्या पर करीब 10 करोड़ लोगों के आने का अनुमान है। वहीं पूरे महाकुंभ मेले में करीब 45 करोड़ लोगों के आने की संभावना है।

**स्कूलों में छुट्टी :** महाकुंभ में उमड़ी भीड़ के चलते प्रयागराज में स्कूलों में अवकाश दिया गया है। जिला प्रशासन की ओर से जारी आदेश में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों की 3 फरवरी तक छुट्टी रहेगी। वहीं कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों के लिए 29 फरवरी से 31 जनवरी तक अवकाश रहेगा। यह आदेश निजी और सरकारी, सभी स्कूलों पर लागू होगा।

## श्रीलंकाई नौसेना की गोलीबारी में 5 भारतीय मछुआरे हुए घायल

कोलंबो। श्रीलंकाई नेवी ने मंगलवार सुबह 13 भारतीय मछुआरों पर फायरिंग कर दी। इसमें 5 मछुआरे घायल हो गये। ये सभी डेल्फ्ट द्वीप के पास मछली पकड़ने गये थे। यह द्वीप श्रीलंका के अधिकार में हैं। इन मछुआरों का श्रीलंका के जाफना टीचिंग हॉस्पिटल में इलाज हो रहा है। भारत सरकार ने फायरिंग को गंभीर मानते हुए श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को तलब किया और घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 75,800 रु./10 ग्राम
चांदी 95,000 रु./प्रति किलो



# महाकुंभ के बीच धर्म संसद में सनातन बोर्ड की मांग तेज, कहा- एकजुट हों हिंदू

- सरकारी नियंत्रण से मुक्त किये जायें मंदिर, मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण का भव्य मंदिर बने
- मंदिरों में पूजा और प्रसाद वितरण की व्यवस्था वैदिक मान्यताओं और परंपराओं से
- आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय परिवारों को धर्मांतरण से बचाना है
- आस : सरकार हिंदुओं और सनातनियों को सनातन बोर्ड का तोहफा दे

**प्रयागराज में त्रिवेणी संगम के तट पर चल रहे सनातन के सबसे विशाल और भव्य आयोजन महाकुंभ में धर्म संसद संपन्न हो गयी है। इस धार्मिक आयोजन और विचार मंथन के दौरान सनातन बोर्ड के गठन की मांग को गति दी गयी। सनातन बोर्ड के गठन की मांग के पीछे भारत भूमि पर हिंदू हितों की लगातार उपेक्षा को कारण बताया जा रहा है। इतना ही नहीं, सनातन पर लगातार हो रहे आक्रमण और हिंदू धर्मस्थलों को लेकर पूर्व में बने नियम-कानून से करोड़ों हिंदुओं की आस्थाओं को आघात पहुंचाया जा रहा है। एक तरफ जहां सनातन बोर्ड को लेकर करोड़ों हिंदू उत्साहित हैं, वहीं सोये हुए हिंदुओं को एकजुट करने और जगाने का भी प्रयास चल रहा है। एक तरफ सनातन बोर्ड की मांग है कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की तर्ज पर मथुरा में भी भगवान श्रीकृष्ण का भव्य मंदिर बनाया जाये। वहीं सनातन धर्म की परंपराओं की रक्षा के लिए मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त किया जाये। सनातन बोर्ड की मांग ने तब जोर पकड़ा जब बीते साल तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट का मामला सामने आया था। उसके बाद से देश में सनातन बोर्ड के गठन की बात ने जोर पकड़ा। वक्फ बोर्ड की मनमानियों को लेकर भी सनातन बोर्ड को अस्तित्व में लाने की मांग उठ रही है। इसके अलावा हिंदू एकता की कल्पना को साकार करने और हिंदू धर्मस्थलों के संरक्षण, सुरक्षा और आवश्यकतानुसार नवनिर्माण का मार्ग प्रशस्त करना भी सनातन बोर्ड के गठन की मांग का एक उद्देश्य है। क्या है सनातन बोर्ड की मांग और कैसा होगा इसका पूरा स्वरूप, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में 27 जनवरी को सनातन धर्म संसद की बैठक हुई। इस दौरान सनातन बोर्ड के गठन को लेकर लंबी चर्चा हुई। इस दौरान वक्फ बोर्ड को खत्म कर सनातन बोर्ड के गठन की मांग को तेज किया गया, साथ ही सनातन हिंदू बोर्ड अधिनियम प्रस्ताव को पारित किया गया। सनातन धर्म संसद में कई संतों, कथावाचकों और धार्मिक नेताओं ने भाग लिया। इस दौरान कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर ने हिंदू धर्म और संस्कृति से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए वक्फ बोर्ड को समाप्त करने की हुंकार भरी और सनातन बोर्ड के गठन की मांग की। धर्म संसद में कहा गया कि हम सभी को अपना मौन तोड़कर सनातन बोर्ड की स्थापना के आंदोलन में एकजुट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज ऐसा समय आ गया है कि वक्फ बोर्ड उठता है और किसी भी जगह को अपनी संपत्ति बता देता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वर्ष 1947 में जब देश आजाद हुआ था तो धर्म के आधार पर मुस्लिमों को अगल देश दिया गया। लेकिन हिंदुओं का क्या। आज हिंदू अपने ही देश में अपना अधिकार पाने के लिए तरस रहा है। बैठक के बाद सनातनी हिंदू बोर्ड की तस्वीर काफी हद तक साफ हो गयी है। आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुर ने सनातन बोर्ड गठन के प्रारूप को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए बताया कि इस पर सभी धर्माचार्यों ने अपनी स्वीकृति दे दी है। उन्होंने कहा कि हमने सनातनी हिंदू बोर्ड अधिनियम के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया है और यहां मौजूद सभी धार्मिक नेताओं ने इस पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि हम इस संविधान को भारत सरकार को भेजेंगे और इस पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनका समय मांगेंगे, इस उम्मीद के साथ कि अगर वक्फ बोर्ड होगा तो सरकार हिंदुओं और सनातनियों को एक सनातन बोर्ड का तोहफा देगी। देवकी नंदन ठाकुर ने भारत से अलग होकर बने देशों की स्थिति का जिक्र करते हुए गंभीर सवाल किये। मशहूर कथावाचक ने धर्म संसद में कहा कि बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदू बोर्ड नहीं है, तो भारत में वक्फ बोर्ड क्यों है? यह सवाल उठाने का समय आ गया है। हिंदू अपने अधिकार लेकर रहेगा। उन्होंने कहा कि राम मंदिर केवल शुरूआत है, मथुरा और काशी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे अभी बाकी हैं। मथुरा का तो पूरा फंक्शन ही बाकी है।

## प्रसाद में मिलावट सामने आने पर शुरू हुई थी बोर्ड की मांग

16 नवंबर, 2024 को दिल्ली में धर्म संसद हुई थी। इसमें कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने पुरजोर तरीके से सनातन बोर्ड के गठन की मांग उठायी थी। वे कहते हैं कि देश के मठ-मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त किया जाये और इनके संचालन का जिम्मा सनातन बोर्ड को दिया जाये। दरअसल, बीते साल तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट का मामला सामने आने के बाद सनातन बोर्ड की मांग ने जोर पकड़ा था। इसके बाद ही धीरे-धीरे देशभर के साधु-संत इस मांग के लिए एकजुट होना शुरू हुए।

## सनातन बोर्ड को हिंदू बोर्ड अधिनियम 20 के नाम से जाना जायेगा

चतुर्थ सनातन धर्म संसद बैठक के बाद कहा गया कि सनातन बोर्ड को हिंदू बोर्ड अधिनियम 20 के नाम से जाना जायेगा। इसके प्रस्तावना में कहा गया है कि यह अधिनियम भारत में हिंदू मंदिरों, उनकी संपत्तियों, निधियों और सनातन धार्मिक परंपराओं के प्रबंधन, संरक्षण और निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत सनातन हिंदू बोर्ड की स्थापना करेगा। आगे कहा गया है कि इसका प्रमुख उद्देश्य सनातन धर्म और इसकी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करते हुए मंदिर संसाधनों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जिम्मेदारी सुनिश्चित करना है। प्रारूप में कहा गया है कि सनातन हिंदू बोर्ड को एक स्वतंत्र निकाय के रूप में स्थापित किया जायेगा। जो हिंदू मंदिरों, उनकी संपत्तियों और निधियों की देखरेख के लिए उत्तरदायी होगा। इसमें वही व्यक्ति शामिल होंगे, जो हिंदुत्व में विश्वास रखते हुए सनातनी परंपराओं की सेवा की प्रबल इच्छा रखते हों।



## बोर्ड में कौन होंगे शामिल

सनातन बोर्ड का प्रस्तावित ड्राफ्ट में कहा गया है कि चारों जगदगुरु शंकराचार्यों की देखरेख में राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय सनातन बोर्ड का गठन किया जायेगा। सनातन बोर्ड स्वतंत्र इकाई के रूप में काम करेगा। इस बोर्ड के केंद्रीय अध्यक्ष मंडल में 11 सदस्यों को शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है। जिसमें चारों संप्रदाय के प्रमुख जगदगुरु, सनातनी अखाड़ों के तीन प्रमुख व्यक्तित्व, एक संरक्षक मंडल द्वारा नामित व्यक्ति और तीन अन्य सदस्यों में प्रमुख संत, कथाकार या धर्माचार्य को शामिल करने का प्रस्ताव पेश किया गया है। इसी तरह सनातन बोर्ड के संचालन के लिए सहयोगी मंडल और सलाहकार मंडल को भी शामिल करने की योजना है। सहयोगी मंडल की भूमिका में हिंदुओं के लिए कार्य करने वाले संगठन के प्रतिनिधि, प्रमुख मंदिर, गौशाला से जुड़े व्यक्ति, गुरुकुल शिक्षा पद्धति से जुड़े व्यक्ति समेत कई अन्य लोगों को बोर्ड में शामिल करने का सुझाव दिया गया है। इसी तरह सलाकार मंडल में रिटायर्ड सनातनी जज और वकील, उच्च पदों से रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारियों, मीडिया और सीनियर शिक्षाविद समेत सामाजिक और धार्मिक कार्यों से जुडे.सनातनी व्यक्ति शामिल होंगे। सनातन बोर्ड के गठन के बाद मंदिर प्रशासन में सिर्फ हिंदू धर्मावलंबियों को ही कार्य करने की अनुमति होगी। बताया गया है कि ऐसा करने से हिंदू संस्कृति और सनातन परंपराओं की रक्षा हो सकेगी। तिरुपति बालाजी मंदिर जैसी घटना दोबारा ना हो इसके लिए मंदिर प्रवेश नियमों और प्रसाद प्रबंधन की देखरेख भी बोर्ड के जरिए की जायेगी। अभी तक जो मसौदा बना है, उसके अनुसार अखाड़ा परिषद के पदेन अध्यक्ष को ही सनातन बोर्ड प्रमुख की कमान दी जायेगी। इस बोर्ड में देश के 13 प्रमुख अखाड़े शामिल किये गये हैं। इसमें श्री पंच दशनाम जूना (भैरव) अखाड़ा, श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा, श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़ा, श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा, श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा, पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी, श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़ा, श्री पंच दिगंबर अनी अखाड़ा, श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा, तपोनिधि श्री आनंद अखाड़ा, श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन, श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल, श्री पंचायती अखाड़ा शामिल हैं।

## साधु-संत दो फाड़

संगम की रेती पर सनातन बोर्ड के गठन के सवाल पर साधु-संत दो फाड़ हो गये हैं। इस धर्म संसद में सभी 13 अखाड़ों के श्रीमहंत, महामंडलेश्वर और पीठाधीश्वर शामिल नहीं हुए। इससे सनातन बोर्ड के गठन को लेकर साधु-संतों की एकजुटता को तगड़ा झटका लगा है। अब अखाड़ा परिषद का कहना है कि सनातन बोर्ड से जरूरी वक्फ बोर्ड को भंग करना है।

## सनातन बोर्ड की जरूरत नहीं: जगद्गुरु रामभद्राचार्य

जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा है कि सनातन बोर्ड की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि सनातन बोर्ड तो अनादिकाल से काम कर रहा है। रामभद्राचार्य ने कहा है कि हिंदू अपने अधिकार के लिए उचित संघर्ष नहीं करते हैं, अपने अधिकार के लिए हमें संघर्ष करना होगा। उन्होंने दिनकर की पंक्ति का जिक्र किया और कहा कि अब याचना नहीं रण होगा, संग्राम महाभीषण होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये रण विधर्मियों के खिलाफ होगा। उन्होंने भारत विरोधी, राष्ट्र विरोधी, हिंदू विरोधी और सनातन विरोधियों को विधर्मी बताया।

## प्रमुख मांगें

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की तर्ज पर मथुरा में भी भगवान श्रीकृष्ण का भव्य मंदिर बनाया जाये। यह मंदिर सनातन धर्म के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का प्रतीक बने। सभी प्रमुख मंदिरों में पूजा और प्रसाद वितरण की व्यवस्था वैदिक मान्यताओं और परंपराओं के अनुसार की जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि इन प्रथाओं में किसी भी प्रकार का व्यावसायिक हस्तक्षेप न हो। धार्मिक स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करने और सनातन धर्म की परंपराओं की रक्षा के लिए मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त किया जाये। मंदिरों का प्रबंधन धर्माचार्यों और सनातन धर्म के विद्वानों द्वारा संचालित हो। प्रत्येक बड़े मंदिर में एक गुरुकुल, गोशाला और औषधालय का संचालन सुनिश्चित हो। गुरुकुल में वैदिक शिक्षा, गोशाला में गोसंरक्षण और औषधालय में आयुर्वेदिक चिकित्सा का प्रबंध हो। यह व्यवस्था समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित करेगी। आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय परिवारों को धर्मांतरण से बचाने के लिए आर्थिक सहायता की व्यवस्था की जाये। उन्हें रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में प्राथमिकता दी जाये, ताकि वे अपने धर्म और परंपराओं के प्रति समर्पित रह सकें।

## सनातन बोर्ड का स्वरूप

चारों शंकराचार्य के संरक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय सनातन बोर्ड का गठन किया जायेगा। बोर्ड एक स्वतंत्र निकाय होगा। यह बोर्ड मंदिरों की देखरेख, उनकी संपत्तियों और निधियों की देखरेख करेगा। यह बोर्ड मंदिरों में वैदिक पूजा सनातन पद्धति, सनातन परंपराओं, सनातन हिंदुओं के अधिकारों की सुरक्षा करेगा। 11 सदस्यों के साथ सनातन बोर्ड के अध्यक्ष मंडल का गठन होगा। इसमें 4 सदस्य-चारों संप्रदाय के प्रमुख जगद्गुरु, 3 सदस्य सनातन अखाड़ों के प्रमुख व्यक्तित्व, 1 सदस्य मंडल द्वारा नामित व्यक्तित्व, 3 सदस्य प्रमुख संत, कथाकार होंगे। इसके अलावा सहयोगी मंडल, सलाहकार मंडल में भी सदस्य रखे जायेंगे।

## विशेष समिति करेगी निधि की देखभाल

सनातन धर्म संसद की बैठक में केंद्र और राज्य स्तर पर इसके संचालन के लिए विशेष योजना तैयार की गयी है। इसके तहत संरक्षक मंडल की सहमति से अध्यक्ष मंडल देश के अलग-अलग राज्यों में सनातन बोर्ड की राज्य स्तरीय समिति का गठन करेगा। इसके अलावा एक विशेष समिति का गठन किया जायेगा, जो मंदिरों की निधियों के प्रबंधन, आवंटन और वितरण की देखरेख करेगा। इसके लिए निधियों का प्रबंध एक एस्क्रो खाते के जरिये किया जायेगा। इस निधि का इस्तेमाल गुरुकुलों, गौशालाओं, छोटे मंदिरों, बड़े मंदिरों में अस्पतालों के संचालन और आर्थिक रूप से कमजोर सनातनी परिवारों की आर्थिक सहायता में किया जायेगा। इसी तरह बोर्ड अधिनियम के तहत केंद्रीय सनातन बोर्ड के संरक्षक और सदस्यों को लोकसेवक के रूप में नामित करने की सलाह दी गयी, जिससे उनकी जिम्मेदारी सुनिश्चित हो सके। सनातन बोर्ड सभी बड़े मंदिरों में पुजारियों की नियुक्ति करेगा, जिसके लिए पारंपरिक योग्यता और धार्मिक ज्ञान की जानकारी मुख्य मानदंड होगा।

## अवैध वक्फ संपत्तियां होंगी मुक्त

इसके अलावा सनातन अधिनियम के तहत मंदिरों की संपत्ति पर अवैध कब्जे को तत्काल हटाने का जिला मजिस्ट्रेट के पास पूर्ण अधिकार होगा। सनातन बोर्ड सभी मंदिर संपत्तियों का एक ऑफिसियल रजिस्टर्ड रजिस्टर रखेगा। बोर्ड की अनुमति के बगैर मंदिरों की संपत्तियों को बेचा नहीं जा सकेगा और ना ही पट्टा या अन्य तरीके से हस्तांतरित किया जा सकेगा। बोर्ड को अगर किसी संपत्ति के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य या ऐतिहासिक आधार मिलता है, तो वह उसे मंदिर संपत्ति के रूप में घोषित कर सकता है। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि वक्फ बोर्ड के जरिये जबरन कब्जा की गयी जमीनों को मुक्त कराने और असंवैधानिक अधिकारों को समाप्त करने के लिए सनातन बोर्ड न्यायाधिकरण सभी स्तर पर प्रभावी प्रयास करेगा।

## इन मंदिरों पर नहीं लागू होंगे बोर्ड नियम

इस अधिनियम की सबसे खास बात यह है कि इसके तहत उन्हीं मंदिरों को सनातन बोर्ड के कार्यक्षेत्र में शामिल किया जायेगा, जो मंदिर अभी सरकार के नियंत्रण में हैं। जबकि जो मंदिर या धार्मिक संस्थाएं निजी तौर पर संचालित की जाती हैं या सरकार के नियंत्रण में नहीं हैं, उन पर सनातन बोर्ड के नियम लागू नहीं होंगे। हालांकि निजी मंदिरों या गौशाला या अन्य संस्थाओं के पास ये विकल्प होगा कि वे स्वेच्छा से आवदेन देकर सनातन बोर्ड के अधीन हो सकती हैं।

## अखाड़ा परिषद का मिला समर्थन

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने भी सनातन बोर्ड की मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि सनातन बोर्ड का उद्देश्य वक्फ बोर्ड की तरह कब्जा करना नहीं है, बल्कि छोटे मंदिरों और मठों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने सनातन धर्म की संपत्ति को संरक्षित करने और इसे किसी भी प्रकार के बाहरी हस्तक्षेप से बचाने की बात कही। इस आयोजन के बाद सनातन धर्मावलंबियों और संतों ने स्पष्ट कर दिया कि जब तक सनातन बोर्ड का गठन नहीं होता, वे अपने आंदोलन को जारी रखेंगे। प्रयागराज महाकुंभ से निकली यह मांग आने वाले समय में धार्मिक और राजनीतिक चर्चाओं में प्रमुख भूमिका निभा सकती हैं।

# आदिवासी संगठनों के विरोध के बाद सिरम टोली फ्लाइओवर की डिजाइन में बदलाव का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता ने इंजीनियरों की टीम के साथ किया निरीक्षण**

**रांची।** आदिवासी संगठनों के विरोध के बाद सिरम टोली फ्लाइओवर की डिजाइन को अब बदला जायेगा। पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता रांची विनोद कच्छप सहित इंजीनियरों की टीम ने मंगलवार को सिरम टोली सरना स्थल के पास निरीक्षण किया और आदिवासी संगठनों के नेताओं के साथ वार्ता भी की। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि सरना स्थल आस्था का प्रतीक है इसलिए वहां की बाउंड्री को हटाकर फ्लाइओवर बनाने के डिजाइन को बदलने का निर्णय लिया गया है। अब यह प्रयास होगा कि सिंगल स्पैम तकनीक के जरिये वहां से फ्लाइओवर को निकाला जायेगा। जिससे किन्हीं को कोई परेशानी नहीं होगी। जल्द ही इसकी डिजाइन तैयार करके विभाग के अधिकारियों के समक्ष रखी जायेगी, वहां से मंजूरी मिलते ही इस पर काम प्रारंभ होगा। इसके अलावा भी कहीं-कहीं काम में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए डिजाइन में फेरबदल किया जायेगा। बता दें कि सिरम टोली-मेकॉन फ्लाइओवर के लिए सरना स्थल की जमीन अधिग्रहण की बात चल रही थी। जिसका विरोध आदिवासी संगठनों ने किया और कंपनी को तत्काल वहां पर काम बंद कराने को कहा था। पूरे मामले पर विधायक सीपी सिंह ने भी पहल की थी। ऐसे में इसके डिजाइन में बदलाव किया जायेगा ताकि सरना स्थल पर किसी तरह की कोई क्षति न हो।

# पप्पू यादव ने हेमंत सोरेन से मांगी जेड+ सिक्योरिटी कहा- ना केंद्र सुरक्षा दे रहा और ना राज्य सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र लिखकर जेड प्लस सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने बताया है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से उन्हें लगातार हत्या की धमकी मिल रही है और वे बिहार, झारखंड सहित देश-विदेश के अपराधियों और शराब माफिया के निशाने पर हैं। पप्पू यादव ने अपने पत्र में कहा है



कि राजनीतिक कारणों की वजह से न तो केंद्र और न ही बिहार सरकार उन्हें सुरक्षा प्रदान कर रही है, जिससे वे अपनी सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित हैं। उन्होंने बताया है कि जब से वे 18वीं लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं, तब से उन्हें और उनके परिवार को भारी खतरा हो गया है।

पप्पू यादव को 7 दिसंबर को झारखंड से अमन साव गिरोह के गैंगस्टर मयंक सिंह की ओर से धमकी मिली थी। मयंक सिंह ने फेसबुक पर लिखा कि पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई से माफी मांगनी चाहिए और अपनी गलती सुधारनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि लॉरेंस बिश्नोई का गैंग एक ग्लोबल इंटरनेशनल गैंग है।

पप्पू यादव को अक्टूबर 2024 से लगातार धमकियां मिल रही हैं। यह धमकियां लॉरेंस बिश्नोई गैंग और झारखंड के अमन साहू गैंग समेत देश-विदेश से मिल रही हैं। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर अपनी सुरक्षा बढ़ाने की मांग की थी। जिसके बाद पूर्णिया पुलिस ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है।

## प्रधानमंत्री ने भुवनेश्वर में 'उत्कर्ष ओड़िशा' 2025 का उद्घाटन किया

# देश के विकास में ओड़िशा की बड़ी भूमिका: मोदी

- प्रदेश में है निवेश और व्यापार का केंद्र बनने की क्षमता
- पूर्वी भारत देश के विकास में एक ताकतवर इंजन है
- भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित विकास के पथ पर अग्रसर है




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर/ नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भुवनेश्वर में 'उत्कर्ष ओड़िशा-मेक इन ओड़िशा कॉन्क्लेव' 2025 और मेक इन ओड़िशा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत देश के विकास में एक विकास इंजन है और ओड़िशा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि जब भारत ने वैश्विक विकास में प्रमुख भूमिका निभायी थी, तब उसमें पूर्वी भारत का योगदान उल्लेखनीय था। पूर्वी भारत में बड़े औद्योगिक केंद्र, बंदरगाह, व्यापार केंद्र हैं और इसमें ओड़िशा की भागीदारी उल्लेखनीय है। ओड़िशा दक्षिण पूर्वी एशियाई व्यापार का महत्वपूर्ण केंद्र हुआ करता था और बंदरगाह भारत का प्रवेश द्वार थे। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति की हाल की भारत यात्रा को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति के शब्द कि उनके डीएनए में संभवतः ओडिशा के निशान हैं, बहुत सटीक हैं। उन्होंने कहा कि सिंगापुर के राष्ट्रपति ने हाल ही में ओड़िशा का दौरा किया था और वह इस राज्य के साथ अपने संबंधों को लेकर बहुत उत्साहित थे। उन्होंने कहा कि आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन) देशों ने भी ओड़िशा के साथ व्यापार और पारंपरिक संबंधों को मजबूत करने में रुचि दिखायी है। उन्होंने कहा कि ओड़िशा की विकास यात्रा में निवेश करने का यह सही समय है और आश्वासन दिया कि उनका निवेश सफलता की नयी ऊंचाइयों को छुयेगा।

मोदी ने कहा, भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित विकास के पथ पर अग्रसर है। एआइ का मतलब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और भारत की आकांक्षा दोनों है, जो देश की ताकत है। उन्होंने कहा कि जब लोगों की जरूरतें पूरी होती हैं, तो आकांक्षाएं बढ़ती हैं और पिछले दशक ने करोड़ों नागरिकों को सशक्त बनाया है, जिससे देश को लाभ हुआ है। ओड़िशा इस आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का देश बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में विनिर्माण के क्षेत्र में भारत की ताकत भी स्पष्ट हो गयी है। भारत की अर्थव्यवस्था का विस्तार दो प्रमुख स्तंभों पर टिका है: अभिनव सेवा क्षेत्र और गुणवत्ता वाले उत्पाद। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश की तेज प्रगति केवल कच्चे माल के निर्यात पर निर्भर नहीं हो सकती है और इसलिए पूरे इको-सिस्टम को एक नये दृष्टिकोण के साथ बदला जा रहा है। भारत खनिजों को निकालने और उन्हें उत्पाद निर्माण और मूल्य संवर्धन के लिए विदेश भेजने की प्रवृत्ति को बदल रहा है, केवल उन उत्पादों को भारत वापस लाने के लिए। उन्होंने कहा कि इसी तरह अन्य देशों में प्रसंस्करण के लिए समुद्री खाद्य निर्यात करने की प्रवृत्ति को भी बदला जा रहा है।

मोदी ने कहा कि दुनिया तेजी से संधारणीय जीवन शैली पर ध्यान केंद्रित कर रही है और हरित भविष्य की ओर बढ़ रही है। हरित नौकरियों की संभावना भी काफी बढ़ रही है। उन्होंने समय की मांगों और आवश्यकताओं के अनुकूल होने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत सौर, पवन, जलविद्युत और हरित हाइड्रोजन सहित हरित प्रौद्योगिकी और हरित भविष्य पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जो विकसित भारत की ऊर्जा सुरक्षा को शक्ति प्रदान करेगा।

मोदी ने कहा, 21वीं सदी भारत के लिए कनेक्टेड इंफ्रास्ट्रक्चर और मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी का युग है। भारत में जिस पैमाने और गति से विशेषीकृत बुनियादी ढांचों का विकास किया जा रहा है, वह देश को एक बेहतरीन निवेश गंतव्य बना रहा है। उन्होंने कहा कि समर्पित माल ढुलाई गलियारे पूर्वी और पश्चिमी तटरेखाओं को जोड़ रहे हैं, जिससे पहले भूमि से घिरे क्षेत्रों के लिए समुद्र तक तेजी से पहुंच उपलब्ध हो रही है। देशभर में प्लग-एंड-प्ले सुविधाओं वाले दर्जनों औद्योगिक शहरों का निर्माण किया जा रहा है।

तेजी से बदलती दुनिया में वैश्विक आपूर्ति शृंखला की चुनौतियों को पहचानने का सभी से आग्रह करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत खंडित और आयात-आधारित आपूर्ति शृंखलाओं पर निर्भर नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि वैश्विक उतार-चढ़ाव के प्रभाव को कम करने के लिए भारत के भीतर एक मजबूत आपूर्ति और मूल्य शृंखला बनायी जानी चाहिए। यह जिम्मेदारी सरकार और उद्योग दोनों की है।

# बाबा मंदिर में शिव बारात में शामिल होने के लिए सीएम हेमंत सोरेन को आमंत्रित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शिवरात्रि महोत्सव समिति, बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के सदस्यों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुलाकात की।

उन्होंने मुख्यमंत्री को 26 फरवरी को बाबा मंदिर, देवघर में आयोजित होने वाली शिव बारात में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में शिवरात्रि महोत्सव समिति देवघर के अध्यक्ष अभिषेक आनंद, पंडा धर्मरक्षिणी सभा देवघर के पूर्व महासचिव कार्तिक नाथ ठाकुर, मंत्री अरुणानंद झा, चंद्रशेखर खवाड़े, अपूर्वानंद झा और धर्मेंद्र सिंह शामिल थे।








## एसबीयू में नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन कार्यशाला का समापन

# असफलता से न घबराते हुए सफलता के लिए डटे रहें : प्रो गोपाल पाठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**


**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय और सिनोदिक स्पेस लैब्स के संयुक्त तत्वावधान में नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन पर हो रही कार्यशाला का मंगलवार को समापन हो गया। एसबीयू परिसर में हुई दो दिवसीय इस कार्यशाला में विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के सैकड़ों विद्यार्थियों और शिक्षकों ने खगोलीय रहस्यों और घटनाओं के विषय में रोचक और नवीनतम जानकारियां प्राप्त कीं। साथ ही रात्रिकालीन खगोलीय अवलोकन के माध्यम से अंतरिक्ष और आकाशगंगा के बारे में जाना। कार्यशाला के प्रैक्टिकल सत्र के दौरान विभिन्न खगोलीय घटनाओं के प्रत्यक्ष अनुभव के लिए डॉबसोनियन, न्यूटोनियन एवं अन्य अत्याधुनिक टेलीस्कोप की सहायता ली गयी।



कार्यशाला के समापन के अवसर पर एसबीयू के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने उपस्थित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सीखने की प्रक्रिया से लगातार जुड़े रहने की सलाह दी। भारत में चंद्रयान 2 की असफलता के बाद चंद्रयान-3 की सफलता का जिक्र करते हुए उन्होंने असफलता से न घबराते हुए सफलता के लिए लगातार डटे रहने की युवाओं से अपील की। निकट भविष्य में सरला बिरला विश्वविद्यालय में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग कोर्स शुरू करने के विवि परिवार के प्रयासों पर भी उन्होंने जानकारी दी। अपने संबोधन में विवि के कुलपति प्रो सी जगनाथन ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत और भरतवंशियों की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्यों पर भी संक्षेप में प्रकाश डाला। स्पेस सेक्टर में अवसरों पर भी उन्होंने जानकारी दी और इस क्षेत्र में अग्रणी भारत के विभिन्न संस्थानों के बारे में बताया। कार्यशाला के थ्योरी सत्र में सिनोदिक स्पेस लैब्स के सीइओ प्रखर जैन ने अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी विभिन्न शब्दावलियों और इस संदर्भ में जुड़ी जानकारियां उपस्थित श्रोताओं से साझा की। इस दौरान विवि के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।









# हितजारा में 54वां मिलन महोत्सव 1 फरवरी को




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सोनाहातू प्रखंड के हितजारा गांव में लगने वाला 54वां मिलन महोत्सव 1 फरवरी, दिन- शनिवार को आयोजित किया गया है। जिसमें फुटबॉल खेल, मुर्गा लड़ाई एवं टुसू-चौड़ल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। फुटबॉल खेल में विजेता टीम को एक लाख इक्कीस हजार एवं उपविजेता को इक्कासी हजार और तीसरे व चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को पच्चीस-पच्चीस हजार रुपये दिये जायेंगे। इस फुटबॉल खेल में 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं जिसे दो ग्रुपों में बांटा गया है। ग्रुप ए में रोहन स्पोर्टिंग चांडिल, भूमि स्पोर्टिंग, आरएम ब्रदर्स लालगुटुआ रांची, आयांश एग्रीपावर ईचागढ़ एवं ग्रुप बी में ब्रांड जंगल एफसी ओरमांझी, कार्तिक ब्रदर्स रांची, एफसी दुल्मी एवं हजारीबाग एफसी शामिल हैं।







# सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची में यातायात सुरक्षा कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने युवा छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक सूचनात्मक और इंटरैक्टिव कार्यशाला की मेजबानी की। इस कार्यशाला का नेतृत्व स्थानीय यातायात विभाग एवं पुलिस विभाग के यातायात अधिकारियों ने किया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा और सुरक्षित ड्राइविंग आदतों के महत्व की जानकारी देनी थी। कार्यशाला में सड़क सुरक्षा के प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें पैदल यात्रियों की सुरक्षा, सुरक्षित साइकिल चलाना, यातायात संकेतों को समझना और लापरवाह ड्राइविंग के परिणाम शामिल हैं। छात्रों को यह भी सिखाया गया कि सड़क पार करते समय कैसे सतर्क रहें और सीट बेल्ट पहनने का महत्व क्या है। मुख्य वक्ताओं में यातायात विभाग के डीएसपी, प्रमोद केशरी, लालपुर पुलिस स्टेशन के प्रभारी इम्तियाज आलम और सड़क सुरक्षा प्रभारी जमाल असलम खान शामिल थे। इन्होंने इस बात पर चर्चा की कि छात्र सड़कों की सुरक्षा में सक्रिय रूप से कैसे योगदान दे सकते हैं। छात्रों को प्रश्न पूछने, व्यक्तिगत अनुभव साझा करने और लाइव प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। श्री जमाल ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलायी। इससे पहले, विद्यार्थियों और अध्यापकों को यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया।

प्राचार्या परमजीत कौर ने इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मानना है कि कम उम्र में सड़क सुरक्षा सिखाना जिम्मेदार आदतें पैदा करने के लिए आवश्यक है जो जीवन भर बनी रहेंगी। उन्होंने सड़क पर और बाहर छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके प्रयासों व बहुमूल्य समय देने के लिए यातायात अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. अमरेश यादव
परीक्षा नियंत्रण, टी डी एम कॉलेज,अधौरा, श्री बंशीधर नगर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
State Bank of India
शाखा श्री बंशीधर नगर,गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उमेश कश्यप
भाजपा गढ़वा नगर मंडल अध्यक्ष सह रेलवे सलाहकार सदस्य

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ संतोष कुमार
गुलाब हॉस्पिटल,एंड नर्सिंग, धुरकी मोड़,श्री बंशीधर नगर, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास कुमार सिंह
अंचल पदाधिकारी
श्री बंशीधर नगर, जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ अभिमन्यु सिंह (सोनू सिंह)
निदेशक
एमके इंटरनेशनल,पब्लिक स्कूल
रेलवे स्टेशन के पास, श्री बंशीधर नगर,गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बबलू जायसवाल
वरिष्ठ व्यवसाई
बिलासपुर,श्री बंशीधर नगर,गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय मेहता
प्रधानाध्यापक
यूपीजी +2हाई स्कूल हलिवंता
श्री बंशीधर नगर,गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ कैशर आलम
चिकित्सा,पदाधिकारी,अनुमंडल अस्पताल , श्री बंशीधर नगर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरविंद तूफानी
भाजपा नेता, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरुण प्रसाद
प्रो,सोमनाथ प्रसाद,अरुण प्रसाद वस्त्र विक्रेता,सह वरिष्ठ,समाजसेवी
श्री बंशीधर नगर, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इंदल सिंह
अध्यक्ष, क्षत्रिय महासभा,सह वरिष्ठ समाजसेवी, श्री बंशीधर नगर,गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विक्रांत कुमार देव (सोनू सिंह)
वरिष्ठ समाजसेवी,सह भाजपा मंडल अध्यक्ष शहरी, श्री बंशीधर नगर, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शांति देवी
अध्यक्ष, जिलापरिषद, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामाशीष तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी
जिलाध्यक्ष, भाजयुमो, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ई.ओबैदुल्लाह हक अंसारी
अध्यक्ष, गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भानु प्रताप शाही
पूर्व मंत्री सह सचिव मां नगीना शाही महिला इंटर कॉलेज,श्री बंशीधर नगर जिला गढ़वा
सविता कुमारी (लवली आनंद)
प्राचार्या
मां नगीना शाही महिला इंटर कॉलेज श्री बंशीधर नगर,जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
T.D.M. INTER COLLEGE
शारदा महेश प्रताप देव
सचिव टी, डी, एम,इंटर कॉलेज, सह सचिव, एस, एम एस, डी, डिग्री कॉलेज, अधौरा,श्री बंशीधर नगर,गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राज राजेंद्र प्रताप देव
पूर्व विधायक,सह सचिव,शंकर प्रताप देव इंटर कॉलेज,श्री बंशीधर नगर,गढ़वा
विद्या सिंह
प्राचार्या,शंकर प्रताप देव इंटर कॉलेज,श्री बंशीधर नगर,गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अलख नाथ पांडेय
निदेशक, आर के पब्लिक स्कूल अधौरा, श्री बंशीधर नगर, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
PRINCIPAL
रविकांत पाठक
प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर

# शिक्षा में क्रिया आधारित शिक्षण को अपनाने पर जोर

रांची (आजाद सिपाही)। 26 जनवरी को आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में श्री कृष्ण चंद्र गांधी शैक्षिक नगर, कुदलुम, रांची में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। झंडोत्तोलन भारत माता पूजन के साथ आरंभ किया गया। मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति के सह-सचिव नकुल शर्मा ने कहा कि भारत सर्वे संतु निरामया की भावना को रखते हुए शिक्षा में क्रिया आधारित शिक्षण को अपनाने पर जोर दिया। कमलेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता को अच्छुण रखने के लिए हमें सबकुछ त्याग करने में संकोच नहीं करना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. हरीश पांडेय द्वारा दिया गया। इस अवसर पर बी.एड. सत्र 2023-25 एवं 2024-26 के विद्यार्थियों द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, जिनमें भाषण, नृत्य, गीत और झांकी सम्मिलित थे। कार्यक्रम में मोहित तिवारी, वागीश दुबे, ओम प्रकाश, प्रमोद कुमार, सुरेंद्र प्रताप, मिनी कुजुर, नीकिता मेहता, विवेक कुमार सहित पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित था।




भाकृअनुप-केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753006 (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 36/GA/AFO/2024-25

भाकृअनुप-केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक, ओडिशा में "ECRICC परियोजना के तहत चावल वृद्धि प्रणाली (SRI) को लागू करने के परिणामस्वरुप GHG उत्सर्जन में कमी का अनुमान" ईएपी-443 योजना के तहत एक (01) स्नातक सहायक के चयन के लिए दिनांक 11.02.2025 को और एक (01) कृषि क्षेत्र ऑपरेटर के चयन के लिए दिनांक 12.02.2025 को वॉक-इन-इंटरव्यु आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यताएँ, आयु, वेतनमान आदि और अन्य शर्तों एवं नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी सीआरआरआई की वेबसाइट https://icar-nrri.in/walk-in-intervew (वॉक-इन इंटरव्यु) पर उपलब्ध है।

Walk-n Interview will be held for selection of one (01) Graduate Assistant on dated 11.02.2025 & One (01) Agriculture Field Operator on dated 12.02.2025 at the ICAR-Central Rice Research Institute, Cuttack, Odisha under the scheme "Estimation of GHG emission reduction as a result of implementing System of Rice Intensification (SRI) under ECRICC Project in Odisha", EAP-443. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and condition are available in CRRI website-https://icar-nrri.in/walk-in-intervew (Walk-in-Interview).

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जलेश्वर महतो
जिला परिषद सदस्य
मध्य गोला
जिला रामगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
डॉ दिनेश सिंह
प्रभारी चिकित्सा प्रभारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
भवनाथपुर, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
लल्लू राम
गढ़वा जिला उपाध्यक्ष, झामुमो
भवनाथपुर, जिला- गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
बेबी देवी
सदर पंचायत मुखिया
भवनाथपुर (गढ़वा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
आनंद राज
(बीपीओ) मनरेगा
प्रखंड भवनाथपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
पिंटू टोप्पो
(उप प्रमुख )
प्रखंड भवनाथपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
परमेंद्र विश्वकर्मा
(कनीय अभियंता) मनरेगा
प्रखंड भवनाथपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
शंभू राम
(अंचलाधिकारी)
भवनाथपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
राकेश कुमार
(प्रखंड समन्वयक)
पंचायती राज 15 वीं वित्त
प्रखंड भवनाथपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
राजकुमार विश्वकर्मा
(प्रज्ञा केंद्र सह आधार सेवा केंद्र)
पंचायत सचिवालय मकरी
मो. 9608719938

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
नंदलाल पाठक
( मुखिया )
पंचायत सिंदुरिया
भवनाथपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
डॉ. धर्मेंद्र कुमार मेहता
(संचालक)
शिवशरण सेवा संस्थान
मेन रोड भवनाथपुर खरौंधी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
जयप्रकाश यादव
संचालक
ग्राहक सेवा केंद्र एसबीआई
भवनाथपुर कर्पूरी चौक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
संजय कुमार यादव
संचालक - सक्सेस साइंस कोचिंग सेंटर
भवनाथपुर ब्लॉक के समीप
निवेदक - आजाद अंसारी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
विवेक कुमार सिंह
प्रो. हेमांग एचपी गैस वितरक एजेंसी
भवनाथपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ओम शांति पब्लिक स्कूल
भवनाथपुर ढ़ेकुलिया
निदेशक - उमेश जायसवाल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सद्भावना मेडिकल्स
डॉ. सुनील कुमार
निवेदक - गुप्तेश्वर प्रसाद, जितेंद्र कुमार
भवनाथपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल कुमार
प्रो. बंशीधर टीवीएस एजेंसी, भवनाथपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
नुशरत जहां (मुखिया)
पंचायत अरसली उत्तरी
निवेदक - पिंटू अंसारी
प्रखंड भवनाथपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कविता कुमारी
वार्डन
कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय
भवनाथपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
जयप्रकाश यादव
संचालक
ग्राहक सेवा केंद्र एसबीआई
भवनाथपुर कर्पूरी चौक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
संजय कुमार यादव
संचालक - सक्सेस साइंस कोचिंग सेंटर
भवनाथपुर ब्लॉक के समीप
निवेदक - आजाद अंसारी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
विवेक कुमार सिंह
प्रो. हेमांग एचपी गैस वितरक एजेंसी
भवनाथपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
गया चंद्रवंशी
प्रो. शिवम् इंटरप्राइजेज
भवनाथपुर खरौंधी मोड़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
नंदजी राम
प्रखंड विकास पदाधिकारी
प्रखंड भवनाथपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
बीना चौरसिया
अध्यक्ष
(आंगनबाड़ी सेविका संघ)
प्रखंड भवनाथपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुज कुमार यादव (बबलू)
झामुमो नेता
(किसी कार्य हेतु भाड़े पर जेसीबी मशीन
के लिए संपर्क करें।
भवनाथपुर मकरी । मो. 9771184742

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
दयानंद प्रजापति
(ग्राम रोजगार सेवक )
पंचायत कैलान, प्रखंड भवनाथपुर
जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
डॉ. रविशंकर दास
(जयगुरु मेडिकल )
भवनाथपुर ढ़ेकुलिया रोड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
अनुज कुमार ( बीटीटी)
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
भवनाथपुर, जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
MANAS GANGOTRI NURSING COLLEGE
Approved by JNRC Government of Jharkhand
ADMISSION OPEN
100% Job Guarantee
• GNM
• ANM
Nursing
BHAWANATHPUR, GARHWA-822114
7411502425
8863096057, 9973959066
https://manasgangotrinursing.com
manasgangotrinursing@gmail.com
निवेदक - डॉ. अशोक कुमार सिंह भवनाथपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
लाईची देवी (मुखिया)
पंचायत बनसानी
प्रखंड भवनाथपुर
निवेदक - राजेश्वर पासवान

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अस्पताल प्रबंधन
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
सुकनी देवी (मुखिया)
ग्राम पंचायत कैलान
प्रखंड भवनाथपुर
निवेदक - रामप्रताप यादव

# बेटियों के प्रदर्शन ने देश में झारखंड का मान बढ़ाया : हेमंत सोरेन



**कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की बैंड टीम को नेशनल स्कूल बैंड प्रतियोगिता में देश में प्रथम स्थान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को नयी दिल्ली में 24-25 जनवरी को आयोजित नेशनल स्कूल बैंड प्रतियोगिता-2025 में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की बैंड टीम में शामिल छात्राओं ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय स्तर के इस बैंड प्रतियोगिता के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने बैंड टीम को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि एक सरकारी विद्यालय की छात्राओं ने बैंड कॉम्पटीशन के जरिए अपनी प्रतिभा को पूरे देश के समक्ष पेश कर झारखंड का नाम रोशन किया है। उन्होंने बैंड टीम के सभी सदस्यों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

**बच्चे-बच्चियों की प्रतिभा निखारने के लिए सरकार प्रतिबद्ध :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। वे अलग-अलग क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखार कर सामने ला सकें। यहां के बच्चे-बच्चियों को बेहतर प्लेटफॉर्म देने के लिए भी सरकार योजना पर तरीके से कार्य कर रही है। बच्चों के एक्सपोजर के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं।

**नयी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बैंड डिस्प्ले का किया प्रदर्शन :** गौरतलब है कि नेशनल स्कूल बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाली इस टीम के द्वारा नयी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी बैंड डिस्प्ले किया गया। झारखंड के लिए पहला मौका था, जब नयी दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में यहां की कोई बैंड टीम शामिल हुई हो। इस अवसर पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेइपीसी) के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर शशि रंजन, स्टेट नोडल अफसर धीरसेन सोरेंग, फिजिकल एजुकेशन शिक्षक निशा पन्ना, प्रशिक्षक प्रेम राणा, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ के जरनैल सिंह और अमरवीर सिंह मौजूद थे।

# फुटपाथ दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के नाम पर उजाड़ रहा नगर निगम : संजय सेठ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने रांची नगर निगम प्रशासन पर फुटपाथ दुकानदारों को परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि क्या रांची में फुटपाथ दुकानदारों को जीने का अधिकार नहीं है। वे अपने बच्चों का कैसे पालन पोषण करेंगे? अतिक्रमण हटे परंतु ऐसे छोटे दुकानदार जिनकी जीविका फुटपाथ पर दुकान चला कर चल रही हो, बिना व्यवस्थित किये इनको हटाना गलत है। उनके सामने परिवार चलाने का संकट उत्पन्न हो गया है। आखिर यह कहां जायेंगे। रांची नगर निगम एवं रांची प्रशासन को इस पर विचार करना चाहिए। संजय सेठ ने मंगलवार को कहा कि नगर निगम सभी क्षेत्रों का सर्वे करके एक सुनिश्चित जगह तय कर इन फुटपाथ दुकानदारों को जगह उपलब्ध कराये ताकि यह अपना जीवन यापन कर सकें। इन्हें व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी नगर निगम और रांची प्रशासन की है। 2016 में नगर निगम के द्वारा सर्वे कराया गया था जिसमें रांची के विभिन्न जगहों पर 5901 वेंडर लाइसेंस निर्गत किये गये थे। सर्वे के मुताबिक जहां पर वेंडर अपनी दुकान लगाकर व्यापार कर रहे हैं, वहां से हटाने पर उन्हें दूसरी जगह स्थान मुहैया कराया जायेगा लेकिन प्रशासन अतिक्रमण के नाम पर दुकान उजाड़ रही है। यही नहीं बिना नोटिस के दुकानदारों की दुकान उजाड़ दी जा रही हैं जो बिल्कुल ही गलत है। उन्होंने अनुरोध करते हुए कहा कि प्रशासन और नगर निगम अतिक्रमण के नाम पर दुकानों को क्षतिग्रस्त ना करे।

# जैक अध्यक्ष का पद रिक्त होने से लाखों छात्रों का भविष्य अधर में : बाबूलाल

**कहा-मुख्यमंत्री से आग्रह है कि वे छात्रहित में इन रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करें**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि जैक अध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। करीब 21 लाख छात्र, जिनकी मैट्रिक-इंटर और अन्य बोर्ड परीक्षाएं तय समय पर होनी चाहिए थीं, वो जैक अध्यक्ष का पद रिक्त होने की वजह से बाधित हो सकती है। यदि समय पर परीक्षाएं नहीं हुईं, तो छात्रों को अगले शिक्षण सत्र में नामांकन लेने में भी काफी परेशानी होगी।

**जेपीएससी की कई परीक्षाएं भी लंबित :** इसी तरह जेपीएससी अध्यक्ष का पद भी पिछले वर्ष अगस्त से रिक्त है, जिससे कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं लंबित हैं। हजारों अभ्यर्थी मानसिक और आर्थिक दबाव में हैं। वर्षों की मेहनत और तैयारी के बावजूद ये अभ्यर्थी अपने भविष्य को लेकर असमंजस में हैं।

**छात्रहित और रोजगार सृजन होनी चाहिए पहली प्राथमिकता :** छात्रहित और रोजगार सृजन किसी भी सरकार की सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। लेकिन यह झारखंड का दुर्भाग्य है कि राज्य के छात्रों को ऐसी अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री से आग्रह है कि वे छात्रहित में इन रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करें।

# झारखंड सरकार ने कुंभ स्नान के लिए विशेष प्रबंध नहीं किया, यह दुर्भाग्यपूर्ण : प्रतुल

**सरकार अविलंब प्रयागराज में नोडल अधिकारी और कर्मचारियों की नियुक्ति करे**

**झारखंड से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ख्याल रखा जाये**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक सम्मेलन प्रयागराज के कुंभ में हो रहा है। लगभग 40 करोड़ सनातनी देश-विदेश से कुंभ में डुबकी लगाने के लिए आयेंगे। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से झारखंड सरकार ने इस अवसर पर झारखंड में रहने वाले सनातनियों के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं की है।

**नोडल अफसरों की प्रयागराज में हो नियुक्ति :** कई राज्यों की सरकारों ने कुंभ स्नान के अवसर पर अपने-अपने राज्यों से नोडल अधिकारियों को प्रयागराज में नियुक्त किया है। अलग-अलग राज्यों के कर्मचारियों और अधिकारियों की बड़ी फौज भी लगातार कैंप करके उन राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रख रही है। कई राज्यों ने स्पेशल बस को रवाना किया है। लेकिन झारखंड सरकार इस मामले में बिल्कुल ही असंवेदनशील रही।

**कुंभ स्नान के प्रति राज्य सरकार पूरे तरह से उदासीन :** दूसरे धर्म के श्रद्धालु जब धार्मिक यात्रा पर निकलते हैं तो सीएम सहित तमाम बड़े मंत्री, अधिकारी उनको रवाना करने के लिए जाते हैं। लेकिन कुंभ स्नान के प्रति राज्य सरकार पूरे तरीके से उदासीन बनी रही है।

प्रतुल ने मांग की है कि अभी भी कुंभ में 26 दिन का समय बचा हुआ है। प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जिस तरीके से कुंभ मेला और सनातन विरोधी बयान दिया, वह इंडी गठबंधन की सनातन विरोधी सोच को दिखाता है।



# हेमंत सरकार जनजातीय बच्चों की शिक्षा पर गंभीरता से कार्य कर रही : चमरा लिंडा

**एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया 5 फरवरी से शुरू**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। यह प्रक्रिया 5 फरवरी से शुरू होगी और 28 फरवरी तक चलेगी। इस प्रक्रिया के तहत, राज्य के 59 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में वर्ग 6 से 8 तक के छात्रों का नामांकन किया जायेगा। नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 9 मार्च 2025 को आयोजित की जायेगी। मंगलवार को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स पहुंचकर आदिवासी कल्याण राज्य अंतर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में नामांकन और विद्यार्थियों के अध्ययन से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय बच्चे-बच्चियों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाना सरकार का लक्ष्य है। चमरा लिंडा ने कहा कि पूर्व में राज्य के भीतर मात्र 7 एकलव्य मॉडल विद्यालय ही संचालित थे, जिसमें पूरे राज्य के अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का नामांकन किया जाता था, ऐसी व्यवस्था से हजारों की संख्या में जनजातीय वर्ग के बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते थे। मंत्री श्री चमरा लिंडा ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी एकलव्य मॉडल एवं आश्रम विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तर्ज पर संचालित किया जाना सुनिश्चित करें।

वहीं शिक्षा कैलेंडर जारी किया गया, इसमें 1, 8 और 15 फरवरी 2025 - विज्ञापन प्रकाशन।

5 से 28 फरवरी 2025 - इएमआरएस नामांकन फॉर्म भरा जायेगा। 9 मार्च 2025 - प्रवेश परीक्षा। 28 से 25 मार्च 2025 - परीक्षा फल प्रकाशन। एक से 10 अप्रैल 2025 - काउंसलिंग।

10 से 20 अप्रैल 2025 - अप्रैल नामांकन प्रक्रिया पूर्ण। 25 अप्रैल 2025 - सभी विद्यार्थियों का स्कूल में प्रवेश। 1 अप्रैल 2025 - कक्षा (सत्र) प्रारंभ।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

रांची (आजाद सिपाही)। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड मंत्री परिषद की बैठक 29 जनवरी बुधवार को होगी। मंत्रिपरिषद की बैठक अपराह्न चार बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। इसमें जनहित के कई प्रस्तावों पर मंत्रिपरिषद मुहर लगायेगी। झारखंड के मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

## सीएमपीडीआइ की सीएसआर पहल: रांची में 20 वाटर कूलर लगाये गये



रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ ने सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत झारखंड के रांची जिले में वाटर कूलरों की स्थापना की है। यह परियोजना स्थानीय समुदायों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गयी है। इस परियोजना के तहत, सीएमपीडीआइ ने रांची जिले के कांके और बुढ़मू ब्लाक के चार पंचायतों में यथासंभव प्रयास संपूर्ण विकास (वाइपीएसवी) संस्था के सहयोग से 20 वाटर कूलर स्थापित किये हैं। यह वाटर कूलर आरओ सिस्टम से लैस हैं, जो पानी को शुद्ध करने में मदद करते हैं। सीएमपीडीआइ के अधिकारियों ने कहा कि यह परियोजना स्थानीय समुदायों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि सीएमपीडीआइ अपने सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय समुदायों के विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। बोरिया स्थित बिरसा मध्य विद्यालय में वाटर कूलर सिस्टम का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर सीएमपीडीआइ के क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के महाप्रबंधक (माइनिंग) सैकत चटर्जी, उप प्रबंधक (कम्युनिटी डेवलपमेंट/सीएसआर) शैलेश चंद्र, बोरिया के मुखिया सोमा उरांव, यथासंभव प्रयास संपूर्ण विकास (वाइपीएसवी) संस्था के सचिव इंद्रजीत सहित स्थानीय निवासी एवं सामुदायिक हितधारक उपस्थित थे।

## असित कुमार के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के असित कुमार के निधन पर उनके मित्रों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। यह सभा रांची के चेशायर होम में आयोजित की गयी थी, जहां उनके परिजनों और मित्रों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। बता दें कि असित कुमार का स्वर्गवास अमेरिका के रेनो में हृदयाघात से पिछले दिनों 21 जनवरी को हो गया था। झारखंड कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि असित कुमार एक ऐसे दोस्त थे जो हजारों मील दूर रहकर भी हमेशा संपर्क में रहते थे। उन्होंने कहा कि असित कुमार की मृत्यु की खबर सुनकर उन्हें विश्वास नहीं हुआ, लेकिन यह सत्य है कि वह अब हमारे बीच में नहीं हैं। श्रद्धांजलि सभा में असित कुमार के परिजनों और मित्रों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये और मौन धारण कर उनके विचारों को याद किया। इसके अलावा, उनके मित्रों ने श्रीमद् भागवत गीता का पाठ भी कराया ताकि उनकी आत्मा को शांति मिल सके। इस अवसर पर, चेशायर होम में रह रहे 60 से 70 निशक्त और दिव्यांग जनों को भोजन भी कराया गया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में असित के परिजनों में उनकी मां लीलावती अखौरी, चाचा अमरेश कुमार, भाई निशित कुमार, अमित कुमार के अलावा, ईस्ट मित्रों में कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, संजय पांडेय, उदय प्रताप, दीपक बाबू, लाल विभय नाथ शाहदेव, अनूप अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, सुजीत प्रशांत विद्यार्थी, संजीव कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग, रांची में 30वीं वार्षिक खेल महोत्सव प्रतिस्पर्धा 2025 का आयोजन किया गया। इस खेल महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि योगेंद्र प्रसाद, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और निषेध विभाग मंत्री शामिल हुए। इस अवसर पर ब्रजेश कुमार, डीजीएम फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, विद्यालय निदेशक संजय कुमार, चेयरपर्सन रेखा देवी, प्रधानाचार्या अंशु तिवारी, विद्यालय सचिव विकास गौरव, शिक्षक, अभिभावक उपस्थित थे। इस खेल महोत्सव में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें मार्च पास्ट, ड्रिल, खो-खो, वॉलीबॉल, कबड्डी, टग ऑफ वार, शतरंज प्रतियोगिता, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, 1600 मीटर वाकिंग रेस, 800 मीटर रेस, रिले 4100, बाधा दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, ट्रिपल लेग जंप, शाटपुट थ्रो, डिस्कस थ्रो, ड्यूज बॉल थ्रो आदि शामिल थे। इसके अलावा, कल्चरल प्रोग्राम में कक्षा 1 से 4 तक के बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा केजी, प्राइमरी के छात्र-छात्राओं के द्वारा मन मोहित करने वाला नृत्य पेश किया गया। कक्षा 6 से 11वीं तक के विद्यार्थियों के द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन पर आधारित लघु नाटक का मंचन किया गया। इस खेल महोत्सव का समापन पुरस्कार वितरण के साथ किया गया, जिसमें सभी विजेता छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया।

## लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने सदर अस्पताल में किया कंबल वितरण



रांची (आजाद सिपाही)। रांची में ठंड को देखते हुए लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने मंगलवार को सदर अस्पताल में कंबल का वितरण किया। क्लब के अध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड के प्रकोप से जूझ रहे जरूतमंदों लोगों को राहत प्रदान करना था। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान क्लब के अध्यक्ष अमित शर्मा, पूर्व अध्यक्ष शैलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल कंबल प्रोजेक्ट चेयरपर्सन मोनिका गोयंका की ओर से पांच सौ कंबल वितरित किये गये। अस्पताल प्रबंधन ने कार्यक्रम की सराहना की। पूर्व अध्यक्ष शैलेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि हमारे क्लब के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और कंबल वितरण में मदद की।

## एपीके एप्लीकेशन से संबंधित साइबर अपराध रोकने के लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने की समीक्षा



रांची (आजाद सिपाही)। एपीके एप्लीकेशन से संबंधित साइबर अपराध रोकने के लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता समीक्षा बैठक की। मंगलवार को डीजीपी ने झारखंड पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस ऐप से बचने और सुरक्षित रहने के लिए समीक्षा बैठक किये। इस बैठक में जिले के एसपी शामिल हुए। बैठक में अनजाने और धोखाधड़ी वाले एपीके ऐप से संबंधित विभिन्न सुरक्षा नीतियों की व्यापक रूप से समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान एसपी जामताड़ा द्वारा साइबर अपराध की रोकथाम से संबंधित पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी गयी। साथ ही साथ बताया गया कि साइबर अपराधी असली ऐप्स की तरह दिखने वाली नकली एपीके फाइल्स में मैलवेयर और वायरस छिपाकर यूजर्स के डिवाइस में इंस्टॉल करवाते हैं। जिससे लोगों का निजी डाटा चोरी कर बैंकिंग जानकारी प्राप्त कर डिवाइस को रिमोट कंट्रोल में ले लेते हैं। जिससे साइबर अपराधी अपराध करने में सफल हो जाते हैं। डीजीपी ने दिशा निर्देश जारी किया है इसमें केवल आधिकारिक ऐप स्टोर से ऐप्स डाउनलोड करें। अपने फोन में विश्वसनीय एंटी वायरस ऐप इंस्टॉल करें। अनजान स्त्रोतों से कोई भी ऐप डाउनलोड न करें। सिस्टम को हमेशा अपडेट रखना सुनिश्चित करें। सार्वजनिक स्थलों पर ब्लूटूथ और वाई-फाई प्रयोग करने पर विशेष ध्यान दें। संदिग्ध कॉल्स, विज्ञापनों, लिंक, गतिविधि, मुफ्त ऑफर को नजरअंदाज करें। सिस्टम में ऑटोमेटिक डाउनलोड मोड को बंद रखना सुनिश्चित करें। साइबर अपराध की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान में निश्चित रूप से भाग लें।

































# थर्ड, फोर्थ ग्रेड के कर्मचारियों ने मनमानी का आरोप लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मंगलवार को बीआइटी मेसरा में थर्ड, फोर्थ ग्रेड के कर्मचारियों ने मनमानी का आरोप लगाया। पे स्लीप, इफपीइफ, इएसआइ, राज्य सरकार का रोजगार दर पर पेमेंट, सप्ताह में एक दिन छुट्टी की मांग, काम के दौरान सेफ्टी उपक्रम आदि मांगों के लेकर बीआइटी मेसरा के आउटसोर्सिंग कंपनी एसएमसी और वहां के थर्ड, फोर्थ ग्रेड के कर्मचारियों के बीच झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के पदाधिकारियों और बीआइटी थाना के पदाधिकारी के साथ बैठकर मांगों को पूरा करने के एक लिखित सहमति बनी।

इस बैठक में मुख्य रूप से रांची जिलाध्यक्ष संजय कुमार महतो, केंद्रीय महामंत्री मोहन लाल महतो, जीतेंद्र महतो, विराट महतो, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजू महतो, कांके प्रत्याशी फुलेश्वर बैठा, खिजरी प्रत्याशी समुंदर पहान, कुलदीप मंडल, सुधांशु महतो, योगेश कुमार, श्रवण महतो, मंटु महतो, संदीप कुमार, महेंद्र महतो और अन्य लोग मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रतिमा देवी
पति - दीपक कुमार
समाजसेवी
उपमुखिया
पंचायत कटरा, रंका, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रिमा देवी
पति -हेमंत पासवान
अध्यक्ष, पुलिस एसोसिएशन)
मुखिया
सोनदाग, प्रखंड रंका

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष कुमार गुप्ता
अध्यक्ष, झामुमो
रंका प्रखंड, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फौजदार साहू
पंचायत सचिव
बाहाहारा पंचायत
रंका प्रखंड गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नितेश सिंह
बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष
गढ़वा (झारखंड)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय कुमार भुईयां
पूर्व मुखिया प्रतिनिधि कंचनपुर
पंचायत सह सचिव अखिल भारतीय
भुईयां समाज, प्रखंड रंका, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज तिवारी
प्रखंड कल्याण पदाधिकारी
प्रखंड रंका, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभम बेला तोपनों
प्रखंड विकास पदाधिकारी
रंका, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सिकेन्द्र करकेट्टा
रोजगार सेवक
चुटिया, रंका, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमिला देवी
(पति - रतन सिंह, झामुमो नेता)
जिला परिषद सदस्य (दक्षिणी)
रंका, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमजद आलम
रोजगार सेवक
सोनदाग पंचायत
रंका, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष कुमार गुप्ता
गोदाम सहायक
(झारखंड राज्य फूड
कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया)
रंका, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय राम
मुखिया प्रत्याशी
कंचनपुर पंचायत
रंका, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिमेष शांतिकारी
थाना प्रभारी
रंका थाना, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अंतोनिष बेक
रोजगार सेवक
तमगेकला पंचायत
रंका, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक सिंह उर्फ छोटू सिंह
मुखिया प्रतिनिधि
विश्रामपुर पंचायत
रंका, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. असजद अंसारी
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (रेफरल)
प्रखंड रंका, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रघुराई राम
अध्यक्ष
अनुसूचित जाति एवं
अनुसूचित जनजाति कर्मचारी
संघ, जिला-गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
यशवंत नायक
अंचलाधिकारी
मेराल (गढ़वा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामाकांत गुप्ता
अध्यक्ष
भाजयुमो प्रखंड - मेराल
गढ़वा

मेराल प्रखंड कार्यालय परिवार की ओर से प्रखंड
वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मेराल प्रखंड कार्यालय परिवार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एमजी कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा. लिमिटेड
कैंप कार्यालय मेराल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय राम
मुखिया
संगवरिया, मेराल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विष्णु कांत
थाना प्रभारी
मेराल, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीप माला कुमारी
प्रमुख
मेराल प्रखंड ( गढ़वा )

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ लालमोहन
मेराल प्रखंड विधायक
प्रतिनिधि

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नुरुलहोदा अंसारी
उपाध्यक्ष
20 सूत्री कार्यक्रम, प्रखंड
मेराल, गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शंभू राम
मुखिया पति - ग्राम पंचायत
चामा, मेराल
झामुमो केंद्रीय सदस्य -
गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फूलमती देवी
मुखिया
ग्राम पंचायत हासनदाग
( मेराल )

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिलजान अंसारी
मुखिया पति
ग्राम पंचायत लोवादाग
(मेराल)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मराज भारती
सेवानिवृत शिक्षक
मुखिया पति - ग्राम पंचायत
खोरीडीह, मेराल (गढ़वा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल चौधरी
मुखिया
ग्राम पंचायत गेरुआ, मेराल
(गढ़वा)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महेंद्र प्रसाद
समाजसेवी
प्रखंड मुख्यालय, मेराल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामसागर महतो
मुखिया
ग्राम पंचायत - मेराल पूर्वी
अध्यक्ष - मुखिया संघ, प्रखंड
मेराल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गोरखनाथ साव
प्रदेश अध्यक्ष
मानवाधिकार संगठन - झारखंड
निवासी - संगवरिया, मेराल
(गढ़वा)


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ लाल बहादुर साह
डायरेक्टर
अजंता हॉस्पिटल संगवरिया
मेराल

# रातू में इंडस इंड फाइनेंस बैंक से ढाई लाख की लूट

## एक पल्सर बाइक, 5 मोबाइल, लैपटॉप और दो टैब भी ले गये अपराधी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातु।** थाना क्षेत्र के काठीटांड आनंदमयी नगर स्थित इंडस इंड भारत फाइनेंस बैंक में धावा बोलकर तीन अपराधियो ने बैंककर्मियों को वक रूम में बंद कर लगभग ढाई लाख रुपये की लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। जाते-जाते अपराधियो ने बैंककर्मियो के बाइक की चाभी, एक लैपटॉप, दो टैब, पांच मोबाईल और एक ब्लू रंग की पल्सर बाईक जेएच11एसी- 6851 को लेकर फरार हो गये। अपराधी लगभग आधे घंटे तक बैंक में रहे, इस दौरान अपराधियो ने हथियार के बल पर सभी बैंककर्मियों को कब्जे में कर अलमीरा में रखें ढाई लाख निकाल लिये और सभी लोगो को एक कमरे में बंद कर फरार हो गये।


लूटपाट के बाद बिखरा समान

घटना स्थल पहुंची तब तक अपराधी फरार हो चुके थे। परन्तु घटना की सारी वारदात बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गयी। घटना मंगलवार की शाम 6 बजे की है। जानकारी के मुताबिक शाम को ब्रांच मैनेजर दीपक कुमार, क्रेडिड मैनेजर विशाल कुमार, असिस्टेंट मैनेजर शुशांत कुमार और बैंक के स्टाफ नैना कुमारी बैंक बंद करने की तैयारी कर रहे थे। तभी तीन लोग बैंक पहुंचे और बोले कि हम ठाकुगांव से आये है और हमे पैसे निकालना है। इतना कहकर दो अपराधियो ने पिस्टल निकालकर उन्हें धमकी दी। और चारो बैंक कर्मियों के मोबाईल छिन्न कर सभी को एक रूम में बंद कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। बंद रूम से एक बैंक कर्मी में छिपाकर रखे फोन से लूट की सूचना दी। पुलिस ने कमरे में बंद बैंककर्मियों को बाहर निकला। पुलिस अपराधियो की धर पकड़ के लिए छापेमारी कर रही है।

# पिपरवार में हुई लोकल संवेदक संघ की बैठक, कई समस्याओं पर हुई चर्चा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बीओसी हनुमान मंदिर के प्रागंण में मंगलवार को लोकल संवेदक संघ की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार राम और संचालन अर्जुन महतो ने किया। बैठक में स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा सीएसआर योजना के तहत निकाले गये कार्यो पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक के दौरान आपसी तालमेल तथा एक दूसरे के सहयोग करने और एक दूसरे के कार्यो में टेंडर नहीं डालने का निर्णय लिया गया। वही संघ ने भरोसा दिया कि सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। बैठक में संवेदकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गयी और सभी को एक मंच पर रहकर एकता का परिचय देने का आह्वान किया गया। बैठक में राजेश महतो, सलीम जावेद, मोहम्मद अब्बास,बसंत गुप्ता, महेंद्र महतो, बिजली महतो, अरुन उरांव, अरशद अंसारी, शकील अंसारी, विक्रम गंझू, गणेश भुईयां, सुरेश महतो, प्रकाश महतो, नागो महतो, बिजय महतो, पिंटू साव, मोहम्मद नाजीर, रामचरन महतो, उमेश यादव प्रदीप महतो, बिनोद राम,कामेश्वर गंझू सहित कई लोग मौजूद थे।

# पद्मश्री महावीर नायक का किया गया स्वागत



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के ठेठ नागपुरी गायक और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित महावीर नायक को बधाई दी गयी। आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य सह घासी नायक समाज युवा कल्याण समिति झारखंड प्रदेश के मुख्य संरक्षक राजू नायक के नेतृत्व में मंगलवार को उन्हें अंगवस्त्र और बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर राजू नायक ने कहा कि झारखंड वासियों के लिए यह गर्व की बात है। महावीर नायक से पहले लोक कला के क्षेत्र में झारखंड के मुकुंद नायक एवं मधु मंसूरी हंसमुख को भी पद्मश्री सम्मान मिल चुका है। स्वागत करने वालों मे मुनचुन सिंह, विजय कुमार, किशोर नायक, पिंटू नायक आदि शामिल थे।

भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
सं. 2023/Track-III/MC/5 नई दिल्ली, दिनांक : 28.01.2025
शुद्धिपत्र -XV
विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 11.03.2025 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303।
उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 31.01.2025 को स्थगित कर 11.03.2025 कर दिया गया है। निविदा के अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।
(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष न. 011–47845531
ई मेलः vijay.singh.2017@gov.in
301/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# स्वतंत्रता सेनानी के आवास पर झंडोत्तोलन कर दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड अंतर्गत रामपुर बाजार गड़के स्थित स्वतंत्रता सेनानी शहीद बानेश्वर राय के आवास पर हर वर्ष की तरह गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडातोलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने ध्वजारोहण किया। इससे पूर्व उपस्थित लोगों ने शहीद बानेश्वर राय की फोटो पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, स्वतंत्रता सेनानी पौत्र सह मंडल कोषाध्यक्ष समीर राय, भाजपा नेता शंकर सिंह मुंडा, दिलीप साहू, ज्योति राय, रंजन राय के साथ अन्य मौजूद थे।

# एसओए छात्रों ने प्रधानमंत्री का किया स्वागत




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव-2025 का उद्घाटन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया और स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (एसओए) के छात्रों ने इसका स्वागत किया। यह कार्यक्रम जनता मैदान में आयोजित किया गया था और प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए छात्र हवाई अड्डे से जनता मैदान तक एकत्रित हुए थे। प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए छात्रों ने मीडिया को बताया कि यदि ओड़िशा में औद्योगिक क्षेत्र में सुधार होगा तो रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे। छात्रों ने कहा कि इस सम्मेलन से हमें ओड़िशा में नवाचार और प्रौद्योगिकी के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिलेगा और नये स्टार्टअप भी आगे आयेंगे। कांक्लेव में एसओए और एसएएम लाइफ साइंसेज के स्टॉल भी लगाये गये हैं।

# बचरा में हुई ट्रक और लोडर और लिफ्टर एसोसिएशन की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पंचवटी सभागार मे ट्रक ऑनर एसोसिएशन,लोडर ऑनर एसोसिएशन व लिफ्टर ऑनर एसोसिएशन की संयुक्त बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता महेश प्रसाद व संचालन महेन्द्र भोगता ने किया। बैठक मे पिपरवार क्षेत्र के लोकल सेल मे कोयला का आवांटन बढ़ाने एंव कोयले की गुणवत्ता मे सुधार कराने सहित अन्य कई बातों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लोकल सेल में प्रबंधन द्वारा कोयला का आवंटन कम दिए जाने के कारण क्षेत्र के ट्रक ओनर, लोडर ओनर और लिफ्टर ओनरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोयले के काम से जुड़े सभी लोगों को परेशानी हो रही है। साथ ही कोयले की गुणवत्ता में खराबी होने के कारण काफी शिकायतें हो रही है और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक मे सर्वसम्मति से इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय प्रबंधन से मिलकर समस्या से अवगत कराने का निर्णय लिया गया,साथ ही मांगे पुरी नही होने पर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक मे सभी को एकजुट होने की अपील की गई।बैठक मे अर्जुन गंझु, इकबाल हुसैन,मो.ताज, सुखी गंझु,बिजय महतो, सकील अंसारी,रंथु गंझु, लियाकत अंसारी,रामबालक गंझु,जमीर अंसारी,रचित गंझु सहित कई लोग मौजुद थे।34

# वीरगांव में लगा भव्य टुसू मेला, राजा पीटर और रोशन महतो हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** टुसु मेला बीरगांव में लोगो की भारी भीड़ उमड़ी। टीमों ने अपनी नृत्य के साथ कला का प्रदर्शन किया। और एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता और तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता और मुर्गा लड़ाई का भी आयोजन किया गया। सभी चौड़ल टीमो को अतिथियों के द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। फुटबाल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जोजोडीह और द्वितीय पुरस्कार जिलींगसेरेंग की टीम को दिया गया। मेले में मुख्य अतिथि पुर्व मंत्री राजा पीटर और विशिष्ट अतिथि के तौर पर बिरसा विकास समिति के विधानसभा प्रभारी रोशन महतो उपस्थित थे। अतिथियों ने लोगों को टुसु परब की शुभकामनाएं दीं। इससे पहले मेला का उद्घाटन समाजसेवी नीतीश पांडेय और पूर्व मुखिया ने मैदान पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मेले को वीरगांव उपमुखिया जोगन महतो गणेश



सिंह मुंडा गोबरा दास सुभाष महतो बैद्यनाथ मुंड़ा जगतपाल स्वांसी धनंजय गोंझु दुर्योधन कुम्हार और समाजसेवी संतोष यादव ने भी संबोधित किया मेला में बने मंच का संचालन नीतीश पांडे और मनोज महतो ने किया, वही धन्यवाद ज्ञापन प्रेम महतो ने दिया। मेले को सफल बनाने के लिए युवाओ के द्वारा एक पखवाडे से मेहनत किया जा रहा था। मेला को सफल बनाने में मेला कमिटी के अनुज महतो, प्रेम महतो, अशोक स्वांसी, धनंजय दास, प्रकाश महतो, गुरुआ महतो, रामा दास राम मुंडा, दुर्जो कुम्हार, विक्रम स्वांसी, गोबरा दास, गुरूचरण मुंडा सहीत सभी वीरगाव के जनप्रतिनिधि और आस पास के ग्रामीणो का सहयोग रहा।

# छात्रों को मिलेगा मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना का लाभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड कॉलेज मोड़ स्थित विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल की कक्षा नौंवी की छात्रा अनामिका कुमारी ने मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा में पास कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस खुशी में मंगलवार को विद्यालय की छात्रा को विद्यालय के निदेशक ओम प्रकाश महतो और स्कूल के शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए निदेशक ओम प्रकाश महतो ने कहा कि उन्हें भी ऐसी उपलब्धि हासिल करने के लिए कड़ी पढ़ाई के इमानदारी के साथ साथ मेहनत करने की जरूरत है तभी इस तरह कामयाबी मिलती हैं। उन्होंने अनामिका को उज्वल भविष्य के लिए बधाई और शुभकामनाएं दिया। मौके पर स्कूल की शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# अफीम की अवैध खेती के खिलाफ एक माह तक विशेष अभियान चलायें अधिकारी: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही संबंधित विभाग को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे अफीम की अवैध खेती के खिलाफ एक महीने तक लगतार अभियान चलायें। उपायुक्त मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में नार्को को ऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उपायुक्त ने मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की बैठक में पुलिस विभाग एवं एनकॉर्ड से संबंधित अधिकारियों द्वारा अफीम की खेती के मामले में की गई एफआइआर एवं अन्य कार्रवाई की जानकारी ली गयी। प्रस्तुत प्रतिवेदनों के सभी बिंदुओं की उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गयी और सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने कहा कि 30 जनवरी



से अगले एक माह तक जिले में विशेष अभियान चलाते हुए अफीम विनष्टीकरण को सुनिश्चित किया जाये। ट्रैक्टर, ग्रास कटर एवं अन्य माध्यमों से अफीम के फसलों को नष्ट करने और एफआइआर समेत अन्य कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में थाना प्रभारी व अंचल अधिकारी को आपसी समन्वय के साथ अपने संबंधित क्षेत्र में हो रही अवैध अफीम की खेती एवं मादक द्रव्य पदार्थों को चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिले की सीमाओं एवं विद्यालयों के आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी को लेकर निर्देशित किया गया। अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान चलाने के क्रम में वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी अंचल अधिकारी को लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उपायुक्त ने छापेमारी एवं अन्य कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि 30 जनवरी से अगले एक माह के लिए नशा मुक्ति अभियान प्राथमिकता के आधार पर चलाते हुए निरंतर कार्रवाई जारी रखने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस दिशा में आवश्यक रूप से छापामारी अभियान चलाया जाए, साथ ही दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। वैकल्पिक खेती के लिए लोगों को प्रेरित करें। जन प्रतिनिधियों से भी सहयोग करने की अपील की गयी। जिला कृषि पदाधिकारी को वैकल्पिक खेती के लिए मिट्टी एवं क्षेत्र के अनुसार स्थानीय लोगों की रूचि को ध्यान में रखकर योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, डीएफओ, अपर समाहर्ता, एसडीओ, एसडीपीओ, डीसीएलआर, एनकॉर्ड के सदस्य, कार्यपालक दंडाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी अंचल अधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अधिकारियों को जिले में खेल और पर्यटन विकास की समुचित कार्य योजना बनाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को खेल एवं पर्यटन से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति एवं कई नये प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। खेल के क्षेत्र में कार्यों की समीक्षा के दौरान विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा किया गया। इनमें मुख्य रूप से एसएस एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, एसएस एस्ट्रोटर्फ मैदान की मरम्मत एवं सिटिंग गैलरी निर्माण का प्रस्ताव, बिरसा मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, खूंटी में सिटिंग गैलरी बनवाने का प्रस्ताव, खूंटी जिला अंतर्गत 100 बेड के स्पोर्ट्स हॉस्टल निर्माण के प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए उक्त प्रस्तावों पर प्राक्कलन तैयार करने के लिए जिला खेल पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया गया। पर्यटन



स्थलों के समुचित विकास के लिए योजनाओं को तेज करने एवं पर्यटन स्थलों पर साइनेज बोर्ड लगाने के निर्देश उपायुक्त द्वारा दिए गये।

इसके अलावा जिले के सात धारा, चंचला घाघ, बाघलता, रंगरोड़ी धाम, राजा बांधा जलप्रपात एवं सोसोकुटी डैम को नये पर्यटन स्थल के रूप में चिन्हित के लिए प्रस्ताव पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही विभिन्न पर्यटन स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए भूमि चिह्नित करने की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं को तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाये और जिले में खेल एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए समुचित कार्य योजना बनाई जाये। बैठक में जिला खेल पदाधिकारी, जिला पर्यटन पदाधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नहीं मिलेगी मदद

अमेरिकी राष्ट्रपति ने शपथ ग्रहण के ठीक बाद ही थोक भाव से जिन एक्जीक्युटिव ऑर्डर्स पर दस्तखत किये, उनका असर सामने आने लगा है। ऐसे ही एक आदेश पर अमल करते हुए अमेरिका की एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डिवेलपमेंट (यूएसएआइडी) ने दुनिया के तमाम देशों को विभिन्न प्रॉजेक्ट्स के लिए दी जाने वाली सहायता तत्काल प्रभाव से रोक दी है। इसने स्वाभाविक ही विकासशील देशों में बेचैनी पैदा की है।

**यू-टर्न की वजह :** यह फैसला इस बात का अच्छा उदाहरण है कि किसी देश की नीतियों में आमूल-चूल बदलाव के लिए राष्ट्रहित बदलना जरूरी नहीं होता, राष्ट्रहित की समझ बदलना, उसकी परिभाषा बदलना भी काफी होता है। ट्रंप प्रशासन की अगुआइ में लिये गये इस यू-टर्न के पीछे भी वजह यही है कि अमेरिका का राष्ट्रीय हित तय करने वाली दृष्टि बदल गयी है।

**राष्ट्रहित के नये मायने :** अगर वित्त वर्ष 2023 में अमेरिकी सरकार ने दुनिया भर में 72 बिलियन डॉलर की सहायता राशि वितरित की, तो वह राष्ट्रीय हितों के विपरीत जाकर लिया गया फैसला नहीं था। इन सहायता राशियों के साथ कई तरह की शर्तें जुड़ी होती थीं, जिनसे अमेरिकी हितों की रक्षा सुनिश्चित होती थी। लेकिन नयी सरकार ने तय किया कि अमेरिका की बेहतर छवि, उसकी अच्छी साख को वह राष्ट्रहित के लिहाज से उतना महत्वपूर्ण नहीं मानेगी जितना पैसों की शक्ल में होने वाले लेनदेन को।

**जहां तक भारत की बात है, तो 2004 में ही सरकार ने फैसला कर लिया था कि वह विदेश से ऐसी सहायता स्वीकार नहीं करेगी, जिसके साथ ज्यादा शर्तें जुड़ी हों। इस फैसले के बाद धीरे-धीरे भारत आने वाली ऐसी सहायता राशि कम होने लगी।**

**असर का दायरा :** जहां तक भारत की बात है, तो 2004 में ही सरकार ने फैसला कर लिया था कि वह विदेश से ऐसी सहायता स्वीकार नहीं करेगी, जिसके साथ ज्यादा शर्तें जुड़ी हों। इस फैसले के बाद धीरे-धीरे भारत आने वाली ऐसी सहायता राशि कम होने लगी। 2023 में यूएसएआइडी से मिली कुल रकम 201.88 मिलियन डॉलर थी, जो 2024 में और घट कर 159.6 मिलियन डॉलर रह गयी। फिर भी थोड़ा-बहुत असर इस तरह के प्रॉजेक्ट्स पर पड़ने से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन अफ्रीकी देशों और एशिया के बांग्लादेश जैसे मुल्कों पर इस फैसले का गहरा असर होने वाला है।

**पुनर्विचार की गुंजाइश :** वैसे, अमेरिकी सरकार भी अपने इस कदम के प्रभावों की समीक्षा करेगी। फिलहाल यह रोक 90 दिनों के लिए है। वहां भी इस फैसले के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। ऐसे में देखना होगा कि ट्रंप सरकार इस फैसले पर अमल को लेकर आखिरकार किस तरह का रुख अपनाती है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**दुनिया में हर कोई भाव प्रकट करता है, और हर कोई उन्हें पहचान सकता है। आप किसी के चेहरे पर घबराहट देखकर जान सकते हैं कि कोई व्यक्ति भयभीत है। एक भद्दी मुस्कान आपको बताती है कि वे गुस्से में हैं। एक मुस्कान आपको बताती है कि वे खुश हैं। भावनाएं कोई प्रतिक्रिया का परिणाम नहीं होता है। हमारा मस्तिष्क भावनात्मक परिपथों के साथ पहले से ही जुड़ा हुआ होता है। कुछ ऐसा होता है जो हमको डर के परिपथ को सक्रिय करता है, जैसे कि सांप को देखना।**

# हमारी भावनाओं का उत्तरदायी हमारा दिमाग



**डॉ मयंक मुरारी**



भावनाएं वैसी नहीं हैं जैसा हम आमतौर पर सोचते हैं। अगर आपके पास किसी की भावना के लिए कोई शब्द नहीं है तो आप कठोर है। हमारा मस्तिष्क पिछले अनुभवों का उपयोग करके हमारी जरूरत के अनुसार अवधारणाएं बनाता है, तो हम खुद के प्रति न्याय नहीं कर सकते। भावना की अवधारणा के लिए किसी शब्द के बिना भावना का अनुभव करना असंभव नहीं है, लेकिन यह बहुत कठिन है। शायद यही एक कारण है कि अलग-अलग तरह के लोगों की समझ बिना शब्द के पूर्ण नहीं होता है। शब्द और अवधारणाएं हमारी भावना बनाने की क्षमता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

दुनिया में हर कोई भाव प्रकट करता है, और हर कोई उन्हें पहचान सकता है। आप किसी के चेहरे पर घबराहट देखकर जान सकते हैं कि कोई व्यक्ति भयभीत है। एक भद्दी मुस्कान आपको बताती है कि वे गुस्से में हैं। एक मुस्कान आपको बताती है कि वे खुश हैं। भावनाएं कोई प्रतिक्रिया का परिणाम नहीं होता है। हमारा मस्तिष्क भावनात्मक परिपथों के साथ पहले से ही जुड़ा हुआ होता है। कुछ ऐसा होता है जो हमको डर के परिपथ को सक्रिय करता है, जैसे कि सांप को देखना। हमारा दिल तेजी से धड़कता है, हमको डर लगने का एहसास होता है, हम एक ऐसा चेहरा बनाते हैं जो उस भावना को व्यक्त करता है। जैसे कि एक चैड़ी आंखों वाला हांफता हुआ चेहरा, और फिर आप स्तब्ध हो जाते हैं या भाग जाते हैं।

**भावनाओं पर सर्वश्रेष्ठ पुस्तक में 'द बुक ऑफ ह्यूमन इमोशन्सः एन इनसाइक्लोपीडिया ऑफ फीलिंग फ्रॉम एंगर टू वांडरलस्ट' माना जाता है।**

सामान्यतः यह विचार रहा है कि लोगों में सार्वभौमिक मूल भावनाएं होती हैं? सही यह धारणा है कि मानव मस्तिष्क में क्रोध, उदासी, भय, घृणा, खुशी, आश्चर्य के लिए पहले से ही सर्किट होते हैं और कभी-कभी वैज्ञानिक अवमानना को भी इसमें शामिल करते हैं। फिर वैज्ञानिक अन्य भावना श्रेणियों के बारे में बहस करते हैं जो सार्वभौमिक हो सकती हैं। दशकों से चल रहे शोध से पता चलता है कि हम ऐसी भावनाओं के साथ पैदा नहीं होते जो हमारे दिमाग में बनी होती हैं। इसके बजाय हमारा दिमाग हमारी जरूरत के हिसाब से भावनाओं का निर्माण करता है और यह स्थिति के हिसाब से बहुत खास होता है। डर में, आपकी हृदय गति बढ़ सकती है या कम हो सकती है। आप अपनी आंखें चैड़ी करके सांस रोक सकते हैं, लेकिन आप मुस्कुरा भी सकते हैं या नाराज भी हो सकते हैं। आप अपनी भौहें उठा सकते हैं और अपनी आंखें चैड़ी कर सकते हैं। कोई भी भावना सार्वभौमिक नहीं होती, अर्थात कुछ संस्कृतियों में क्रोध, दुख, भय, घृणा, खुशी आदि भावनाएं होती हैं, तथा कुछ संस्कृतियों में नहीं होती। उदाहरण के लिए, कुछ संस्कृतियों में उदासी की अवधारणा है, कुछ संस्कृतियों में उदासी के लिए एक से ज्यादा अवधारणाएं हैं।

भावनाओं पर सर्वश्रेष्ठ पुस्तक में 'द बुक ऑफ ह्यूमन इमोशन्सः एन इनसाइक्लोपीडिया ऑफ फीलिंग फ्रॉम एंगर टू वांडरलस्ट' माना जाता है। इसके लेखक टिफनी वॉट स्मिथ है। इसमें भावनाओं के विविध शब्दों को संकलित किया गया है। इसमें दुनिया भर से 154 शब्द एकत्र किये गये हैं जो बताते हैं कि हम कैसा महसूस करते हैं, जिसमें सभी तरह के दिलचस्प मामले शामिल हैं। यह पुस्तक शानदार उदाहरणों से भरी हुई है जो दिखाती है कि भावनाएं सार्वभौमिक नहीं हैं और कैसे वे ऐतिहासिक रूप से समय के साथ स्थिर भी नहीं हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आपकी शब्दावली में जितनी अधिक भावनाएं होंगी, आप उतने ही अधिक लचीले और भावनात्मक रूप से बुद्धिमान होंगे, और आप संस्कृतियों और यहां तक कि समय के पार भी संवाद करने में उतने ही बेहतर होंगे।

येल विश्वविद्यालय की भावनात्मक बुद्धिमत्ता प्रयोगशाला से शोध सामने आ रहा है, जिसमें दिखाया गया है कि जब आप बच्चों की भावनात्मक शब्दावली का विस्तार करते हैं तो आप न केवल उनके भावनात्मक जीवन - नकारात्मक भावना को नियंत्रित करने की उनकी क्षमता में सुधार करते हैं। लोगों का मानना है कि जीवन में सभी महान चीजें हासिल की जाती हैं, जीवन में सभी अर्थ खुशी के जरिए हासिल किए जाते हैं, लेकिन हमारे इतिहास में एक अलग समय में, उदासी को एक सार्थक जीवन जीने का एक तरीका माना जाता था, और एक तरह से जो आपके स्वास्थ्य को प्रभावित करता था। स्कॉटिश गेलिक शब्दकोष में दुःख के विभिन्न अर्थों को व्यक्त करने वाले 49 अलग-अलग शब्द मिलते हैं, जो यह बताता है कि हाइलैंडर्स उदासी की कला में पारंगत रहे होंगे। मैंने पढ़ा है कि ताहिती संस्कृति में दुःख के लिए कोई शब्द नहीं है, लेकिन इसमें एक शब्द है, जिसका अर्थ कुछ इस तरह है। जब आपको फ्लू होता है, तो थकान होती है। तो इसके पीछे कई पूर्ववृत्त हैं!

जेफरी यूजेनिड्स द्वारा लिखित मिडिलसेक्स से मैं बहुत प्रभावित हूं। यह एक पुलित्जर पुरस्कार विजेता उपन्यास है, जो एक इंटरसेक्स नायक के साथ एक युवावस्था की कहानी है। यह भावनाओं के बारे में दो बहुत अच्छी अंतर्दृष्टि भी दर्शाती है कि वे वास्तव में कैसी हैं, और भावनाएँ वास्तव में कैसे बनती हैं। विलियम जेम्स अपनी पुस्तक प्रिंसिपल्स ऑफ साइकोलॉजी में लिखा कि भावनाएं तब होती हैं, जब लोग अपने शरीर में होने वाले शारीरिक परिवर्तनों को समझते हैं और उनका अर्थ समझते हैं। उन्होंने लिखा कि प्रत्येक भावना का अपना शारीरिक परिवर्तन होता है। भावनाएं हमारे मस्तिष्क में पहले से मौजूद सर्व-उद्देश्यीय तंत्रों के आधार पर निर्मित होती हैं। यदि हम कृतज्ञता, करुणा, इत्यादि करना सीखते हैं, तो आप अपने मस्तिष्क को कम प्रयास के साथ स्वचालित रूप से बेहतर निर्णय लेने के लिए तैयार कर रहे हैं। कृतज्ञता एक बहुत शक्तिशाली गेम चेंजर है। विस्मय, विस्मय की भावना भी है। बौद्ध दर्शन भी वास्तव में करुणा पर जोर देता है। वैज्ञानिक प्रमाण हैं कि ये भावनाएं वास्तव में सहायक हैं। यह देखने के लिए कि क्या कृतज्ञता धैर्य को बढ़ा सकती है, इस प्रयोग को दोहराया गया जिसमें खुशी और आभार को शामिल किया गया। खुशी को शामिल करने का कारण यह सुनिश्चित करना था कि कृतज्ञता से हमें जो भी लाभ मिले, वे केवल लोगों के अच्छा महसूस करने के कारण नहीं थे। आखिरकार, खुशी और कृतज्ञता दोनों सकारात्मक अवस्थाएं हैं। यदि कृतज्ञता के बारे में कुछ खास था, तो हमें यह दिखाने की जरूरत थी कि आत्म-नियंत्रण बढ़ाने की इसकी क्षमता किसी भी सुखद भावना को प्रतिबिंबित नहीं करती है।

दिमाग प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि पूर्वानुमान लगाने वाला होता है। हमें ऐसा लगता है कि हम बस उन चीजों पर प्रतिक्रिया करते हैं, जो हमारे साथ हो रही हैं, लेकिन वास्तव में हमारा दिमाग लगातार अनुमान लगा रहा है कि अगले पल क्या होने वाला है।

## झारखंड की खबरें

### खाता चालू नहीं होने से परेशान ग्रामीणों ने बैंक में तालाबंदी की




**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष निरंजन बडा की अध्यक्षता में चैनपुर बैंक ऑफ इंडिया में तालाबंदी का एक दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य मुद्दा केवाइसी को लेकर चर्चा का विषय बना रहा। वही केवाइसी नहीं होने के कारण सैकड़ो ग्रामीणों का खाता बंद है जिसके कारण ग्रामीण दर दर भटकने को मजबूर हैं ग्रामीणों का कहना है कि हम अपने केवाइसी फॉर्म जमा करने के लिए प्रत्येक दिन सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचते हैं। कई ग्रामीण ढाई ढाई सौ रुपया खर्च कर पाठ क्षेत्र से आते हैं किंतु यहां बैंक ऑफ इंडिया में केवाईसी के नाम पर फॉर्म तो जमा किया जाता है, लेकिन खाता किसी का भी चालू नहीं होता है। सभा में उपस्थित कई ग्रामीणों ने कहा कि ठेपा से पैसा निकलता है अगर केवाइसी हो जाता तो मुझे अतिरिक्त खर्च कर बैंक नहीं आना पड़ता मैं प्रज्ञा केंद्र से भी अपने पैसे की निकासी कर सकता था, लेकिन वहां भी कहा जाता है कि आपका खाता लॉक कर दिया गया है। इस समस्या को लेकर कांग्रेस कमेटी के चैनपुर अध्यक्ष निरंजन बाडा की अध्यक्षता में एक दिवसीय बैंक की तालाबंदी एवं धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा। जिसमें बैंक ऑफ इंडिया के एलडीएम पवन कुमार मौके पर पहुंचे और सभी समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि लाभुकों का केवाइसी की समस्या का निराकरण जल्द किया जायेगा। वही कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष निरंजन बडा ने कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर इस समस्या का समाधान बैंक कर्मियों के द्वारा नहीं किया जाता है तो उन्होंने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी।

### घाघरा में प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल के नेतृत्व में मंगलवार को अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान चांदनी चौक व गुमला रोड जिसे पूर्व में अतिक्रमण को हटाने को लेकर नोटिस दिया गया था, अतिक्रमण नहीं हटाने के बाद प्रशासन ने जेसीबी लगाकर अतिक्रमण को हटाया। इस दौरान अंचल के कर्मी व घाघरा थाना के पुलिस मौजूद थे। जैसे ही जेसीबी अतिक्रमण हटाने लगा लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई लोगों के दुकान तोड़े गये तो कई के छज्जा तोड़ा गया। कई दुकानदार सीओ के समक्ष गिड़गिड़ाते नजर आये दुकानदारों का कहना है कि इस जगह से ही हमारा पूरा परिवार का भरण पोषण होता है। थोड़ा सा जगह छोड़ दीजिए ताकि हम अपने अपने परिवार का भरण पोषण कर सके। हमारे पास इस छोटा सा दुकान के अलावे और कुछ भी नहीं है। इस संबंध में सीओ ने कहा किउपायुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण को चिन्हित किया जा रहा है। सबसे पहले अतिक्रमण वाद में आदेश पारित करते हुए अतिक्रमण हटाने का नोटिस निर्गत किया गया पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। जिसके बाद पुनः चेतावनी पत्र जारी किया गया और चेतावनी पत्र की अवधि समाप्त होने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर पुलिस बल के साथ अतिक्रमण को हटाया गया। अधिकांश लोगों ने स्वयं अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिये इसीलिए प्राथमिकी दर्ज नहीं किया गया।

### कांग्रेसियों ने निकाला अंबेडकर सम्मान मार्च

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुर।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा मंगलवार को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष अध्यक्ष राजु भगत के अध्यक्षता में किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव शामिल हुए। मार्च का आयोजन प्रखंड परिसर से विपिन चौक चौराहा होते हुए रति टाना भगत चौक पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया। जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि 'जय बापू, जय भीम अभियान, जय संविधान अभियान'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपने संविधान, सामाजिक न्याय, और समानता के मूल्यों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। इन मूल्यों पर हो रहे हमलों के खिलाफ हमारी मांग है कि गृह मंत्री अमित शाह इस्तीफा दें। जैसा कि आप जानते हैं, हमने 'डॉ अंबेडकर के विरासत तकी संवैधानिक मूल्यों पर हो रहे खतरों को उजागर किया जा सके। देशभर में जिला कांग्रेस कमेटियों के द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर सम्मान मार्च आयोजित किया जा रहा है। आज बिशनपुर प्रखण्ड में किया किया गया।जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान इस आंदोलन को आगे बढ़ने के लिए, 26 दिसंबर 2024 को बेलगावी में संपन्न विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति सीडब्ल्यूसी ने 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान' शुरू करने का निर्णय लिया। यह अभियान महात्मा गांधी डॉ भीमराव अंबेडकर और हमारे संविधान में निहित मूल्यों की विरासत को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए यह मार्च का आयोजन झारखंड प्रदेश के सभी प्रखंडों किया जा रहा है। मौके पर भदेसर उरांव, प्रेम दत्ता, तरुण गोप, सुरजदीप भगत, बंधन उरांव, जहीर अंसारी, पवन केवट, संजय गोप, लालू कल्लू, चंद्रर लोहरा, बुधराम भगत, राजु भगत, मिलु उरांव, कर्मपाल उरांव, बिहारी भगत, सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मान मार्च में उपस्थित थे ।




### पुत्र ने मां की हत्या की, गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के जारी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में एक कलयुगी पुत्र का खौफनाक चेहरा सामने आया है। जिस कलयुगी पुत्र अजित राम ने तीन साल पहले अपने वृद्ध पिता मदन राम की हत्या कर दी थी उसी पुत्र ने अब तीन साल के बाद अपनी वृद्ध मां प्रभावती देवी को मौत के घाट उतार दिया है। इतना ही नहीं अजित राम ने एक साल पूर्व अपनी पत्नी कलावती देवी पर भी जानलेवा हमला कर चुका है। इस हमले में उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। अजित की इरादा उसकी हत्या करने का था। घटना के बाद पत्नी ने उसके ऊपर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। अब अपनी मां की हत्या कर इंसानियत को झकझोर दिया। इधर मां की हत्या किये जाने के बाद ग्रामीणों ने आरोपी अजित को पकड़कर रात भर पंचायत भवन में बंद कर रखा। फिर सुबह पुलिस के हवाले कर दिया।

### जनसुविधा ट्रस्ट ने घायल व्यक्ति को दिया व्हील चेयर



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के पहल पर जनसुविधा ट्रस्ट के द्वारा सोनारी निवासी अजय तिर्की को व्हील चेयर उपलब्ध कराया गया। मंगलवार को व्हील चेयर मिलने पर अजय तिर्की ने बताया बीते दिनों सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद से चलने फिरने में असमर्थ हो गये है। आज जनसुविधा ट्रस्ट के द्वारा व्हील चेयर पाकर काफी खुशी है। उन्होंने खुश होकर विधायक सरयू राय के प्रति आभार जताया। मौके पर जनसुविधा ट्रस्ट के मुकुल मिश्र, अतुल सिंह, लालू कुमार, शंकर राय, कैलाश सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

### आदिवासी जमीन पर कब्जा के विरोध में प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ को सौंपा मांग पत्र



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधानसभा स्थित परसुडीह बाड़ेगोडा के रहने वाले आदिवासी परिवार के जमीन कब्जा करने का एक मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार को बाड़ेगोडा ग्राम सभा के एक प्रतिनिधि मंडल एसडीओ कार्यालय में मांग पत्र सौप कर न्याय के लिए गुहार लगाये। प्रतिनिधि मंडल के अनुसार परसुडीह थाना अंतर्गत रहरगोडा निवासी रैयत की पुत्र वधु सुप्ता भूमिज पति स्व गेरधा भूमिज के द्वारा आदिवासियों के पारम्परिक स्वशासन व्यवस्था संचालन के लिए मौजा गदडा, राजस्व थाना न० 1191, खाता नं 179, प्लाट नं 05, 06 को लिखित रूप से बाड़ेगोडा आदिवासी पारंपरिक ग्राम सभा को दान में दिया था। जमीन पर ग्राम सभा का दखल कब्जा शांतिपूर्ण ढंग से है। लेकिन वर्तमान में जमीन पर कुछ असामाजिक किस्म के लोग सरस्वती पूजा का सहारा लेकर भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा जमीन के मालिक सुपता भूमिज पति स्व० गेरधा भूमिज जो रैयत नन्दो भूमिज पिता महान भूमिज की पुत्रवधु है। लेकिन अवतार सिंह पिता स्व. चरण सिंह एवं चनन सिंह पिता पूरण सिंह द्वारा जालसाजी कर आदिवासी खाते की जमीन को अपने नाम में जमाबंदी कर लिया। जानकारी मिलने पर जमीन मालिक के द्वारा भूमि वापसी के लिए भूमि उप समाहर्ता धालभूम के पास आवेदन दाखिल किया गया। लेकिन अंचल अधिकारी जमशेदपुर के पास जांच प्रतिवेदन लंबित पड़ा है। प्रतिनिधि मंडल ने उपरोक्त भूमि का धर्मिक उद्देश्य के नाम पर कब्जा करने पर रोक लगाने व जांच कर असमाजिक तत्वो के द्वारा किये जा रही कब्जा पर अविलंब रोक लगाने का आग्रह किया। मौके पर माझी बाबा रमेश मुर्मू, झामुमो के केंद्रीय सदस्य खुदू उरांव, संगठन सचिव प्रीतम हेंब्रम, जिरेन मार्डी, सुरेश हेंब्रम, जकुट मुर्मू, बाबू गोप सहित अन्य शामिल रहे।

### 30 को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत दिनांक 30 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नया नगर भवन, लोहरदगा में किया गया है। उक्त कार्यक्रम की जानकारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

### एयरमैन की भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ायी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय वायु सेना में एयरमैन की भर्ती के लिए बिहार एवं झारखंड राज्य से योग्य युवक-युवतियों के चयन के लिए अग्निवीर वायु इंटेक 01/2026 के तहत रजिस्ट्रेशन प्रारंभ है जिसकी रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ा कर 02 फरवरी 2025 कर दी गयी है। पूर्व में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 27 जनवरी 2025 तक निर्धारित थी।

### स्थानीय लोगों को सौ रुपये के चालान पर मिलेगा एक ट्रैक्टर बालू : एसडीओ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिसई।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में मंगलवार को एसडीओ गुमला राजीव नीरज द्वारा प्रखंड स्तरीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की गयी। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को अपने विभाग के सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, नोटिस बोर्ड पर योजनाओं की जानकारी लगाने और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से योजनाओं का क्रियान्वयन व संचालन करने का सख्त निर्देश दिया। एसडीओ ने निजी आवास निर्माण व पंचायत स्तर के छोटी मोटी सरकारी योजनाएं, अबुआ व पीएम आवास में आवश्यक बालू की आपूर्ति के लिए खनन विभाग से उपलब्ध विभिन्न पंचायतों के केटेगरी वन स्तर के बालू घाटों से मुखिया के माध्यम से प्रति ट्रैक्टर एक सौ रुपये का चालान काटकर बालू उपलब्ध होने की बात कही। वहीं समीक्षा के दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कुछ दिन पुर्व 42 बच्चों को भोजन नहीं मिलने का मामला सामने आने पर एसडीओ ने खासा नाराजगी जतायी और ऐसी गलती और लापरवाही दुबारा नही करने का निर्देश दिया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों में शिक्षकों की कमी का मुद्दा भी उठाया गया।



एसडीओ ने पीएचइडी, जेएसएलपीएस, सहित विभिन्न विभागों के क्रियाकलापों और समस्याओं से अवगत होते हुए समस्याओं का निराकरण करने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी नुर आलम खान, प्रखंड प्रमुख मीना देवी, सीओ नितेश रौशन खलखो, खनन निरीक्षक नीरज कुमार, मुखिया प्रकाश उरांव, रवि उरांव, बंदी राम उरांव सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## आपसी प्रेम और सौहार्द बनाये रखें : राजेश



**रांची (आजाद सिपाही)।** संत अन्ना अस्पताल जो रांची शहर से 14 किमी दूर स्थित है, यहां आसपास और दूर गांव के मरीजों का इलाज होता है। गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि राजेश कच्छप, विधायक खिजरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर सबों को देश की उन्नति के लिए आपसी प्रेम, सौहार्द्र तथा एकता बनायें रखने की बात कहीं। इस समारोह में डॉ स्टीफन हांसदा (मेडिकल सुपरिटेंडेंट), डॉ अनिशा, सिस्टर जसिता केरकेट्टा, (अस्पताल प्रबंधक), सिस्टर राजकिशोरी, सिस्टर रजनी और अन्य देश प्रेमी उपस्थित थे।

## उगता सूरज संस्था ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया




**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के गाड़ी गांव स्थित पाहन टोली में उगता सूरज संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित इस शिविर में दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया। उगता सूरज संस्था लगातार समाज के उत्थान के लिए सामाजिक कार्य करते आ रहे हैं। संस्था द्वारा पौधारोपण, मोहल्ला की साफ-सफाई जैसे कार्यों को करके समाज को जागरूक करने का काम लगातार किया जाता है। इस रक्तदान शिविर के दौरान, सदर अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने रक्तदान की प्रक्रिया को सफल बनाने में मदद की। स्थानीय लोगों ने रक्तदान करके जरूरतमंदों की मदद करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उगता सूरज संस्था के अध्यक्ष रीतलाल महतो, अभिषेक महतो, रामकुमार साहू, रितेश गोप, दिनेश महतो, रामेश्वर महतो, रवि कुमार, ज्योति रावत, शोभा कुमारी, सीमा कुमारी और राजू नायक मौजूद थे।

## अखिल भारतीय पुरुष सैनिक सेवा परिषद ने कार्यक्रम आयोजित किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय पुरुष सैनिक सेवा परिषद रांची द्वारा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस रांची जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर नारायण प्रसाद मातृ शक्ति अध्यक्ष नीरा एवं महासचिव सूबेदार ललन ठाकुर के नेतृत्व में मुख्य अतिथि कर्नल मनोज ने अपने कार्यालय पर झंडा फहराया। साथ ही जिला अध्यक्ष और महासचिव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर पूर्व सैनिक और मातृशक्ति काफी संख्या में इस समारोह में शामिल हुए। अखिल भारतीय पुरुष सैनिक सेवा परिषद के उदघोष के साथ समारोह का समापन किया गया।

# राष्ट्र का उत्थान ही भाजपा की विचारधारा : अमरप्रीत सिंह काले

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजपा साकची मंडल के द्वारा प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। मंगलवार को अभियान के दौरान जिला सदस्यता प्रभारी डॉ. राजीव कुमार, साकची मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह व भाजपा के समर्पित टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। अभियान के दौरान काशीडीह, कालीमाटी रोड, गुरुद्वारा बस्ती और अन्य क्षेत्रों से 409 नए सदस्यों ने पार्टी का दामन थामा। इस दौरान स्थानीय लोगो में भाजपा की विचारधारा व कार्यशैली के प्रति उत्साह व विश्वास देखने को मिला। श्री काले ने कहा भाजपा अपनी राष्ट्रवादी विचारधारा और समाजहित के कार्यों के माध्यम से जनता का विश्वास पूर्व से अर्जित करती आई है। सदस्यता अभियान के माध्यम से पार्टी की जड़ों को और अधिक मजबूत करने और समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनाने का प्रयास है।उन्होंने कहा भाजपा की नीतियां और कार्यक्रम केवल विकास को प्रोत्साहित नहीं करते बल्कि समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। पार्टी का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो। मौके पर अखिलेश पांडे,रामकेवल मिश्रा, हेमंत साहू, जुगुन पांडेय, पंकज वर्मा, शीलू साहू, निर्मल दीक्षित, कृष्णा शर्मा, अनुज मिश्रा, घनश्याम कुमार, रीतिका श्रीवास्तव, डी मणि, रिंकू दुबे, बिनोद भीरभिरिया, मन्नू, रामा, सरबजीत सिंह, जसवंत सिंह, विक्रम ठाकुर, कमलेश पाठक सहित अन्य शामिल रहे।

## जनजातीय लोगों के उत्थान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला के ग्रामीण युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से पलाश (जेएसएलपीएस), लोहरदगा की ओर से नया नगर भवन में जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला में जनजातीय लोगों के उत्थान के लिए कई सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया गया है। समय-समय पर भी कई कार्य जिला प्रशासन की ओर से किये जाते हैं। जिला प्रशासन हमेशा इनके लिए प्रतिबद्ध है। बीते एक वर्ष में जनजातीय लोगों को आवास, सड़क योजनाओं से आच्छादित किया गया है। आनेवाले समय में भी कई कार्य किये जायेंगे।

## एक को हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल गुमला में

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड एवं रांची के हड्डी, रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क रोग व नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार, न्यूरो सर्जन शनिवार यानी पहली फरवरी को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें हड्डी में दर्द, हड्डी का कनकनाना, कमजोर हड्डी आदि से संबंधी रोगियों की जांच की जायेगी।

## बगड़ू में आदित्य चिकित्सा शिविर आयोजित




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बगरू खनन क्षेत्र अंतर्गत हिंडालको सीएसआर के माध्यम से डॉक्टर निर्पेंद्र नीरज के नेतृत्व में ग्रामीण चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन नीचे बगडू ग्राम में आयोजित की गयी। जिसमें कुल 43 मरीज का इलाज किया गया। आवश्यकतानुसार दवाइयां प्रदान किये गये। इस मौके पर डॉक्टर निर्पेंद्र कुमार नीरज ने बताया कि मौजूदा समय में ठंड से हम सबों को बचाने की जरूरत है। गर्म पानी का सेवन करें। साथ ही साथ सर्दी, खांसी व बच्चे एवं वृद्धो को विशेष बचने की सलाह दी। उन्होंने वृद्धो को ठंड से बचते हुए समय-समय पर बीपी रक्तचाप का जांच कराने की भी सलाह दी। मौके पर कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी भास्कर सिन्हा ने किया। मौके पर कंपाउंड उमेश गोप, रवि राम, वीरेंद्र गोप, मंजू देवी, प्रकाश भगत ग्रामीण मौजूद रहे।

## किसानों के बीच सब्जी बीज का वितरण



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जेएसएलपीएस के द्वारा पलाश मार्ट के सहयोग से उद्यान विभाग के अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा, पत्तलो, घाटा, जोगना, इचरी, उगरा, चितरी, कोराम्बे सहित विभिन्न गांवों में 40 महिला किसानों के बीच सब्जी बीज का वितरण किया गया। वही महिला किसानों द्वारा सब्जी उत्पादन कर आय वृद्धि के लिये जेएसएलपीएस द्वारा पलाश के माध्यम से मिर्ची, भिंडी, कद्दू, बैंगन,गोभी,करेला सहित अन्य सब्जी बीजों का वितरण किया गया। सब्जी में होने वाले बीमारी और उसे बचाव के दवा छिड़काव बारे में जानकारी दिया गया। सब्जी खेती से होने वाले लाभ और आय वृद्धि के बारे में बताया गया। मौके पर जेएसएलपीएस के सज्जाद अंसारी, प्रदीप महली,इंदु देवी के अलावे बसंती देवी,रीना देवी,सरस्वती देवी, सोमारी देवी,मीना देवी,सुभाषी देवी समेत अन्य महिला किसान मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
राकेश भूषण सिंह
अंचल पदाधिकारी
प्रखंड भंडरिया जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
रवि शंकर सिंह
मनरेगा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रखंड भंडरिया जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
अमित कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी
प्रखंड भंडरिया, जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
चेतन कुमार सिंह
थाना प्रभारी
प्रखंड भंडरिया जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
प्रताप तिर्की
कूटकू संघर्ष समिति के अध्यक्ष
सह डीलर
प्रखंड बरगढ़ जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
हरिलाल यादव
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कुरून
प्रखंड भंडरिया, जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
अमरेश यादव
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय
पश्चिम टोला कुरून
प्रखंड भंडरिया जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
जेम्स कुजूर
प्रधानाध्यापक
मिशन बालिका मध्य विद्यालय
भंडरिया जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
रमेश सिंह
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुरून
प्रखंड भंडरिया जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
नयन पूर्ति
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अरार
प्रखंड भंडरिया, जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
मोनिका खलखो
मुखिया करचली पंचायत
प्रखंड भंडरिया जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
सिमोन बैक
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय जेनेवा
प्रखंड भंडरिया, जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
किरण पुष्पा गिद्ध
प्रधानाध्यापिका
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरिडीह
प्रखंड भंडरिया जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


अजय कुमार टोपो
वनों के क्षेत्र पदाधिकारी
प्रखंड भंडरिया, जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
सविता देवी
मुखिया बीचका पंचायत
प्रखंड भंडरिया, जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
सोहर सिंह
मुखिया
फकीराडीह पंचायत
प्रखंड भंडरिया, जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
आलियाजर तिर्की
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय
पाट प्रखंड भंडरिया, जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
शिवपत राम
अंचल निरीक्षक
प्रखंड भंडरिया, जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
हरिदास तिर्की
प्रखण्ड अध्यक्ष
झारखण्ड मुक्तिमोर्चा
प्रखण्ड भंडरिया, जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
मनाथ करकेटा
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय करचली
प्रखंड भंडारिया, जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
विजय कच्छप
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सरिडीह
अखंड भंडरिया, जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
जीतन सिंह
प्रधान सहायक
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय नगनाहा
प्रखंड भंडरिया जिला गढ़वा


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
जीतन सिंह
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बंजारी
प्रखंड भंडरिया जिला गढ़वा


### रामगढ़ में विकास कार्यों की डीडीसी ने की समीक्षा

# विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों के कार्यों की ली गयी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** डीडीसी रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में मंगलवार को जिले में अनाबद्ध निधि, पर्यटन विकास और डीएमएफटी के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गयी। इस दौरान डीडीसी ने डीएमएफटी के तहत संचालित विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी कार्यकारी एजेंसियों को उनके तहत किये जा रहे हैं योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिला अनाबद्ध निधि और डीएमएफटी के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीडीसी ने अब तक हुए कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

**पर्यटन विकास को लेकर दिया गया जोर :** पर्यटन विकास की दिशा में जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने पर्यटन स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिले में अन्य पर्यटन स्थलों को चयनित कर उन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन, प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं, सहायक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

## कस्तूरबा विद्यालय में 75 छात्राओं का होगा नामांकन

केरेडारी(आजाद सिपाही)। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय केरेडारी में सत्र 2025 - 26 के तहत कक्षा छह में नामांकन को लेकर नोटिस निकाला गया है। इसमें क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी संस्थाओं, प्रधानाध्यापकों और बीआरपी को सूचित करते हुए कहा गया है सत्र 2025 - 26 में सभी कोटियों को मिलाकर कुल 75 छात्राओं का नामांकन किया जाना है, रिक्तियों के विरुद्ध कोटिवार जिसमें ओबीसी से 29, एससी से 12, एसटी से 5, माइनोरीटी से 10 व बीपीएल और जनरल से 19 छात्राओं का अनुमोदन कर सूचि को अंतिम चयन हेतु जिला कार्यालय भेजा जायेगा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से आग्रह किया गया है की छितिज अनाथ, एकल अभिभावक असहाय व निर्धन परिवार से आने वाले छात्रा जो पढ़ाई से वंचित हो रही हैं उन्हें चिन्हित कर उनकी सूचि 28 फरवरी तक विद्यालय द्वारा जारी फॉर्म में भरकर संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक के माध्यम से सीआरपी या बीआरपी की जांच अनुमोदन के साथ प्रमाण पत्रों की छायाप्रति जिसमें आधार,जाति,आवासीय प्रमाण पत्र संलग्न हो।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर रन फॉर रोड सेफ्टी कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जिला परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज रन फॉर रोड सेफ्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी समेत अन्य पदाधिकारीगण व कर्मिगण शामिल हुए। समाहरणालय परिसर से रवाना यह रन फॉर रोड सेफ्टी कोडरमा बाजार होते हुए बजरंगबली चौक पहुंचा। इस दौरान आमजनों से सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों का अनुपालन करने का संदेश दिया गया और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया। मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज रन फॉर रोड सेफ्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यातायात नियमों की अनदेखी के कारण हर महीने कई लोगों की जान चली जाती है और खासकर इसमें ऐसे बाईक चालक शामिल होते हैं जो हेलमेट का उपयोग नहीं करते हैं। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता और कार्रवाई दोनों जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में कोडरमा स्थित बजरंगबली चौक पर उपस्थित सभी जनों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने हेतु शपथ दिलाया गया।


























































## विधायक ने संगम में लगायी डुबकी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय विधायक और झारखंड की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने अपने परिजनों और समर्थकों के साथ संगम में डुबकी लगाई। विधायक डॉ नीरा यादव सोमवार को प्रयागराज पहुंचीं। वे महामंडलेश्वर बाबा सुखदेव दास के शिविर पहुंचने पर कई लोगों ने उनका स्वागत किया। संगम में डुबकी लगाने के बाद भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और मां गंगा की पूजा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ दिव्य है और यूपी सरकार की व्यवस्था भी अद्भुत है। लाखों करोड़ों की भीड़ के बाद भी निरंतर साफ-सफाई तो वहीं लोगों को कोई परेशानी नहीं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में आकर और संगम में डुबकी लगाकर धन्य महसूस कर रही हूं। पवित्र गंगा जल में सदियों से साधु, संत और महात्मा आते रहे हैं। महाकुंभ सनातन संस्कृति की अविरल धारा का अद्वितीय प्रतीक है। धर्म नगरी प्रयागराज में एकता और अखंडता के इस जुटान में संगम स्नान करने और संतजनों का आशीर्वाद लेने का मौका मिला।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में आमजनों की सुनी समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जनता दरबार में आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान जिले के विभिन्न पंचायत, गांवों से आये फरियादियों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा जिसपर संवेदनशील होकर उन्होने यथोचित व समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। फरियादियों ने जमीन का निबंधन, रैयती जमीन का एलपीसी, केसीसी लोन माफी, जमीन विवाद, भुमि को ऑनलाइन और रसीद निर्गत करने समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं और समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया, जिसपर यथोचित कार्रवाई को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का जांचोंपरांत समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## भाजपा नेता की पत्नी के निधन पर शोक

**सतगावां(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शिवपुर निवासी भाजपा नेता पुरुषोत्तम सिंह की 65 वर्षीय पत्नी विमला देवी का आकस्मिक निधन कोलकाता स्थित कमांड हॉस्पिटल में इलाज के क्रम में निधन हो गया। भाजपा नेता की पत्नी विमला देवी के निधन पर मुखिया उत्तम सिंह, पूर्व मुखिया सुनील सिंह, शंकर यादव, भाजपा नेता बालमुकुंद सिंह, सुरेंद्र सिंह, तारिणी सिंह, अरबिंद सिंह, निशांत सिंह, प्रणव मुरारी, मनोज भगत, विनोद यादव, सांसद प्रतिनिधि अनिल यादव, प्रहलाद सिंह, अशोक कुमार शशि, धीरज सिंह ने शोक संवेदना प्रकट किया है।

# ग्रामीणों ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत किरीगढ़ा गांव के बीचो बीच प्रस्तावित रेलवे लाइन निर्माण की योजना से वहां के ग्रामीण काफी डरे हुए है। इसी को लेकर ग्रामीणों ने गिरीडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने रेलवे मंडल धनाबाद के डीआरएम से मुलाकात कर डीआरएम को ज्ञापन सौंपा। सांसद और विधायक ने डीआरएम को बताया कि अगर योजना के अनुसार रेलवे लाइन का निर्माण होता है तो गांव का वजूद के साथ अस्तित्व मिट जायेगा। इसलिए रेलवे लाइन की दिशा बदल कर गांव से बाहर ले जायें। इस पर डीआरएम ने सांसद और विधायक को सकारात्मक पहल करने का अश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व मुखिया गंगाधर महतो संतोष सिंह, बृजेश सिंह, गोवर्धन लोहार, संजय सिंह सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में धमधमिया बना विजेता



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बानपुर बंगठिया में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाईनल मैच का आयोजन किया गया। इस मौके पर टंडवा मध्य जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव और मुखिया प्रतिनिधि रंथू उरांब, राहम पंचायत के उपमुखिया मोहन उरांब सहित कई लोग उपस्थित थे। फाइनल मैच का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। फाइनल मैच कल्याणपुर बनाम ढुब धमधमिया के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कल्याणपुर की टीम 10 ओवर में 62 रन बनाया। वहीं ढुब की टीम ने 9 ओवर में 63 रन बनाकर मैच जीत लिया। चिरंजीवी यादव को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। वहीं दशरथ भोगता को मैंन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता टीम को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर संतोष गंझू, सुरेश गंझू, वार्ड सदस्य अनिल दास, उपेंद्र पांडेय, मुकेश महतो, देवेन्द्र गंझु, रामविलास भोगता, संजय गंझू, रंजीत प्रजापति, मुकेश गंझु, उमेश, अनिकेत, मुकेश राम, अंकित, तुलसी, साइमस भोगता, छोटू कुमार आदि उपस्थित थे।

## समाजसेवी विजय सिंह की मां का निधन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी विजय सिंह की माता किरण देवी का निधन हो गया। उन्होंने रांची के एक निजी अस्पताल में अपनी अंतिम सांस ली। किरण देवी अपने पीछे दो बेटे, एक बेटी और भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। उनके निधन से परिवार और समाज में शोक की लहर दौड़ गयी है। किरण देवी अपने ममतामयी और स्नेहिल स्वभाव के लिए पूरे क्षेत्र में जानी जाती थीं। उनका जीवन समाज और परिवार के प्रति समर्पित था। उनका अंतिम संस्कार हजारीबाग के मुक्तिधाम में किया गया। इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही समाज के कई गणमान्य लोग और क्षेत्रवासी शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे और अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। समाज के लोगों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि किरण देवी का जाना एक युग के अंत जैसा है। उनकी कमी को कभी भरा नहीं जा सकता। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## पोस्ते की फसल नष्ट कर मुकदमा दर्ज

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** धनगड़ा पंचायत के बोंगागडहा में दो एकड़ में लहलहाती पोस्ते की फसल को वनविभाग और पुलिस के जवानों ने रौंद कर नष्ट कर दिया। गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को सीओ विजय कुमार दास, इंस्पेक्टर उमेश राम और प्रभारी वनपाल ललटू के नेतृत्व में जवानों ने रौंद कर नष्ट कर दिया। इस मामले में जमीन मालिक के खिलाफ टंडवा थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्ता नष्टीकरण की टंडवा प्रशासन को बड़ी सफलता मिली है। पोस्ता की खेती कर अवैध रूप से धनार्जन करने वालों में हड़कंप है।

## बनासो से बाइक की हुई चोरी

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के बनासो से बाइक चोरी हो गयी। इस संबंध में बनासो के राजेंद्र प्रजापति ने चोरी के बाबत विष्णुगढ़ थाने में सूचना दिया है। उन्होंने कहा है कि 27 जनवरी के दोपहर में बनासो स्थित बजरंग कम्प्लेक्स के बाहर बाइक हीरो ग्लैमर संख्या जे एच 02एएस 6126 खड़ी कर दुकान गया 20 मिनट बाद वापिस लौट कर आया तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन करने पर भी नहीं मिली। सीसीटीवी फुटेज देखने पर हेलमेट पहने अज्ञात व्यक्ति बाइक लेकरभाग निकला।






# वैष्णो देवी मंदिर के 34वें वार्षिकोत्सव पर भव्य कलश यात्रा 3 फरवरी को

> 8 फरवरी को पूर्णाहुति के बाद सुबह 10 बजे से माता का विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** माता वैष्णों देवी मंदिर का 34वां वार्षिकोत्सव आगामी 3 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। कलश यात्रा में शामिल धर्म प्रेमी महिलाएं माता की लाल चुनरी में होंगी। सभी धार्मिक अनुष्ठानों के मुख्य यजमान रवि खोसला और उनकी पत्नी रीतु खोसला होंगे। कलश यात्रा आगामी 3 फरवरी को प्रातः 9 बजे मंदिर परिसर से निकलेगी, जो शहर के झंडा चौक, गांधी चौक, मेन रोड, सुभाष चौक, शिवाजी रोड, लोहार टोला होते हुए चट्टी बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर पहुंचेगी, यहां कलश में जल भरकर वापस माता वैष्णों देवी मंदिर पहुंचेगी। माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चंद्र वासुदेव व सचिव महेश मारवाह ने संयुक्त रूप से बताया कि कलश यात्रा की सभी तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। श्री मारवाह ने बताया कि कलश उठाने वाली सभी श्रद्धालु महिलाएं कलश लेकर सुबह साढ़े आठ बजे तक मंदिर परिसर पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर को फूलों व विद्युत बल्बों से आकर्षक ढंग से सजाया जायेगा। माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव महेश मारवाह ने यह भी बताया कि आगामी 4 फरवरी को प्रातः 10 बजे गणेश पूजन, मंडप प्रवेश, अग्नि प्रवेश कराया जायेगा। 5 से 8 फरवरी तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से पूजन, शतचंडी पाठ, हवन आदि का आयोजन होगा। वहीं 6 फरवरी को अपराह्न 3 बजे से मंदिर परिसर में माता की चौकी और 7 फरवरी की रात्रि 9 बजे से माता की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक किया जायेगा। 8 फरवरी को पूणार्हुति के बाद सुबह 10 बजे से माता का विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए हैं।

## तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के लिए दिया गया प्रशिक्षण



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** ज़िला तंबाकू नियंत्रण कोषांग के द्वारा मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय मे शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। ज़िला नोडल पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी की अध्यक्षता मे संपन्न हुए प्रशिक्षण शिविर में डॉ नितेश कुमार और परामर्शी बिनय शर्मा के द्वारा शिक्षकों को विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी गयी। इस दौरान तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के गाइड लाइन को पूर्ण कैसे किया जाय इस पर चर्चा हुई। गाइड लाइन के अनुसार किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे यानी लगभग 300 फुट के दायरे मे किसी भी दुकानदार द्वारा तंबाकू उत्पाद नही बेचा जायेगा। यदि ऐसा होता है तो शिक्षण संस्थान उसकी शिकायत नजदीकी थाना प्रभारी से लिखित रूप से करेंगे। शिक्षण संस्थानों द्वारा सभा मे तंबाकू निषेध शपथ का आयोजन करेंगे। सभी शैक्षणिक संस्थानों द्वारा अपने मुख्य द्वार पर तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान का साइनेज और परिसर के अंदर तंबाकू मुक्त परिसर का साइनेज लगाया जाना हैं। साथ ही शैक्षणिक संस्थान 100 गज को चिंहित करते हुए पीले रंग द्वारा तंबाकू मुक्त क्षेत्र का प्रदर्शन करेंगे।

## राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़-टाटीझरिया पीएचसी स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे स्वास्थ्य साथिया पियार एजुकेटेड को प्रभारी निधिनारायण सिंह, रवि शंकर प्रसाद, डॉ रवि कुमार, मुखिया रेखा देवी साथिया साथी द्वारा नान फाइनेंशिय लांच बोक्स देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी के द्वारा स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी गयी। जिसमें बताया गया कि अपने क्षेत्र में 10 से 19 वर्ष के किशोर किशोरियों और युवा मैत्री केंद्र परामर्श भेजे, जिससे सभी जागरूक हो सके, साथ ही वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग की ओर से चल रहे टीबी कार्यक्रम में सहिया दीदी का सहयोग करें। इस अवसर पर स्वास्थ्य संबंधित सभी प्रकार की जानकारी दी गयी। मौके पर पीयूष कुमार, मीना कुमारी, शंकर पांडेय, काजल कुमारी, सुनीता देवी, रंजीत दांगी, रविंद्र कुमार, अमित कुमार, सुकेश बसंत, अनीता देवी, रीता देवी, पोखरी देवी, सरिता देवी, दीपा देवी, रेणु देवी, मुद्रिका देवी, शबनम नूरी, मैंजुन निशा, नासिरा खातून, शहनाज खातून समेत काफी संख्या में सहिया दीदी मौजूद रहे।

## बंद घर से जेवरात समेत आठ लाख रुपये के सामान की चोरी



**मांडू (आजाद सिपाही)।** बंद घर में चोरी हो जाने को लेकर मांडूचट्टी निवासी रामेश्वर प्रजापति ने मंगलवार को मांडू थाना में एक आवेदन दिया है। आवेदन में भुक्तभोगी रामेश्वर प्रजापति ने कहा है कि हमलोग पूरा परिवार घर में ताला लगाकर विगत 25 जनवरी को विवाह समारोह में शामिल होने के लिए रांची गये थे। इसके बाद 28 जनवरी को सुबह मेरी चाची पूजा करने के लिए गई थी। इस दौरान चाची की नजर घर के पीछे का दरवाजा में पड़ा तो वह खुला देखी। आनन फानन वह घर के अंदर जाकर देखी तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। इसके बाद वह दूरभाष पर हम लोगों को इसकी खबर दी। जब हम सभी परिवार घर वापस आये तो गोदरेज का लॉकर टूटा पाया। साथ ही घर से कीमती सामान चोरी हो गयी थी। भुक्तभोगी ने आवेदन में सोने का चैन (दो), हीरे का अंगूठी (एक), पांच जोड़ी पायल, नेकलेस, बिछिया,लॉकेट, बेरा, चांदी का चैन, चालीस हजार रुपये नकद समेत करीब आठ लाख रुपये मूल्य की समान चोरी हो जाने की सूचना पुलिस को दी है। भुक्तभोगी ने थाना में आवेदन देकर छानबीन करने की गुहार लगायी है। इधर चोरी की सूचना मिलते ही मांडू पुलिस ने चोरों को धर पकड़ करने व छानबीन में जुट गयी है।

## सोलर प्लांट के प्रबंधन के साथ ग्रामीणों ने की बैठक



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** चंदवारा प्रखंड के उरवां में डीवीसी और एनटीपीसी के द्वारा सोलर प्लांट लगाये जाने के विरोध में ग्रामीणों ने बैठक करके 25 सदस्य कोर कमेटी का गठन किया। कमेटी के संरक्षक महादेव राम संयोजक कृष्ण यादव, अध्यक्ष मनोज पासवान, सचिन शीतल यादव, कोषाध्यक्ष मो अनवर, मीडिया प्रभारी मथुरा यादव को बनाया गया है। वही एक अल्टीमेटम दिया है कि 5 तारीख तक यदि मांगे को नहीं माना गया तो 6 तारीख से अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेगा। इसका जिम्मेवार डीवीसी प्रबंधक होगा। बैठक की अध्यक्षता मुखिया मनोज पासवान और संचालन पंचायत समिति सदस्य रामविलास पासवान ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य महादेव राम, बरही के युवा नेता कृष्ण यादव, पूर्व मुखिया वीरेंद्र पासवान, उप मुखिया रघु यादव, सैयद अनवर, देवनारायण शर्मा, मोती दास, कैलाश पासवान, विदेशी यादव, रामदेव पासी, नंदू राणा, गणेश साव, महेंद्र मोदी, फुलवा देवी, अनीता देवी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सरस्वती पूजा को लेकर बैठक 29 को

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** आगामी सरस्वती पूजा को लेकर 29 जनवरी को शांति समिति की बैठक मरकच्चो थाना परिसर में की जायेगी। उक्त आशय की जानकारी मरकच्चो थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सरस्वती पूजा 3 फरवरी को है जिसे लेकर शांति समिति की बैठक रखी गयी है। उन्होंने बैठक में प्रखंड के जनप्रतिनिधियों, पूर्व जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों और सरस्वती पूजा समितियों को बैठक में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

## कीमती पत्थर लोड ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के सहाना रोड से कोडरमा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर क्वाट्र्ज पत्थर लोड एक ट्रक हो जब्त किया है। इस मामले में पुलिस के द्वारा सीता राम तिवारी पिता छात्रधारी तिवारी धरगांव तिवारी टोला नवलशाही निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ट्रक में लगभग 24 टन पत्थर लोड है। ट्रक पर लोड पत्थर की कीमत लाखों में बताई जा रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा स्टेशन के समीप मंगलवार को एक ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी घटना कोडरमा स्टेशन से करीब 100 मीटर पहले ओवर ब्रिज के नीचे घटी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे सुरक्षा बल कोडरमा और जीआरपी कोडरमा की टीम मौके पर पहुंची। मृतक यात्री की पहचान कोलकाता निवासी 57 वर्षीय अरविंद प्रसाद के रूप में की गयी है। वह गया से कोलकाता जा रहे थे। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया गया।

## टाटीझरिया में दो चोर हुए गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत खंभवा में चोरी के पांच टुल्लू पम्प सहित दो पंप चोर को टाटीझरिया थाना ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया बता दे कि मंडपा निवासी गणेश साव पिता स्व लालजी साव ने कृषि कार्य के लिए खेत में टुल्लू पम्प लगाया था जो कि चोरी हो गयी। किसान गणेश साव ने टाटीझरिया थाना में 27 जनवरी 2025 सोमवार को पंप चोरी होने की लिखित आवेदन दिया जिसमें जिक्र था कि पंप चोरी होने के कारण खेती कार्य में बाधित हो रही है उक्त आवेदन पर संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार विष्णुगढ़ एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद के नेतृत्व में टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने छापामारी कर 18 घंटे के अंदर मामला का उद्भेदन कर दिया विष्णुगढ़ एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने बताया कि पांच टुल्लू पम्प में 02 होंडा इंजन मोनोसेट पंप, एक महेंद्रा कंपनी का टुल्लू पंप एक उफ्क्र का टुल्लू पम्प एक टेक्मो कंपनी का टुल्लू पंप और 02 ब्लू रंग का सेक्शन पाइप खंभवा निवासी शिव कुमार सिंह पिता केदार सिंह और राजेश्वर सिंह उर्फ राजू सिंह पिता विशुनधारी सिंह के घर से प्राप्त हुआ थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने कहा कि इस कांड में जो भी और संलिप्त होगा करवाई की जाएगी थाना कांड संख्या 03/ 25 मामला दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत हजारीबाग भेज दिया गया छापामारी दल में एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद, थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, साआनि दीपक कुमार, टिंकू कुमार और संजय कुमार शामिल थे।

## गायब नाबालिग लड़की बरामद

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** विगत दिनों गुरपा से एक नाबालिग लड़की अपनी मां के साथ तिलैया बाजार करने आयी थी, बाजार आने के पश्चात कोडरमा रेलवे स्टेशन के बाहर से ठेला पर नाश्ता करने गयी थी, उसी दौरान गायब हो गयी। लड़की के परिवार वालों द्वारा काफी खोजबीन किया गया, परंतु लड़की कहीं नहीं मिली। लड़की की मां के द्वारा इस संबंध में तिलैया थाना में आवेदन देकर खोजबीन करने की मांग की। जिसके आधार पर तिलैया थाना काण्ड संख्या-18/25 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने उक्त कांड में गायब नाबालिक लड़की की बरामदगी और कांड में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। काण्ड के अनुसंधान के क्रम में मिली गुप्त सूचना और तकनिकी साक्ष्य के आधार पर उक्त नाबालिक को बरामद करने हेतु गठित टीम को राजस्थान भेजा गया। जहां टीम द्वारा उक्त नाबालिक लड़की को बरामद किया गया और इस काण्ड में संलिप्त एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के पश्चात नाबलिग द्वारा बताया गया कि इन्हें तिलैया में कोई व्यक्ति प्रसाद खिला दिया, जिसके कारण वह लडकी बेहोश हो गई, इसके बाद कहां ले गये कुछ मालूम नहीं।

## खाटू श्याम ज्योत रथ का कुजू में स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** खाटू श्याम राजस्थान से रामगढ़ श्याम मंदिर जा रहे ज्योत रथ का कुजू क्षेत्र के विभिन्न स्थान पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कुजू चौक, शिव मंदिर प्रांगण, धनहारा मोड़, भरेचनगर सांडी, बजरंग बली मंदिर के निकट धर्म प्रेमियों ने खाटू श्याम जी की जयकार लगाकर और ज्योत रथ पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जहां कुजू चौक पर मारवाड़ी और केशरी समाज के महिला पुरूषों सहित अन्य धर्म प्रेमियों ने ज्योत दर्शन कर भक्ति भाव से पूजार्चना किया। साथ ही, महिला, पुरुष व बच्चों ने झूमते हुए नृत्य कर भक्ति के सागर में डुबकी लगाई। मौके पर धर्मप्रेमी तरुण अग्रवाल ने बताया कि आगामी 3 से 8 फरवरी तक आयोजित रामगढ़ खाटू श्याम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कार्यक्रम के लिए ज्योत रथ राजस्थान से आया है। मौके पर गोपाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, कमल अग्रवाल, डब्बू अग्रवाल, अमित अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, नीरू अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, बिनू अग्रवाल, चंचल अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, शशि अग्रवाल, अंचल अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, विभा अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, रिंकी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, कविता अग्रवाल, आंचल अग्रवाल, सिद्धि मित्तल, विदिशा मित्तल, दिव्यांश प्रियांश, माधव समेत कई श्रद्धालु शामिल रहे।

## पंचायत समिति सदस्यों की बैठक

**मरकच्चो(आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक मंगलवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख बिजय कुमार सिंह ने की। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने अपने पंचायत से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए अधिकारियों से अमल कराने की मांग की गयी। बैठक में जामु जलमीनार मरम्मत का मामला उठाया गया था जो इस बैठक तक ठीक नहीं हो पाया जिससे लोगों ने नाराजगी व्यक्त की। तेलोडीह और चोपनाडीह पंचायत के समिति सदस्यों ने पेयजलापूर्ति को ले सिर्फ खानापूर्ति करने का मामला उठाया जिसमें अविलम्ब सुधार करने की मांग की गयी। बैठक में पिंकी देवी, डॉ प्रदीप बैठा, सियाराम सिंह, राकेश रंजन, लक्ष्मीकांत लोहरा, चितरंजन कुमार, जे ई हरे कृष्ण केसरवानी, जहेन्द्र भगत, प्रमोद कुमार,माधुरी कुमारी, बिभा कुमारी, कैलाश प्रसाद यादव, बेदु साव, नितिन चन्द्र गुप्ता, धानेश्वर यादव उपस्थित थे।

## पतरातू थाना क्षेत्र के सांकुल गांव में हुई चोरी

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत सांकुल गांव निवासी मखन ठाकुर के आवास में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। जिसकी लिखित सूचना मखन ठाकुर के द्वारा पतरातू थाना को दिया गया है आवेदन में उन्होंने जेवरात और नगद रुपये अज्ञात चोरों द्वारा मकान के सभी कमरे में लगे ताले को तोड़कर ले कर भागने की बातें कहीं हैं। भुक्तभोगी मखन ठाकुर ने बताया कि वह अपने पोते के इलाज के लिए जमेशदपुर गया था। जब वह घर लौटा तो घर का मुख्य दरवाजा सहित सभी कमरे में लगे ताला टुटा हुआ था। विभिन्न समानो का बिखाराव किया गया था। ऐसी स्थिति देकर पुलिस को सुचना दी। चोरी की घटना की जानकारी मिलने के बाद पतरातू थाना पुलिस सांकुल गांव पहुंचकर घटना कि जानकारी ली। चोरी की घटना से मुहल्ले वासियों में भी दहशत का माहौल देखा गया।

## बाबा अंबेडकर सम्मान मार्च कार्यक्रम




**चलकुशा/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम कटघरा में कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान से बाबा साहेब डॉ अंबेडकर सम्मान मार्च कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह बींस सूत्री उपाध्यक्ष मोइनुद्दीन के नेतृत्व में निकाला गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष डॉ प्रकाश कुमार शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा इस वक्त बाबा साहेब के सिध्दांतों से भटक कर काम कर रही है। मौके पर सिकेंदर अली, अब्दुल जब्बार, मुनीया देवी, त्रिलोकी मिर्धा, समसुदीन अंसारी, बाबुलाल तुरी और काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 76वें गणतंत्र दिवस पर त्रिवेणी सैनिक में आन-बान-शान से फहराया तिरंगा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** पकरी बरवाडीह खनन परियोजना के लंगातु स्थित प्रशासनिक-भवन परिसर में 76 वें गणतंत्र दिवस पर पूरे आन, बान और शान के साथ तिरंगा झंडा फहराया गया। त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के सीइओ कोल माइनिंग संजय कुमार खटोड़ ने झंडोत्तोलन किया और उपस्थित परेड को सलामी दी। इस राष्ट्रीय पर्व के पावन मौके पर टीएसएमपीएल के वरिष्ठ अधिकारीगण,कर्मचारीगण, महिला कर्मचारीगण और भारी संख्या में खनन प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीण मौजूद थे। अपने संबोधन भाषण में संजय कुमार खटोड़ ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है और आज इस मौके पर पूरा देश इसे जोश, जुनून और उत्साह के साथ मना रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आजका दिन हमें देश के अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं को नमन करने का है जो कि हमें अपने कर्तव्यों और अधिकारों की याद दिलाने के साथ-साथ इस महान राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका निभाने की प्रेरणा और संबल देता है। देश के विकास की रफ्तार में कोयला एक अहम भूमिका निभाता है और हमें इसको लेकर प्रसन्नता और गर्व है कि देश के विकास में पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना भी अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे रही है।

## योजनाओं को लेकर ग्राम सभा का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए बड़कागांव मध्य पंचायत भवन में समन्वय समिति की ग्राम सभा हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया मोहम्मद तकरीम उल्लाह खान ने किया। जबकि संचालन पंचायत सेवक अशोक तिवारी ने किया। ग्राम सभा में सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि, वार्ड सदस्य शामिल हुए। मौके पर मुखिया मोहम्मद तकरीम उल्लाह खान, पंचायत सेवक अशोक तिवारी, वार्ड सदस्य गणेश राम, समीना खातून, संजय कुमार रवि, हेमंती देवी, सविता देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी, सीमा देवी, नीतू देवी, लीला देवी, प्रेमलता कुमारी, पवन कुमार पांडेय आदि शामिल थे।
















# मानस गंगोत्री नर्सिंग कॉलेज का शुभारंभ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** वन विभाग के चेकनाका से आगे अवस्थित उदय दूबे के मकान में संचालित मानस गंगोत्री नर्सिंग कॉलेज का शुभारंभ गणतंत्र दिवस के अवसर पर धूमधाम से हुआ। कॉलेज कार्यालय का उद्घाटन कॉलेज के विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार सिंह ने पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर किया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि भवनाथपुर जैसे क्षेत्र में नर्सिंग कॉलेज खुलना गर्व की बात है। नर्सिंग कॉलेज खुलने से भवनाथपुर, केतार, खरौंधी, श्रीबंशीधर नगर और रमुना के छात्र छात्राओं को अब नर्सिंग की पढ़ाई के लिए दूर दूसरे जिलों तथा अन्य राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। कहा कि उक्त कॉलेज झारखंड सरकार से स्थायी संबंद्धता प्राप्त है, जिसमे एएनएम और जीएनएम कोर्स के लिए क्रमशः दो वर्ष और तीन वर्ष तक की पढ़ाई होगी। इस कॉलेज में नामांकन जारी है, अब तक दोनों संकायों में करीब 50 छात्र-छात्राएं नामांकन ले चुके है। कहा कि एएनएम और जीएनएम का पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं को सरकार के द्वारा छात्रवृति की सुविधा मिलेगी। इस मौके पर प्रबंध निदेशक आदित्य कुमार सिंह, सहायक मैनेजर अनिल सिंह, कॉलेज कर्मी अंजू गुप्ता, दुर्गेश कुमार, राजेश्वर साह, मुकेश, विनोद, रामलाल, पूनम देवी, लालती देवी, सीताराम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गढ़वा के भ्रष्ट पदाधिकारियों की संपत्ति की जांच करायी जायेगी : सत्येंद्र नाथ तिवारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के विधायक और सामान्य प्रयोजन समिति के सभापति सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि अगर मैं जनता से किये वादे पर खरा नहीं उतरा, तो विधायक पद से इस्तीफा दे दूंगा।

उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री गरीबों का खून लगातार 5 वर्षों तक चूसने के बाद, 23 नवंबर को गढ़वा विधानसभा चुनाव परिणाम/जनादेश को शिरोधार्य करने के बजाय, उन्होंने बैकडोर से भ्रष्ट पदाधिकारियों के माध्यम से गढ़वा जिले/विधानसभा में आउट ऑफ टर्न और बिना प्रशिक्षण के सरकार के महत्वपूर्ण पदों पर अपने चहेतों को बैठाया है। ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों का पूर्व मंत्री के इशारे पर उन्हें खुश करने के लिए भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में



महत्वपूर्ण भूमिका में रहे हैं।

श्री तिवारी ने कहा कि खासकर रंका एवं मेराल थाना में रात भर अवैध बालू उत्खनन का कार्य चल रहा है। ऐसी पुष्ट सूचना नहीं, बल्कि वीडियोग्राफी भी भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने मुझे भेजी है, जिसका मैं घोर विरोध करता हूं। बालू लोगों को अवश्य मिले, पर निःशुल्क मिले। बालू का गोरखधंधा रात में नहीं बल्कि दिन के उजाले में बिना रिश्वत के चले, मैं यह चाहता हूं, ताकि लाभार्थियों को कम दाम पर सुलभ तरीके से बालू उपलब्ध हो और ट्रैक्टर मालिक को भी थोड़ी मेहनताना मिल सके। पर यह सरकार और उनके भ्रष्ट पदाधिकारी मानते ही नहीं।

गढ़वा विधायक ने कहा कि सभी भ्रष्ट पदाधिकारियों और आउट ऑफ टर्न सेवा दे रहे पदाधिकारियों की सूची तैयार कर रहा हूं। उनके सगे संबंधियों की आय में बेतहाशा वृद्धि, जो आय से अधिक संपत्ति के दायरे में आती है, उसकी जांच का विधानसभा के माध्यम से कराके उन्हें दंडित कराकर ही दम लूंगा। इतना ही नहीं, विधानसभा के पटल पर रखने के बावजूद इनकम टैक्स, सीबीआई, ईडी के साथ ही साथ भारत सरकार, गृह मंत्रालय को भी लिखूंगा। चाहे जालसाज संवेदक हो, पदाधिकारी हो, किसी को भी किसी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।

# पत्नी को पिस्तौल सटाने वाले के घर से पुलिस ने लोडेड देसी कट्टा के साथ पांच जिंदा कारतूस किया बरामद

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने ओखरगाड़ा गांव से पत्नी को पिस्तौल सटा कर गोली मारने की धमकी देने वाला के घर से लोडेड देसी कट्टा के साथ पांच जिंदा कारतूस बरामद किया है। थाना प्रभारी विष्णु कांत के अनुसार ओखरगाड़ा गांव निवासी अजय प्रसाद गुप्ता ने अपनी पत्नी कौशल्या देवी के साथ मारपीट करते हुए कनपटी में पिस्टल सटा कर गोली मार देने की धमकी देते हुए मारपीट कर घर से चला गया। यह घटना पत्नी द्वारा गांव के ही एक महिला के साथ चल रहा उसका अवैध संबंध के कारण हुआ था। कौशल्या देवी घटना के बाद काफी डरी और सहमी हुई है। उसने घटना की सूचना अपने मायके वालों को दी इसके बाद उनलोगों द्वारा घटना की जानकारी दिया। जानकारी मिलने पर एएसआई जैनेंद्र पासवान और पुलिस बल के साथ उसके घर पहुंचा परंतु तब तक अजय प्रसाद गुप्ता घर से फरार हो गया। पत्नी के व्यान पर अजय के घर की तलाशी लिए तो एक लोडेड देशी कट्टा के साथ पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया। अजय पर थाना में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

# झामुमो के सदस्यता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ

रंका (आजाद सिपाही)। अनुमंडल मुख्यालय के बाजार स्थित फूलबाड़ी के समीप स्टाल लगाकर झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, जिला सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह एवं प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता पूर्व मुखिया अनिल चंद्रवंशी, रौशन पाठक, प्रखंड सचिव इरफान अंसारी, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक सह राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के जिला अध्यक्ष आफताब आलम, संजय सिन्हा, धीरज कुमार, इस्राफील सिद्दिकी, हबिब अंसारी, मुमताज अली रंगसाज सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग

रोजगार मेला, दिनांक – 30.01.2025

**सूचना**

अवर प्रादेशिक नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर, हजारीबाग द्वारा दिनांक 30.01.2025 को आई० टी० आई० परिसर, सिन्दुर, हजारीबाग में 10:00 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराह्न तक निम्न कंपनियों के अधीन रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न हैं :–

| S.N | Name of the Establishment | Name of Vacancies | No of Vacanies | Qualification | Experience | Age | Pay/Salary | Job Location | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Fives Digital Delivering impact sustainably Jamshedpur Jharkhand | Customer Care Executive | | Intermediate | Fresher | | 9000 - 15000 | Jamshedpur Jharkand | Good command over Hindi and English |
| 2 | Dr. Rajendra Prasad Pvt. I.T.I. Hurhuru Road, Hazaribagh | Instructor Electrician | 02 | Diploma in Electrical Engineering 1. EE 2. EEE 3. ECE | Not Required (will be better if experienced) | 18 Years + | 8000 to 10000 (Negotiable) per month | | |
| | | Instructor Electrician | 02 | B.Tech in Electrical Engineering 1. EE 2. EEE 3. ECE | Not Required (will be better if experienced) | 21 Years + | 9000 to 12000 (Negotiable) per month | | |
| | | Instructor Fitter | 01 | Diploma in Mechnical Engineering | Not Required (will be better if experienced) | 18 Years + | 8000 to 10000 (Negotiable) per month | | |
| 3 | Aadhyaa HR Solution Pvt Ltd Bangalore | Junior Technician | 70 | I.T.I. & Diploma | Fresher | 18-34 | 16000-17000 | Bangalore | |
| | | Junior Technician | 100 | I.T.I. & Diploma | Fresher | 18-34 | 20500 | Bangalore | |
| | | Senior Technician | 28 | I.T.I. & Diploma (Fitter & Mechanicals only) | 06 month to 1 years | 18-34 | 17000-20000 | Bangalore | |
| | | Helpers | 40 | Not Need any Qualification | Fresher | 18-40 | 18000 | Bangalore | |
| | | Helpers | 20 | Not Need any Qualification | Fresher | 18-38 | 16000 | Bangalore | |
| 4 | CAIT Edusya Pvt Ltd Pune | Production Quality | 60 | 10$^{th}$, 12$^{th}$, I.T.I | Fresher | 18-30 | 18000 | | |
| | | NATS/NAPS | 35 | Diploma, B. Tech | Fresher | 18-30 | 14500-20000 | | |
| | | Helpers | 30 | 10th | Fresher | 18-35 | 16000 | | |
| 5 | Sun Bright Manpower Kolar, Karnataka | Assembly Operator (Honda Motorcycle) | 500 | I.T.I All Trade and 10$^{th}$, | Fresher | 18-29 | 17400 CTC | | Male |
| | | Mobile Operator (Tata Electronic) | 300 | 10$^{th}$, 12$^{th}$ and Diploma | Fresher | 18-26 | 19600 CTC | | Female |
| 6 | Gramine Vikash Avam Prasikchhan Foundation Gujarat | Machine Operator | 50 | 10$^{th}$ 12th | Fresher | 18-35 | 14700 | Gujarat | |
| | | Quality Inspector | 100 | I.T.I. Diploma | Fresher | 18-35 | 15700 | Gujarat | |
| 7 | AB India Services Saraikela Kharsawa | Data Entry operator | 25 | Inter, DCA | No | 18-45 | 8000 | Home Based | Computer Must |
| | | Computer Operator | 25 | Graduation, DCA | No | 18-45 | 10000 | Home Based | Computer Must |
| | | Tell caller | 10 | Inter | No | 18-45 | 6000 | Home Based | Mobile Recharge Expenses |
| | | Trainee Operator | 25 | ITI | Fresher | 18-23 | 11000 | Jamshedpur/West Bengal | Bus + Canteen Facility |
| | | Trainee | 25 | Inter | Fresher | 18-23 | 11000 | Noida | Bus + Canteen Facility |
| | | Mobilizer | 10 | Matric | Fresher | 18-45 | 10000 | Hazaribagh | |
| | | Field Executive | 10 | Matric | Fresher | 18-45 | 10000 | Hazaribagh | |
| | | Project Trainer | 2 | MBA / B Tech (English Fluent) | Fresher | 20-40 | 12000 | Hazaribagh | |
| | | Helper | 30 | Non Matric | Fresher | 18-45 | 10000 | Orissa | Lodging + Fooding Free |
| | | Side Supervisor | 5 | Graduation | 6 Month | 23-45 | 12000 | Jharkhand/ orissa | |
| | | Tele Sales Executive | 10 | Inter | 6 Month | 20-35 | 10000 | Home Based | |
| | | Transcribers | 10 | Inter | 6 Month | 20-36 | 12000 | Home Based | |
| | | Running / Scott Staff | 25 | Matric | Fresher | 18-45 | 12000 | orissa | Lodging Free |
| | | Technician / Engineer | 20 | ITI/Diploma | Fresher | 18-35 | 15000 | Maharashtra/Gujrat | Lodging + Transport Facility |
| | | Sales Executive | 10 | Graduation | 6 Month | 18-45 | 12000 | Hazaribagh | Patrol + Mobile Expanse |
| | | Panchayat Coordinator | 25 | Graduation | | 20-45 | 15000 | Hazaribagh | Patrol + Mobile Expanse |
| | | Surveyor | 15 | Inter | Fresher | 20-45 | 12000 | Hazaribagh | Patrol + Mobile Expanse |
| | | Fitter | 5 | ITI (Fitter) | 1 Year | 20-45 | 12000-15000 | Saraikela | |
| | | Welder | 5 | ITI (Welder) | 1 Year | 20-45 | 12000-15000 | Saraikela | |
| | | Business Development officer | 5 | Graduation | 1 Year | 22-45 | 15000-20000 | Hazaribagh | Patrol + Mobile Expanse |
| | | Block Field Supervisor | 10 | Graduation | Field Exp. | 19-45 | 15000-20000 | Hazaribagh | Patrol + Mobile Expanse |
| 8 | Balajee CWC Associates Pvt Ltd Delhi NCR | Graduate Trainee | 250 | B.S.C, B.B.A. B. Com, B. Tech | Fresher & Experience | 18-35 | Gross 17916 | Delhi NCR | |
| | | Diploma Trainee | 200 | Diploma | Fresher & Experience | 18-35 | Gross 17916 | Delhi NCR | |
| | | Fitter | 250 | I.T.I All Trade | Fresher & Experience | 18-35 | Gross 16000 | Delhi NCR | |
| | | Machine Operator | 200 | I.T.I All Trade | Fresher & Experience | 18-35 | Gross 17200 | Delhi NCR | |
| | | Trainee Operator | 200 | 10$^{th}$ pass | Fresher & Experience | 18-35 | Gross 17200 | Delhi NCR | |
| | | Trainee Operator | 280 | 10$^{th}$ pass | Fresher & Experience | 18-35 | Gross 14000 | Delhi NCR | |
| | | Security Guard | 100 | 12$^{th}$ and Graduate | Fresher & Experience | 18-35 | Gross 17000 | Delhi NCR | |
| 9 | R.J. Manpower Sync. Solution Pvt Ltd Jharkhand | Technical Helper | 20 | 10$^{th}$ | No | 18-40 | 10000 | Patna, Hazaribagh | |
| | | Civil Helper | 50 | 5$^{th}$ | No | 18-40 | 16000 | Odisa | |
| | | Security Guard | 20 | 10$^{th}$, 12$^{th}$ | 1 Year | 23-40 | 21000 | Raipur | |
| | | Masson | 20 | Any | 1 Year | 18-40 | 20000 | Odisa | |
| | | Bar Bender | 20 | Any | 1 Year | 18-40 | 20000 | Odisa | |
| | | Car painter | 10 | Any | 1 Year | 18-40 | 20000 | Odisa | |
| | | Accountant | 5 | 12$^{th}$, B com, M Com | 1 Year | 18-40 | 18000 | Ranchi | |
| | | Driver | 2 | 8$^{th}$ | 2Year | 18-40 | 15000 | Ranchi | |
| | | House Keeping | 25 | 8$^{th}$ | No | 18-40 | 14000 | Jharkhand | |
| | | Security Guard | 15 | 10$^{th}$ | No | 18-40 | 13000 | Asansol | |
| | | AC Coach Attendant | 50 | 10$^{th}$ | No | 18-40 | 15000 | Jamshedpur, Raurkela, Dhanbad | |
| | | OD Collection | 25 | 10th | No | 18-35 | 17000 | Jharkhand | |
| 10 | Maharaja Shree Umaid Mills Ltd Rajasthan | Manufacturing cotton yarn | 50 | 5$^{th}$ to 10$^{th}$ | No | 18-35 | | Pali Rajasthan | Male |
| 11 | Oral Electronics India Pvt Ltd | Sales Marketing | 30 | 10$^{th}$, 12$^{th}$ | No | 18-40 | 11550 | Hazaribagh | |
| | | Supervisor | 05 | BA | 1 Year | 18-40 | 12500 | Hazaribagh | |
| | | HR Manager | 02 | P.G. | 1 Year | 18-40 | 12500 | Jamshedpur | |
| | | Computer Opp. | 10 | 12$^{th}$, DCA, ADCA | 2Year | 18-40 | 14000 | Jamshedpur | |
| | | Tele Coller | 05 | 12$^{th}$ | No | 18-40 | 11000 | Hazaribagh | |
| | | I.T.I Electronics | 25 | 10$^{th}$ ITI | 2 Year | 18-40 | 7500 | Hazaribagh, Jamshedpur | |
| | | Account | 01 | P.G., Telly | 1 Year | 18-40 | 15000 | Jamshedpur | |
| 12 | Money Tree Credit Patna Bihar | Loan officer | 100 | 12$^{th}$ to Post Graduate | Fresher | 18-35 | 10000 - 15000 | All Bihar & Jharkhand | |
| | | Group Relationship officer | | 12$^{th}$ to Post Graduate | Fresher | 20-28 | 13750 | All Bihar & Jharkhand | |
| | | Group Manager | | 12$^{th}$ to Post Graduate | Fresher | 20-28 | 13750 | All Bihar & Jharkhand | |
| 12 | Money Tree Credit Patna Bihar | Trainee Credit officer | | 12$^{th}$ to Post Graduate | Fresher | 18-35 | 11717 | All Bihar & Jharkhand | Male |
| | | Sales Executive | | 12$^{th}$ to Post Graduate | Fresher | 18-30 | 15000 | All Bihar | |
| | | Relationship Manager | | Graduate | Fresher | 18-25 | 25000 | All Bihar & Jharkhand | |
| | | Relationship officer | | 12$^{th}$ to Post Graduate | Fresher | 18-35 | 15500 | All Bihar & Jharkhand | |
| | | Field Sales Executive | | 12$^{th}$ to Post Graduate | Fresher | 18-35 | 15500 | All Bihar & Jharkhand | Male |
| | | Team Leader | | Graduate | Fresher | 18-35 | 20000 | All Bihar & Jharkhand | |
| | | Assistant Manager | | Graduate | 0 to 3 Years | 20-28 | 25000 | All Bihar & Jharkhand | |
| | | Branch Manager | | Graduate | 1 to 3 Years | 20-30 | 30000 | All Bihar & Jharkhand | |
| | | Sales officer | | 12$^{th}$ to Post Graduate | Fresher | 18-30 | 15000 | All Bihar & Jharkhand | Male |
| | | Sales Executive | | 12$^{th}$ to Post Graduate | Fresher | 18-30 | 15000 | All Bihar & Jharkhand | |
| | | Relationship Manager | | Graduate | Fresher | 18-25 | 25000 | All Bihar & Jharkhand | |
| 13 | Radiant Future Management & Marketing Dhanbad | Recruiter Work from Home | 100 | 10$^{th}$ | Fresher / Experience | 18-35 | Daily Income up to 1000 | Work from home | ID Charge 199 Applicable |
| | | HR Executive | 24 | Graduate with good communication skill | Fresher / Experience | 18-35 | Daily Income up to 1200 | Work from home | ID Charge 999 Applicable |
| | | Clicking Job (Digital Marketing Work from Home) | 100 | 10$^{th}$ | Fresher / Experience | 18-35 | Weekly Income up to 3000 | Work from home | ID Charge 499 Applicable |
| | | Panchayat co ordinator (Skill India Department) | 20 | 10$^{th}$, 12$^{th}$ | Fresher / Experience | 18-35 | Weekly Income up to 400 to 3000 | All over Jharkhand (Home location posting) | ID Charge 499 Applicable |
| | | Survey Executive (Un Employment Survey ) | 40 | 10$^{th}$, 12$^{th}$ | Fresher / Experience | 18-35 | Rs 10000 | All over Jharkhand (Block wise seats) | ID Charge 499 Applicable |
| | | Free Certificate Course in Hotel Mangaement | 200 | 10$^{th}$, 12$^{th}$ | Fresher | 18-23 | 10000 to 13000 Loding free + Fooding Free | State wise posting in pan india | Course Free Enrolment Fee Rs 1999 only |
| | | Inventory Clerk (Back officer Job | 100 | 10$^{th}$, 12$^{th}$ | Fresher / Experience | 18-35 | 15 k to 18 k | Hyderabad, Pune, Bangalore, Gujrat, Kolkata | 3 Month Training in Dhanbad |
| | | Where House Packaging Boy | 100 | 10$^{th}$ | Fresher / Experience | 18-35 | 13 k to 15 k | Bangalore, Ahmedabad, Gujrat, Rajasthan, Delhi | 3 Month Training in Dhanbad |
| | | Manufacturing Plant Steel Iron Plant Sponge Iron Plant and Electrical Plant Etc | 100 | 10$^{th}$, 12$^{th}$, Graduate, I.T.I Diploma | Fresher / Experience | 18-35 | 14k to 21 k | Bangalore, Ahmedabad, Gujrat, Rajasthan, Delhi | Duty 12 Hours |
| | | Cloth Manufacturing Unit (SMO Department) | 200 | 10$^{th}$ | Fresher / Experience | 18-35 | 14k to 18 k | Bangalore, Ahmedabad, Gujrat, Rajasthan, Delhi | Duty 12 Hours |
| | | General Duty Assistant (GDA) Assistant Nurse | 120 | 10$^{th}$ | Fresher / Experience | 18-35 | 14k to 18 k | Hyderabad, Pune, Bangalore, Gujrat, Kolkata | 3 Month Training in Dhanbad |
| 14 | Chaitanya India Fin Credit Pvt. Ltd. Hazaribagh | Customer Relationship Executive | 40 | 10$^{th}$, 12$^{th}$ | Fresher | 30 | 12770 | | Food + Accommodation Free |
| 15 | Spandana Sphoorty Financial Ltd Hazaribagh | Loan Officer | 20 | 12$^{th}$, ITI, Diploma | Fresher | 18-36 | 14380 | | Bike / DL |
| 16 | Express Job Consultancy (Jay Bharat) Dumka | Helper Packer | 50 | I.T.I. Pass | Fresher | 18-36 | 14000 CTC | Kolkata Hawarah GILEN Industries (Kolkata/DELHI/ Bangalore | Permanent |
| | | Telecaller / Reception / Sale & Marketing / Comp Operator | 40 | 10$^{th}$ 12$^{th}$ Graduation 10$^{th}$ Pass | Fresher | 18-36 18-36 | 8000 – 25000 UPTO 8000 - 10000 | All Jharkhand | Permanent |
| | | Security Guard | 10 | 12$^{th}$ Pass | Fresher | 18-40 | 24000 CTC | West Bangal Jharkhand Bihar | Permanent |
| | | Filed officer / Collection Officer EDUCATION BPM | 20 | 12$^{th}$ Pass | Fresher | 18-40 | 23500 CTC | All Jharkhand | Permanent |
| | | Arvind Ltd SMVT Bangalore | 50 | 8$^{th}$ Pass | Fresher | 18-40 | | Banglore | Permanent |
| | | Gilen Industries (LIIMR Enterprise) Packer Pecker | 20 | 12$^{th}$ Pass, I.T.I Pass | Fresher | 18-35 | 12500 CTC | Kokkata | M/F |
| | | (Arvind Ltd) Helper / Manager | 50 | 8$^{th}$ 10$^{th}$ 12$^{th}$ Pass | Fresher | 18-45 | 23500 CTC | Bangalore | M |
| | | (Tiger Egeal) Security Guard | 20 | 8$^{th}$ 10$^{th}$ 12$^{th}$ Pass | Fresher | 19-45 | 10K to 17K | Jharkhand Bihar West Bangal | M |
| | | (Education BPM) Field Work | 20 | 12$^{th}$ Pass, I.T.I Pass | Fresher | 19-45 | 15K Upto | Jharkhand Bihar | M |
| | | (Utkersh/Esaf Bank) Collection officer | 20 | 12$^{th}$ Pass, | Fresher | 19-45 | 23K CTC | Jharkhand Bihar West Bangal | M |
| | | Rail Way Const) Electrician | 10 | I.T.I Pass | Yes | 19-40 | 12 K CTC | Jharkhand West Bangal | M |
| 17 | IPS Groups Ratlam (M.P.) | Machine Operator and Helper | 100 | 8$^{th}$ to 12$^{th}$ pass and ITI any Trade | Fresher | 18-38 | 13000 - 18000 | Ratlam | Ratlam |
| 18 | Raxa Security Services Pvt Ltd Andhra Pradesh | Security Guard | 200 | 10$^{th}$ pass | Fresher | 18-35 | As per State Minimum wages | | |
| 19 | People Mantra Human resource solutions Ahmadabad | Tenneco Automotive India Pvt. Ltd | 50 | I.T.I. All Trade | | 18-35 | 14250 (Stipend) | Sanand, Ahmadabad, Gujarat | |
| | | Sun Vacuum Formers India Pvt. Ltd | 50 | Diploma (Mechanical & Electrical) | | 18-35 | 16500 (Stipend) | Kadi, Mahesana, Gujarat | |
| | | Auto comp Corporation Panse. Pvt. Ltd | 50 | 10$^{th}$ 12$^{th}$ pass | | 18-35 | 19500 (Stipend) | Sanand, Ahmadabad, Gujarat | |
| 20 | Svatantra Micrdeim Pvt. Ltd. Chatra | Field Officer | 100 | 10$^{th}$ pass | Fresher | 18-28 | 12000-15000 | | Bike, DL, KYC, PAN is mandatory |
| | | R.D. Collection | 10 | 10$^{th}$ pass | Fresher | 18-28 | 12000-15000 | | Bike, DL, KYC, PAN is mandatory |
| | | Branch Manager | 05 | Inter | 2 Years | 18-30 | 20000 | | Bike, DL, KYC, PAN is mandatory |
| 21 | LIC Of India Hazaribagh | Financial Advisor | 50 | 10$^{th}$ pass | Sales (Desirable) | 18+ | 7000+ Hand some commission | | Hand some commission |
| 22 | Sonata Finance Pvt Ltd, Hazaribagh | Loan officer | 40 | Intermediate , 12th | Fresher | 18-28 | 14000-18000 | | Female Preferred |
| | | Auditor | 03 | B.Com. | Fresher | 18-22 | 20k – 22 k | | Males only |
| 23 | Reliance Nippon Life Insurance, Hazaribagh | ARDM | 16 | Graduate | Fresher | 25-40 | 15000 - 20000 | Hazaribagh | |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए इस रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों एवं अंक प्रमाण–पत्रों की छाया प्रतियां अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र तथा वायोडाटा दो प्रतियों में, दो पासपोर्ट साईज का फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तेक्षप नहीं रहेगा। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नही होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग

PR 345293 Labour Employment and Traning (24-25)_D

# दो लाख का इनामी जेजेएमपी का एरिया कमांडर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एक एरिया कमांडर जीतेंद्र सिंह उर्फ बजरंगी, पिता दशरथ सिंह सेमरियाटांड, तुपूखुर्द, लातेहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



पुलिस को यह सफलता पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गयी कार्यवाही के बाद मिली।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस मुख्यालय आयोजित एक प्रेस वार्ता में बताया कि पिछले 23 जनवरी की रात्रि तकरीबन दस बजे जेजेएमपी के एरिया कमांडर जीतेद्र सिंह उर्फ बजरंगी, संतोष सिंह, सतेन सिंह, लिटू सिंह, राकेश सिंह उर्फ मोटू, सुकुलदेव उरांव हथियार के साथ सेमरियाटांड़, बेंदी, लातेहार के युगल किशोर सिंह पिता स्व बाल किशोर सिंह के घर की चहारदिवारी फांद कर उनके आंगन में घुस गये और खिड़की दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया।

उन्होंने आंगन में लगे एक मोटरसाइकिल को लूट लिया। युगल किशोर सिंह के आवेदन में लातेहार में कांड संख्या 20/25 दर्ज किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ अरबिंद कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी टीम बनायी गयी। छापामारी टीम के पुलिस निरीक्षक सह सदर थाना प्रभारी दुलार् चौड़े समेत अन्य कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

इधर सूचना के आधार पर पुलिस ने सेमरियाटांड़ गांव के आरती भठ्ठा के पास जंगल से जीतेंद्र सिंह उर्फ बजरंगी को गिरफ्तार कर लिया. उसकी निशानेदही पर एक लोडेड देशी पिस्तौल व चार जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

छापामारी में पुनि दुलड़ चौड़े, सअनि रविंद महली, सअनि उमापद महतो, आरक्षी प्रताप भुईंया, सतेंद्र उरांव व चौकीदार मुस्लिम अंसारी व सैट-एक के जवान शामिल थे।

हाल में लातेहार में नक्सलियों के खिलाफ लातेहार पुलिस द्वारा की गयी इस कार्यवाही और नामचीन उग्रवादी की गिरफ्तारी को लातेहार पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# किसान खेती कर स्वयं समृद्ध बनें और जिला को भी समृद्ध बनायें : रामचंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सौजन्य जिला खेल स्टेडियम परिसर में जिला स्तरीय कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक मनिका रामचंद्र सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी, जिला परिषद सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारी समेत अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कृषि मेला का शुभारंभ किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामचंद्र सिंह ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, इसलिए किसानो के हितो को ध्यान मे रख कर कृषि विभाग कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग अनुदान पर किसानो को कई तरह की सुविधाएं दे रही जिसका लाभ किसानो को उठाने की जरूरत है।

आगे उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में महिला किसान बहनें बेहतर कार्य कर रही हैं, किसानों को और बेहतर कृषि करने के लिए प्रशिक्षण दें, मृदा का जांच कराकर उन्हें बेहतर फसल उत्पादन करने के तरीके से अवगत करायें। वहीं उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि खेती कर स्वयं समृद्ध बनें और लातेहार जिला को भी समृद्ध बनायें।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि प्रदर्शनी सह मेला से किसानों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। आगे कहा कि कृषि विभाग किसानों का जीवन स्तर उंचा करने तथा उनके उत्पादों को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चला रही है, इसलिए किसानो को जागरूक होकर सरकार की योजनाओं का लाभ लेना है। कृषि से संबंधित हर चीजों को ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने मेला में उपस्थित किसानों को बधाई दी एवं किसानों द्वारा लगाए गए विभिन्न प्रकार के अच्छे किस्म के सब्जी आदि के स्टाल का निरीक्षण किया।



































































# झारखंड के सभी 32,623 गांवों में ग्राम कमेटियों का गठन जल्द : आजसू

**जेबीकेएसएस के आंदोलन की दिशाहीनता के कारण वह आजसू में शामिल हुए हैं : संजय मेहता**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेताओं डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर एवं राजेंद्र मेहता ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि धनबाद के भाटिनदह जलप्रपात स्थल पर केंद्रीय सभा की बैठक में संगठन और आम जनता के मुद्दों पर भावी रणनीति तय की गयी। जिसके तहत अब पार्टी जनहित के लिए मुखर होकर आवाज बुलंद करेगी और विपक्ष की भूमिका में झारखंडी जनता के हितों के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। पार्टी जनता के मान, सम्मान एवं स्वाभिमान के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। आजसू पार्टी संघर्ष से उपजी पार्टी है और आम जनता का हित इसके लिए चुनाव से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसी लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए आजसू पार्टी तीन माह में झारखंड के सभी 32,623 गांवों में ग्राम कमेटियों का गठन करेगी। आजसू नेताओं ने बताया कि केंद्रीय सभा के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया गया कि पूरी पार्टी एकजुट है और आजसू को हाशिए पर देखने का सपना देखने वालों को कुछ भी हाथ लगने वाला नहीं। धनबाद की बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व विधायक लंबोदर महतो समेत पूरे राज्य से आये केंद्रीय सदस्य, जिला पदाधिकारी,अनुषंगी संगठन और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। सबों ने एक स्वर में आजसू को बेहतर राजनीतिक जन विकल्प के रूप में स्थापित करने के लिए एकजुटता और संघर्ष का आगाज करने का आह्वान किया। वहीं झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के वरिष्ठ नेता एवं हजारीबाग लोकसभा चुनाव में डेढ़ लाख वोट लाने वाले संजय मेहता भी उपस्थित थे, जिन्होंने कल ही अपनी पूरी टीम के साथ सुदेश महतो के समक्ष आजसू की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि जेबीकेएसएस के आंदोलन की दिशाहीनता के कारण वह आजसू में शामिल हुए हैं। मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत ने बताया कि पार्टी ने कोयलांचल में विस्थापितों और रैयतों के आंदोलन पर किये गये झूठे मुकदमों में निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने की घोषणा की है। प्रवीण प्रभाकर ने 1986 से आजसू के संघर्ष को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि आज भी जनता को आजसू से ही संघर्ष की आस है।

## बेड़ो में ऑटो के पलटने से पांच छात्राएं घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के दिघिया गांव के समीप मंगलवार की सुबह लगभग पौने नौ बजे एक सवारी ऑटो के असंतुलित होकर पलटने से ऑटो पर सवार राजकीय कृत मध्य विद्यालय तुको की पांच छात्राएं और एक छात्र जिनमें तीन सगी बहन और दो सगी बहन व एक भाई घायल हो गये। घायलों में 13 वर्षीय कक्षा सात की तमन्ना परवीन पिता इजहार अंसारी 14 वर्षीय कक्षा आठ तराना परवीन पिता इजहार अंसारी 11 वर्षीय कक्षा छह की तजुन्नम परवीन पिता इजहार अंसारी 12 वर्षीय कक्षा सात की नेहा परवीन पिता गुलजार अंसारी 12 वर्षीय कक्षा सात की हिना परवीन पिता गुलजार अंसारी और 11 वर्षीय कक्षा चार का मुजमिल अंसारी पिता गुलजार अंसारी है। जिन्हें युवा समाज सेवी सह कांग्रेस युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मो फहीम ने गाड़ी की व्यवस्था कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने की आत्महत्या

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** नरकोपी थाना क्षेत्र के करगे पहान टोली गांव निवासी मानसिक रूप से विक्षिप्त 40 वर्षीय एक युवक माना मुंडा ने कुऐं में लगी लकड़ी से साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना सोमवार की रात की है। इस संदर्भ में मृतक की पत्नी खदिया मुंडाईन के फर्द बयान पर एक यूडी केस का मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि माना मुंडा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। सोमवार की देर रात वह घर से बाहर निकला। साथ ही गर्दन पर साड़ी लपेटकर कूंए में लगी लकड़ी से बांधकर नीचे की ओर कूद गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। इधर इसकी सूचना मिलते ही नरकोपी थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इधर घटना की सूचना मिलने पर उप प्रमुख मुदस्सीर हक ने गांव पहुंचकर मृतक के स्वजनों ढांढस बंधाया साथ ही आर्थिक सहयोग किया।

## एसयूएम के बाल रोग विशेषज्ञों ने समय से पहले जन्मे बच्चे की जान बचायी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** आशा और दृढ़ता की एक चिरस्थायी कहानी में, यहां इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और एसयूएम अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञों ने समय से पहले (26 सप्ताह के) जन्मे बच्चे की जान बचाने के लिए सफलतापूर्वक संघर्ष किया। नवजात शिशु इकाई के प्रमुख प्रो (डॉ) देबाशीष नंदा ने कहा कि जन्म के समय केवल 860 ग्राम वजन वाले बच्चे को जन्म के तुरंत बाद गंभीर श्वसन संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ा और उसे नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआइसीयू) में स्थानांतरित कर दिया गया। प्रो (डॉ) नंदा ने कहा कि समय से पहले जन्म लेने वाले बच्चे के दोनों फेफड़ों में छाती से पानी निकालने की आवश्यकता सहित कई सह-रुग्णताओं के कारण स्थिति जटिल हो गयी थी। मेडिकल टीम में डॉ रतन कुमार दास, डॉ विजय कुमार, डॉ भाबाग्रही मलिक, डॉ बिनीत पानीग्रही, डॉ देबी प्रसाद साहू, डॉ सुरेश कुमार त्रिपाठी, डॉ पायल प्रधान, डॉ भाग्यश्री महापात्रा, डॉ सीतिकंथा नायक, डॉ कल्पिता साहू और डॉ एस मनीषा शामिल थे। आइएमएस और एसयूएम अस्पताल की डीन प्रो (डॉ) संघमित्रा मिश्रा और मेडिकल सुपरिंटेंडेंट प्रो (डॉ) पुष्पराज सामंतसिंहर ने चुनौतीपूर्ण मामले को संभालने के दौरान मेडिकल टीम को अपना निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन दिया।

## शैक्षणिक भ्रमण में बिरसा कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बिरसा कॉलेज खूंटी के नागपुरी विभाग के विद्यार्थियों का दो दिवसीय एजुकेशनल टूर 27 और 28 जनवरी को संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यार्थी पालकोट के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल, आंजन धाम, हापामुनि के महामाया मंदिर, नेतहाट, लोध फोल (बुढ़ा घाघ ), टांगीनाथ का भ्रमण कर ऐतिहासिक तथ्य और दंतकथा से परिचित हुए। नेतरहाट में आवासीय बिद्यालय, शैले हाउस, पाइन फारेस्ट, सनसेट पॉइंट, कोइल व्यू, सनराइज पॉइंट जाकर जानकारी प्राप्त की। छात्र-छात्राओं ने सूर्योदय का लुप्त उठाया। कॉलेज की प्राचार्या जे किड़ो ने कहा कि ज्ञानार्जन के लिए एजुकेशनल टूर फायदेमंद साबित होता है। यह पढ़ाई का ही हिस्सा है। विद्यार्थियों के साथ नागपुरी विभाग के डॉ कोरनेलियुस मिंज, असिस्टेंट प्रोफेसर सुनिता टोप्पो भी गए थे। विद्यार्थियों में बसंत कांशी, दीपक बैठा, मनीषा कुमारी, मुकेश राम, प्रीतम कुमार, सुकृति कुमारी, सुनिता बारला, किरण कुमारी, नेहा कुमारी, सरिता कुमारी, नंदी मुंडू, चौतू केरकेट्टा, गुंजा कुमारी, नेहा कुमारी, मनीष नाग, रामचंद्र सिंह, मनीषा कुमारी, अंजली कुमारी, चांदनी होरो, राहुल मुंडा, शिवानी कुमारी सहित अन्य विद्यार्थी शामिल थे।

## कृषि तकनीकी फसल सुरक्षा का हुआ आयोजन

**सोनाहातु (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत दिनांक 28 जनवरी 2025 को कृषि तकनीकी सूचना केंद्र सोनाहातु में फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के तहत तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण का विधिवत्त शुभारंभ प्रखंड प्रमुख श्रीमती विक्टोरिया देवी के कर कमलो द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में दो दिन प्रशिक्षण और एक दिन क्षेत्र भ्रमण का कार्यक्रम निश्चित है। प्रशिक्षण सत्र में 30 प्रगतिशील किसानो के साथ प्रखड प्रमुख विक्टोरिया देवी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विष्णु खंडित, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक दीनानाथ भगत, मास्टर ट्रेनर नितेश गोराई और दिगंबर कुमार,पंचायत समिति सदस्य दुलमी के अभिषेक पुराण एवं बारूहातुक पंचायत के पंचायत समिति सदस्य हालदार सिंह मुंडा उपस्थित रहे

## टीपीडब्ल्यूओडीएल ने केंद्रीय विद्यालय बुर्ला में खेल उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया



**बुर्ला (आजाद सिपाही)।** अपनी व्यापक कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के हिस्से के रूप में, टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल) ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर संबलपुर जिले के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय नंबर 2, बुर्ला में एक खेल उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया है। केंद्र का उद्घाटन टीपीडब्ल्यूओडीएल के सीइओ परवीन वर्मा ने स्कूल के प्रिंसिपल, स्टाफ सदस्यों और फैकल्टी तथा टीपीडब्ल्यूओडीएल के स्वयंसेवकों की उपस्थिति में किया। टीपीडब्ल्यूओडीएल के सीइओ ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कंपनी की सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से युवा लड़कियों के बीच सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। छात्रों द्वारा लड़कियों के लिए समान अवसरों पर एक नाटक का प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद छात्रों के बीच एक मैत्रीपूर्ण खो-खो मैच हुआ।

## निराकारपुर रेलवे स्टेशन पर चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान



**खोरधारोड (आजाद सिपाही)।** ट्रेनों में बिना टिकट और अनियमित टिकट यात्रा को रोकने के लिए खोरधारोड मंडल द्वारा निराकारपुर रेलवे स्टेशन पर एक एंबुश (औचक) टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। यह औचक टिकट चेकिंग अभियान एस होरो, मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खोरधारोड के साथ वाणिज्य निरीक्षक, टिकट चेकिंग कर्मचारी और रेल सुरक्षा बल की टीम द्वारा चलाया गया। निराकारपुर स्टेशन पर इस औचक टिकट चेकिंग अभियान के कारण निराकारपुर और आस-पास के स्टेशनों पर विंडो टिकट बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। खोरधारोड मंडल द्वारा वास्तविक यात्रियों के लिए आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने और रेलवे राजस्व में होने वाली चोरी को रोकने के लिए मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर नियमित टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खोरधारोड, अनील कुमार एस यात्रियों से अनुरोध किया कि वे अपनी यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए उचित टिकट/प्राधिकार के साथ ट्रेनों में यात्रा करें।

## जम्मू-कश्मीर की तर्ज पर ओड़िशा में भी बना माता वैष्णो देवी का भव्य मंदिर

**काशी विश्वनाथ नगरी से आये लखन मिश्रा का नेतृत्व में तीन पुजारी करेंगे मां की पूजा: आम भक्तों को 2 फरवरी से मिलेगा मां का दर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा की राजधानी भुवनेश्वर से 102 किलोमीटर दूर नयागढ़ जिले के दुरदराज पहाड़ी पर जम्मू कश्मीर में मौजूद माता वैष्णो देवी मंदिर के तर्ज पर एक भव्य मां का मंदिर बनाया गया है। पुरी जगन्नाथ मंदिर के पुजारी द्वारा 29 जनवरी से 5 दिन तक प्राण प्रतिष्ठा विधि संपन्न की जायेगी। मां वैष्णो देवी धाम की तरह यहां भी गुफा में प्रवेश कर भक्तों को मां के दर्शन मिलेंगे।यह गुफा 180 फुट लंबी है। 50 एकड़ पहाड़ी क्षेत्र में बने इस मां के भव्य मंदिर को निर्माण करने में 4 वर्ष का समय लगा है। श्री माता वैष्णो देवी चैरिटेबल ट्रस्ट वैष्णो धाम ओड़िशा की तरफ से बनाये गये मां के इस मंदिर के पीछे की कहानी भी बड़ी दिलचस्प है। माता वैष्णव के भक्त अजाति राउत ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि उनकी पत्नी ममता राउत को चार वर्ष पहले अचानक एक दिन मां का आदेश हुआ कि यहां मेरा एक मंदिर बनाओं। जमीन मिलने के बाद इसे श्री माता वैष्णो देवी चैरिटेबल ट्रस्ट वैष्णो धाम ओडिशा के नाम से रजिस्टर्ड करायी जिसके मुख्य ट्रस्टी काजल और सचिन राउत हैं। मां का दर्शन करने के लिए पहाड़ में 180 फुट लम्बी और 7 फुट ऊंची सुरंग बनायी है, जिसके जरिए भक्त प्रवेश कर मां के दर्शन कर पायेंगे। 29 जनवरी से पांच दिन तक मां की प्राण प्रतिष्ठा विधि चलेगी और 2 फरवरी अपराह्न 3 बजे से मां भक्तों को दर्शन देंगी।

## सड़क सुरक्षा को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ और कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक, कुकड़ु, टीकर सहित कई जगहों पर सड़क सुरक्षा को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। परिवहन विभाग झारखंड सरकार के सौजन्य से मेजिड आरटिस्ट एसोशिएशन आफ ट्रायवल के कलाकारों ने बीना हेलमेट से बाइक चलाने का दुष्परिणाम, नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने का दुष्परिणाम, बीना सीट बेल्ट पहने वाहन चालकों का सड़क दुर्घटना में मृत्यु, नशे के हालत में वाहन चलाने आदि के संबंध में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी दिया गया। बताया गया कि बीना हेलमेट पहने बाइक नहीं चलाएं और न ही पीछे बैठें, सीट बेल्ट को लगाकर वाहन चलाने और शराब पीकर वाहन नहीं चलाने का अपील किया। जीवन की मुल्य के संबंध में भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी दिया गया। मौके पर आरती हांसदा, अनिता मुर्मू, पायल सोरेन, दुलारी मार्डी, राहुल हांसदा, बाबूलाल मुर्मू आदि कलाकार सामिल थे।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन कुमार गुप्ता
मनीष फ्यूल सेंटर
करमडीपा, सिसई रोड गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बीना देवी
मुखिया
नावाडीह पंचायत, गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राज कुमार
लाल परी इंडेन
नियर टावर चौक, सिसई रोड गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
निराला हॉस्पिटल
कुम्हार टोली
लोहरदगा रोड गुमला
प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को
निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन
ऑपरेशन व डॉक्टर फीस फ्री
मोबाइल नंबर 06524796 227

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ललिता टोप्पो
प्राचार्य
संत अन्ना प्लस 2 विद्यालय
पुग्गू, गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मंगल सिंह भोगता
प्रमंडलीय प्रभारी
भाजपा किसान मोर्चा, झारखंड प्रदेश

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नवल कुमार
सिविल सर्जन
गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देव शांति फ्यूल
व
दुंदुरिया स्टोन डिपो साइट
लोहरदगा रोड, गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सिस्टर हिरमिला
प्राचार्य
उर्सुलाइन कॉन्वेंट बालिका विद्यालय, गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक कुमार
संवेदक
गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नूरा गीता एक्का
प्राचार्य
लूथेरन इंटर + 2 विद्यालय दुन्दरिया, गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेश उरांव
मुखिया
फसिया पंचायत, गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव कुमार
संवेदक
गुमला

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जया खाखा
डीपीएम
सदर अस्पताल गुमला

कंचन भोग / कंगना रानी
(बेहतरीन चावल के लिए पधारे)
ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारा प्रयास
दीपक साहू | खोरा पतराटोली • मोबाइल : 9334505770

## लोहरदगा में सड़क पर मौत बनकर दौड़ी पिकअप

# दो की मौत, दो लोग गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में मंगलवार को एक पिकअप वैन मौत बनकर सड़क पर दौड़ी। इस घटना में 2 लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहली घटना एसपी कोठी के पास हुई। यहां अनियंत्रित पिकअप ने एक स्कूटी सवार महिला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। इसके बाद पिकअप तेजी से भागने लगा। इसी क्रम में समाहरणालय मोड़ के पास उस पिकअप ने एक



मोटरसाइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, इस घटना के दौरान व्यक्ति का बाइक पिकअप के अगले हिस्से में फंस गया। इसी बीच पिकअप चालक गाड़ी को तेज रफ्तार में कचहरी मोड़ होते हुए पतरा टोली से शंख नदी की ओर भागने लगा।इसी बीच इस पिकअप ने कई अन्य वाहनों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसमें एक व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गयी। जबकि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसके बाद शंख नदी के पास पिकअप में आग लग गयी। फिर ड्राइवर और उसमें सवार 3 लोगों को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# वन विभाग की गाड़ी को टक्कर मारकर फरार हुए लकड़ी माफिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में लकड़ी माफियाओं का दुस्साहस बढ़ गया है। अब लकड़ी माफिया इतने बेखौफ हो गये हैं कि वन कर्मियों को भी कुचलने में लग गये हैं। इन्हें जो रोकने जायेगा उसे कुचलकर भाग जायेंगे। ऐसा ही वाक्या दो दिन पहले बगड़ू थाना क्षेत्र में घटी है। जहां गुप्त सूचना पर रात्रि में छापेमारी में गयी वन विभाग के कर्मियों पर वन माफियाओं ने हमला कर दिया। अपराधियों ने छापेमारी पर निकली वन विभाग के कर्मियों को गाड़ी से कुचलने की कोशिश की। जिसमे वन कर्मी बाल-बाल बचे। इस क्रम में अवैध लकड़ी लदे पिकअप ने टक्कर मारकर वन विभाग की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया है। यह घटना लोहरदगा के हिसरी-पतरातू पथ



की है। जहां छापेमारी टीम में शामिल फॉरेस्टर महावीर उरांव, प्रदीप साहू, पंकज सिंह, अनूप शाहदेव, नवीन चौहान, रमेश भगत, राजेंद्र उरांव और होमगार्ड के जवान इस घटना में बाल-बाल बच गये। वनकर्मी ने इस घटना से पुलिस को भी अवगत कराया है। वनकर्मियों ने बताया कि वे गुप्त सूचना पर रात को छापेमारी पर निकले थे। वन विभाग की टीम को सड़क पर तेज रफ्तार से आता है सखुआ के बोटे से लदा हुआ पिकअप नजर आया। इसका पीछा किया तो लकड़ी माफिया ने दुस्साहस का परिचय दिखाते हुए वन विभाग की गाड़ी में टक्कर मारते हुए सामने गाड़ी को रोकने के लिए खड़े वन कर्मियों को कुचलने का प्रयास किया। गाड़ी को तेज रफ्तार में भगाया और जो वनकर्मी रोकने का इशारा दे रहे थे। उन्हें ही कुचलने का प्रयास किया। समय रहते वनकर्मियों ने रास्ता से नीचे उतर गये अन्यथा बड़ी अनहोनी हो सकती थी। इधर बगड़ू थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने बताया कि वन कर्मियों द्वारा इस मामले में छह के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया गया है। अपराधियों की पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# जिप सदस्य ने पुराने स्वास्थ्य केंद्र को उप स्वास्थ्य केंद्र बनाकर चालू करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के मुगीर्डीह में नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालित होने के बाद पुराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह से बंद हो चुका है। पुराना सीएचसी के बंद हो जाने के कारण प्रखंड मुख्यालय और आसपास के कई पंचायत के लोगों को प्राथमिक इलाज के लिए लगभग तीन से चार किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। लोगों के प्राथमिक उपचार की समस्या को देखते हुए प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने मंगलवार के जिले के सिविल सर्जन अवधेश सिंह से मुलाकात की। सिविल सर्जन से मुलाकात करते हुए संतोषी शेखर के द्वारा माँग पत्र सौंपते हुए बरवाडीह, खुरा के साथ साथ



छेचा मोरवाई और आसपास के कई पंचायत के ग्रामीणों के प्राथमिक उपचार को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने भवन में उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने की मांग को लेकर मांग पत्र सौपा गया । वहीं सिविल सर्जन ने यह भरोसा दिलाया कि स्थानीय लोगों की समस्या को देखते हुए पुराने भवन को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित हो इसको लेकर विभाग को पत्रचार किया जायेगा।

# 'भविष्य की परिकल्पना' प्रशिक्षण शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले शहरी क्षेत्र स्थित अमृत पैलेश में प्रदान संस्था के माध्यम से कुडू प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के युवतियों का युवा सशक्तिकरण के तहत तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 'भविष्य कि परिकल्पना' का शुरूआत किया गया। प्रदान संस्था पिछले काफी वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र में आजीविका संबंधित कार्य लोहरदगा जिले में कर रही है। महिलाओं के आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति को सुधारने में संस्था निरंतर कार्यरत है।




परिवार की आर्थिक स्थिति को और बेहतर करने तथा युवतियों को सशक्त तथा आत्म निर्भर बनाने के लिए युवा सशक्तिकरण का कार्य लोहरदगा में प्रारंभ किया गया है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के युवा बच्चियों का हुनर को तराशाने का कार्य किया जा रहा है ताकि वो अपने उज्जवल भविष्य की परिकल्पना कर उसे साकार कर सकें।

'भविष्य कि परिकल्पना' प्रशिक्षण का उद्देश्य युवा बच्चियों को उनके इच्छा तथा रुचि अनुसार बेहतर कैरियर का विकल्प का चयन करने तथा उन्हें एक बेहतर अवसर का चयन करने में सहयोग करना है। प्रशिक्षण में युवतियों को विभिन्न ट्रेड तथा उससे संबंधित अवसरों से भी अवगत कराया गया। साथ हीं जो बच्ची अपने ट्रेड अनुसार प्रशिक्षण लेना चाहती हैं उनके लिए प्रशिक्षण केंद्र, उससे जुड़ी सुविधा तथा अन्य संबंधित जानकारी उपलब्ध कराया गया। प्रशिक्षण में जिले भर के ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों बच्चियां शामिल होंगी वही मंगलवार को कुडू प्रखंड के विभिन्न पंचायत से 30 युवतियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण को प्रदान संस्था के द्वारा आयोजित किया गया।

## बिजली चोरी के खिलाफ पांच पर प्राथमिकी दर्ज

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर सहायक विद्युत अभियंता मोहमद जीशान के नेतृत्व में गठित टीम ने बीती शाम प्रखंड के कुम्हारिया में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी की.। इस दौरान बिजली चोरी के आरोप में 5 लोगों के खिलाफ भंडरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है, जिसमें कुम्हारिया निवासी रामसेवक साहू पिता सदावरी साहू, कामेश्वर साहू पिता लुरका साहू, जुमन अंसारी पिता रेहमान अंसारी, इसराफिल अंसारी पिता शेख महमूदिन अंसारी व शेख रबूल अंसारी पिता शेख इसराफिल अंसारी के नाम शामिल हैं। साथ ही विभाग ने उक्त सभी लोगों पर जुर्माना भी लगाया है।































































# अखबार बांटने वाले जमीनी कर्मयोगियों की जीवटता को सलाम : एसडीओ

**कॉफी विद एसडीएम : एसडीओ के आमंत्रण पर कार्यक्रम में पहुंचे अखबार बांटने वाले कर्मयोगी**

**क्षेत्र के अखबार हॉकर्स ने एसडीओ के समक्ष रखीं अपनी शिकायतें और समस्यायें, सुझाव भी दिए**

**'इंडियन न्यूजपेपर्स डे' के अवसर पर सभी अखबार कर्मियों के योगदान को किया गया रेखांकित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** एक घंटे के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस सप्ताह की कड़ी में 'अखबार वितरण करने वाले' मेहनतकश और कर्मयोगी हॉकर्स को अनुमंडल कार्यालय में कॉफी पर आमंत्रित किया था। एसडीओ संजय कुमार के आमंत्रण पर मंगलवार को क्षेत्र के 15 समाचार पत्र वितरक एसडीओ कार्यालय पहुंचे हुए थे। सभी ने अपनी निजी और सामूहिक समस्याओं को संजय कुमार के समक्ष रखा, साथ ही शहर को लेकर कुछ सुझाव भी दिये।

**प्रधानमंत्री आवास, जमीन विवाद और नागरिक सुविधाओं को लेकर रखी समस्यायें :** इस एक घंटे के दौरान अखबार विक्रेताओं ने कई प्रकार की निजी समस्याएं और शिकायतें रखीं जिनमें सबसे ज्यादा समस्याएं गढ़वा अंचल को लेकर मिलीं। नामांतरण, लगान रसीद, ऑनलाइन अपडेशन आदि से जुड़े जो मामले आए उन सभी के बारे में एसडीओ ने मौके पर ही गढ़वा अंचल अधिकारी को निर्देशित करते हुए हॉकर्स द्वारा उठायी गयी समस्याओं पर एक सप्ताह के अंदर नियमानुसार कार्रवाई आरंभ करने का निर्देश दिया। टंडवा निवासी दो सगे भाई विनोद गुप्ता और प्रमोद गुप्ता घर-घर अखबार बांट कर अपनी जीविकोपार्जन कर रहे हैं, विनोद गुप्ता ने एसडीओ को बताया कि वे अपने पिता के समय से ही किराये पर रह रहे हैं, उन लोगों का एक छोटा सा प्लॉट है जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल जाये, तो उनका अपनाघर बन जायेगा। इस पर नगर परिषद के संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित कर यथाशीय नियमानुसार कार्रवाई करने को निर्देशित किया गया। इसके अलावा मईया सम्मान योजना, राशन कार्ड, साफ सफाई तथा अन्य नागरिक सुविधाओं को लेकर समस्यायें उठायी गयी।

**पासवान टोला में पक्के रोड की मांग :** नगवा मोहल्ला निवासी अखबार विक्रेता संजय रजक ने यहां के पासवान टोला में सड़क बनवाने की मांग की, उन्होंने बताया कि लगभग 100 लोगों की आबादी यहां रहती है फिर भी इस शहरी बस्ती में पीसीसी की बजाय अभी भी कच्चा रास्ता है। इस पर एसडीओ ने आश्वस्त किया कि उनकी मांग पर यथाशीघ्र कार्रवाई होगी।

**इंडियन न्यूजपेपर्स डे की शुभकामनाएं दीं :** संजय कुमार ने कहा कि 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम हर बुधवार को होता है किंतु 'इंडियन न्यूजपेपर्स डे' को समर्पित करते हुए इस कार्यक्रम को 28 जनवरी यानि मंगलवार को रखने तथा इस कार्यक्रम में न्यूजपेपर व्यवसाय से जमीनी स्तर पर जुड़े इन कर्मयोगियों को बुलाने का निर्णय लिया गया था। उन्होंने न्यूजपेपर्स डे की पूर्व संध्या पर न केवल अखबार विक्रेताओं बल्कि अखबार से जुड़े सभी स्तर के कर्मियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान नवल तिवारी, सत्येंद्र दुबे, विकास महतो, श्रवण राम, विनोद गुप्ता, करण रजक, ओमप्रकाश महतो, संजय रजक, मनोज बैठा, धीरेंद्र मिश्रा अर्जुन मेहता सुनील राम आदि ने अपने विचार रखे।

# विधायक अनंत प्रताप देव ने रमना हेल्थ केयर सेंटर का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** जिले के रमना प्रखंड मुख्यालय में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और आम जनता के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से रमना हेल्थ केयर सेंटर का उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, जिला परिषद अध्यक्षा शांति देवी, प्रमुख करुणा सोनी, विसुनपुरा प्रमुख दीपा कुमारी, रमना मुखिया दुलारी देवी ने दुलारी कंपलेक्स मे संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि रमना जैसे क्षेत्र में कुशल चिकित्सकों की कमी के कारण लोगों को गढ़वा या डालटनगंज जैसे दूरस्थ स्थानों पर इलाज के लिए जाना पड़ता था। लेकिन अब इस हेल्थ सेंटर के शुरू होने से यह समस्या दूर हो जायेगी।

जिला परिषद अध्यक्षा शांति देवी ने कहा कि इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी हमेशा से एक बड़ी समस्या रही है। रमना हेल्थ केयर सेंटर के शुरू होने से अब लोगों को बाहर जाने जरूरत नहीं होगी। प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि यह हेल्थ सेंटर न केवल स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करेगा, बल्कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर साबित होगा। बिसुनपुरा प्रमुख दीपा कुमारी ने रमना जैसे छोटे जगहों में इस तरह निजी क्लिनिक का खुलना शुभ है। मुखिया दुलारी देवी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।






































## बेड़ो में मूलवासी सदानों का संसद सह मिलन समारोह आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के बारीडीह गांव स्थित पड़हा मैदान में बुधवार को मूलवासी सदान मोर्चा द्वारा आहूत सदान संसद सह मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष धनंजय कुमार राय की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में अध्यक्ष के द्वारा विधि व्यवस्था और सभी कार्यो के लिए प्रखंड के सदस्यों को जिम्मेवारी सौंपी गयी है। उन्होंने बताया कि सदान-संसद में खुलासा बहस होगा कि मूलवासी सदानों को उनके अधिकारों से सरकार क्यों वंचित कर रही है।

इस मिलन समारोह में आगे की रणनीति तय कर आन्दोलन की रूपरेखा तैयार कर गांव-गांव तक मुखर हो कर आन्दोलन को धार देने के उद्देश्य से सदान-संसद सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। उन्होंने प्रखंड के सभी सदनों से भाग लेने का अपील किया है। कार्यकम को सफल बनाने में नवदीप महतो, विश्वनाथ गोप, कोरेश मिरदाहा, मुमताज खान, अफरोज आलम, सुरेश महतो, बसंती देवी, उमेरा खातून सहित मोर्चा के सभी पदाधिकारी और सदस्य लगे हुए है।

## पैदल यात्रियों का बेड़ो में किया गया भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** 22 पड़हा सरना प्रार्थना सभा सदमा ओरमांझी के 200 पैदल यात्रियों का दल मंगलवार को पहुंचा। जहां पैदल यात्रियों का बचपन बिरसा स्कूल के निदेशक वीरेंद्र तिर्की की अगुवाई में बेड़ो वासियों ने गाजे बाजे के साथ पारंपरिक तरीके से फूल माला पहनाकर और अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया। इनके साथ यात्रा की अगुवाइ कर रहे सन्नी पहान, अध्यक्ष ललिता पहान, उपाध्यक्ष पम्मी मुंडा, कोषाध्यक्ष




पुष्पा उरांव, सचिव रितेश मुंडा, सहायकर्ता महावीर उरांव, सधन उरांव, चरे भगत, रमेश चंद्र उरांव, सुनील पहान, पार्वती उरांव, विजय उरांव, नारायण उरांव सहित बड़ी संख्या में लोग है। वहीं स्वागत करने वालों में सुशील कच्छप,बिरजू तिर्की, अनिल उरांव, सुका उरांव, अनिल उरांव, अरुण उरांव, दिलीप उरांव,रेशमा उरांव सहित कई लोग थे।























































## अकासी के सीरा सीता नाले में राजकीय मेला 3 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के डुमरी प्रखंड अंतर्गत अकासी पंचायत स्थित पर्यटन स्थल सीरा सीता नाले में 3 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाले राजकीय मेला/ जतरा के सफलता पूर्वक आयोजन हेतु मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में गुमला के नया समाहरणालय भवन, चंदाली स्थित सभागार में एक विशेष बैठक आहूत की गयी। बैठक में उपायुक्त महोदय ने मेले/ जतरा के सुचारू आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर जोर दिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिसमें प्राथमिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना। साफ-सफाई करवाना। शौचालय, पेयजल, विद्युत और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना। एंबुलेंस एवं चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता। मेले स्थल पर आवश्यक रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण कार्य। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मेले/ जतरा में आने वाले किसी भी यात्री को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। बैठक में एसडीओ चैनपुर जिला खेल पदाधिकारी बीडीओ डुमरी, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों ने निकाली स्वास्थ्य जागरूकता रैली



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय के स्कूली बच्चों द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति के बैनर तले जागरूकता रैली निकाली गयी। जागरूकता रैली में छात्र-छात्राओं ने राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय से थाना गेट तक लोगों को जागरूक किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार ने बताया कि विद्यालय की ओर से अभिभावकों को जागरूक करने के लिए यह रैली निकाली गयी है। कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि बेटी को पहले पढ़ाएं उसको अधिकारी बनायें, या फिर शिक्षित करें, तभी उसकी शादी करें। कहा कि बच्चों के बीच यह अभियान जरूरी है।

## घर से भटक कर मनिका थाना क्षेत्र पहुंची महिला



**मनिका (आजाद सिपाही)।** अपने घर से भटक कर एक महिला मनिका थाना क्षेत्र पहुंच गयी है, जिसकी जानकारी समाजसेवी रमेश पासवान के द्वारा दिया गया है। वहीं मनिका थाना क्षेत्र के भदईबथान रोड स्थित फलु सिंह जिनका थाना के समीप फास्ट फूड का दुकान भी है उक्त महिला अभी उनके ही घर में शरण लिए हुए है। वहीं महिला से नाम पूछने पर अपना नाम नहीं बता पा रही है और घर हजारीबाग एवं पुत्र का नाम रोहित कुमार बता रही है, वहीं समाजसेवी रमेश पासवान ने बताया कि उक्त महिला दो दिन पहले से ही यहां पर आयी हुई है हम लोगों ने पहचान करने का काफी प्रयास किया लेकिन कुछ भी बताने से असमर्थ है केवल घर और पुत्र का ही नाम बता पा रही है उन्होंने कहा कि उक्त महिला का फोटो देखकर अगर कोई पहचान रहे हैं तो 6203320700 मोबाइल नंबर पर फोन करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# बिस्टुपुर में डकैती के मामले में पांच गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते दिनों बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के नार्दर्न टाउन में कारोबारी रमेश कांवटिया के घर में हुई डकैती के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। मंगलवार को पुलिस ने घटना में शामिल मानगो मुस्तफा खेती के रहने वाले मेराज खान, चाईबासा के सिंह टेकेरो हातू ऊपर टोला के रहने वाले सावन देवगम, बिष्टुपुर के सी रोड पांच नंबर बंगला के रहने वाले सोनू बाग, सीतारामडेरा न्यू बाराद्वारी के रहने वाले किशन बाग और राजा महानंद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी के पास से लूटे गये 25 ग्राम सोने की चेन, घटना में प्रयुक्त चाकू और ऑटो भी बरामद कर लिया। जानकारी देते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया बिस्टुपुर में डकैती की सूचना के बाद सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार ठाकुर के नेतृत्व में एसआइटी की गठित कर कारवाई की गयी। डकैती की घटना को सात बदमाशों ने अंजाम दिया था। टीम ने इसमें से पांच आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दो की तलाश के लिए छापामारी जारी है। एसएसपी ने बताया घटना का मास्टरमाइंड सोनू बाग था। सोनू बाग ने ही डकैती की इस घटना का प्लान तैयार किया था। सोनू बाग की मां रमेश कंवटिया के घर पर काम करती थी। घटना को अंजाम देने से कुछ दिन पहले ही उसने काम छोड़ दिया था। सोनू बाग अपनी मां को काम में छोड़ने जाता था। वहीं से उसने रमेश कंवटिया के घर की पूरी जानकारी हासिल की थी। सोनू बाग ने इस घटना में आटो ड्राइवर मेराज को भी शामिल किया। सभी मेराज के आटो से ही डकैती के घटना को अंजाम दिया था। सोनू बाग ही रमेश केंवटिया की पत्नी को दबोच कर उससे लॉकर की चाबी मांग रहा था। एसएसपी ने बताया उसके मा ने घटना से कुछ दिन पूर्व ही काम छोड़ दिया था। उन्होंने बताया इस घटना में सोनू बाग के मां का कोई हाथ नहीं था। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

## चुनाव में बेहतर तरीके से जिम्मेदारियों को निभाने पर सम्मानित हुए फिरोज



**गुमला (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर गुमला जिला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव फिरोज आलम को लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने एफ आलम के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। उन्होनें कहा कि अपनी जिम्मेदारियों को तो अधिकतर लोग निभाते हैं। लेकिन जिम्मेदारियों को उत्कृष्ट तरीके से निभाने वाले सम्मानित किए जाते हैं। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गुमला टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम मैं उपस्थित गुमला एसपी गुमला डीसी गुमला एसी गुमला डीएफओ गुमला एसडीओ गुमला डीसीएलआर गुमला शिक्षा पदाधिकारी गुमला डीएसओ मत्स्य पदाधिकारी गव्य पदाधिकारी एवं गुमला जिला का तमाम पदाधिकारी एवं बीएलओ की उपस्थिति में फिरोज आलम सम्मानित किये गये।

## बैठी से गला काटकर युवक ने की आत्महत्या

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पंडरिया लुल्हवा गांव निवासी विजय कुल्लू (28) ने सोमवार की देर रात को अपने ही घर रखे सब्जी काटने वाली बैठी से अपने गला को काटकर दौड़ते हुए घर से पांच सौ मीटर की दुरी पर स्थित एक कुआं में कुदकर जान दे दी। गला काटने की सुचना मिलते ही ग्रामीणों एकज्जुट हुए और कुआं से विजय कुल्लू को बाहर निकाला और पुलिस को इसकी जानकारी दी। सुचना पर सिसई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कर मंगलवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# डायन कुप्रथा के उन्मूलन के लिए कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मंगलवार को जिला समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की अध्यक्षता में तथा पद्मश्री सम्मानित विशिष्ट अतिथि छूटनी देवी की उपस्थिति में डायन कुप्रथा पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त डायन बिसाही जैसी कुप्रथा को समाप्त करना, अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना तथा महिलाओं को न्यायिक सुरक्षा प्रदान करना था। कार्यक्रम में उपस्थित डालसा सचिव ने डायन प्रथा से जुड़े आने वाले नए अधिनियमों की जानकारी देते हुए बताया कि अब ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जायेगी। नये प्रावधानों के तहत डायन कहकर किसी महिला को प्रताड़ित करने वालों या उनकी हत्या में शामिल लोगों को बेल नहीं दी जायेगी और उन्हें सख्त सजा दी जायेगी।

**छूटनी देवी की प्रेरक कहानी**

कार्यशाला में पद्मश्री से सम्मानित विशिष्ट अतिथि छूटनी देवी ने अपनी संघर्षपूर्ण यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि उन पर भी डायन का झूठा आरोप लगाकर प्रताड़ित किया गया था, लेकिन उन्होंने निडर होकर इन समस्याओं का सामना किया। आज वे डायन प्रथा के खिलाफ खड़ी होकर अन्य पीड़ित महिलाओं की मदद कर रही हैं। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने छूटनी देवी की बातों का समर्थन करते हुए डायन प्रथा को गंभीर समस्या बताया।

# प्रमिला एक्का बनी आंगनबाड़ी सहायिका

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत अंतर्गत डिप्पा बुकमा आंगनबाड़ी केंद्र के लिए आंगनबाड़ी सहायिका का चयन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में प्रमिला एक्का को आंगनवाड़ी सहायिका के रूप में चुना गया।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, मुखिया दीपक खलखो, सुजाता खाखा, पर्यवेक्षिका अंजली वर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने प्रमिला एक्का को बधाई दी और उनके कार्यों में सफलता की कामना की। आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में प्रमिला एक्का के चयन से क्षेत्र के बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार होने की उम्मीद है।

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर देश वासियों को हार्दिक बधाई
उच्च शिक्षा के लिए सतत प्रयास
प्रो० भुनेश्वर यादव
प्राचार्य इंटर महाविद्यालय
लापुंग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामसेवक महतो
मुखिया छोटकी डुंडी
ग्राम सारजम बेड़ा
पंचायत छोटकी डुंडी
प्रखंड मांडू जिला रामगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बालेश्वर महतो
उर्फ मिट्ठू
समाजसेवी
ग्राम सरैया रामगढ़
जिला रामगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उमेश महतो
पूर्व मुखिया
पंचायत कुंदरू कला
ग्राम सरैया रामगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद ममता देवी जिंदाबाद
खेमन महतो
कोषाध्यक्ष
कांग्रेस पार्टी रामगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
निरंजन बेदिया
जिला परिषद पूर्व प्रत्याशी
रामगढ़ सदर, रामगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इश्तियाक अहमद
लैब टेक्नीशियन
ग्राम कुंदरू कला प्रखंड रामगढ़
जिला रामगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा ही मेरा कर्म
डॉ एस अनवर
ग्राम कुंदरुकला पंचायत
कुंदरू कला जिला रामगढ़

भारतीय प्रजातन्त्र एवं सुदृढ़ न्याय व्यवस्था के प्रतीक
गणतंत्र दिवस
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिन्द | जय भारत | जय झारखंड
किसुन राम मुंडा
कुंदरु कला मुखिया
पंचायत कुंदरु कला, प्रखंड रामगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवकी महतो मुखिया
झामुमो वरिष्ठ नेता
पंचायत बहेरा प्रखंड चुरचू
चरही, जिला हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव जायसवाल
सांसद प्रतिनिधि रामगढ़
ग्राम सिकनी प्रखंड दुलमी
जिला रामगढ़

भारतीय प्रजातन्त्र एवं सुदृढ़ न्याय व्यवस्था के प्रतीक
गणतंत्र दिवस
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिन्द | जय भारत | जय झारखंड
शीला देवी
पूर्व मुखिया
पंचायत कुंदरू कला
प्रखंड रामगढ़ जिला रामगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जलेश्वर महतो
जिला परिषद सदस्य
मध्य गोला
जिला रामगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार साव
मुखिया
बरियातु प्रखंड गोला
जिला रामगढ़

भारतीय प्रजातन्त्र एवं सुदृढ़ न्याय व्यवस्था के प्रतीक
गणतंत्र दिवस
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिन्द | जय भारत | जय झारखंड
मिसिल लाल महतो
वरिष्ठ समाजसेवी
ग्राम सारजमबेड़ा
पंचायत डुंडी प्रखंड, मांडु, रामगढ़

भारतीय प्रजातन्त्र एवं सुदृढ़ न्याय व्यवस्था के प्रतीक
गणतंत्र दिवस
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिन्द | जय भारत | जय झारखंड
धनेश्वर महतो
जिला परिषद सदस्य
रामगढ़ सदर
ग्राम सरैया पंचायत कुंदरू कला रामगढ़

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुदूर इलाका में शिक्षा का दीप जलाना मकसद
26 January Republic Day
सफीक अनवर
सचिव
डॉ संज्ञा
प्राचार्य
चितरपुर स्नातक महाविद्यालय चितरपुर

## धनबाद रेल मंडल संसदीय समिति ने की बैठक, सांसदों ने बजट के पहले रखी अपने क्षेत्र की मांगें

# बंद पड़ी त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस को फिर से चालू कराने का प्रयास : विष्णु दायल राम

**कोरोना काल में बंद की गयी ट्रेनों की सेवा को फिर से शुरू की जाए : चतरा सांसद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर/धनबाद।** जिले में रेल मंडल संसदीय समिति की बैठक डीआरएम कार्यालय में हुई। जिसमें मंडल संसदीय समिति के अध्यक्ष सह पलामू सांसद बीडी राम, चतरा सांसद काली चरण सिंह, गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी के साथ ही केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, सांसद मनीष जायसवाल, सांसद डॉ राजेश मिश्र, सांसद डॉ सरफराज अहमद, सांसद आदित्य प्रसाद, सांसद प्रदीप वर्मा, सांसद दीपक प्रकाश और सांसद महुआ माजी आदि शामिल हुए। इनके साथ ही 11 सांसद प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इसमें पांच राज्यसभा और छह लोकसभा के प्रतिनिधि थे। बैठक में सांसदों और सांसद प्रतिनिधियों ने अपने इलाके के मामले को डीआरएम के समक्ष रखा। इसके बाद समिति के अध्यक्ष सांसद विष्णु दयाल राम ने संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि सांसद और उनके प्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र की रेल से संबंधित मांगों को रखा। रेल प्रशासन ने सभी की बातों को गंभीरता से सुना और उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। कहा कि जहां तक पलामू संसदीय क्षेत्र की बात है, तो बंद पड़ी त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस को फिर से चालू कराने की मांग की गई है। अगर उसे चालू नहीं किया जाता है तो एक वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत ट्रेन लखनऊ तक चले। उन्होंने कहा कि पड़ोसी संसदीय क्षेत्र चतरा से बहुत सारे कैंसर मरीज हर दिन लखनऊ जाते हैं। पर उनके लिए ट्रेन की कोई भी सुविधा नहीं है। सड़क मार्ग से उन्हें रांची जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी कठिनाई होती है। सांसद ने बताया कि नई ट्रेन चलाने को लेकर भी चर्चा हुई है। धनबाद से मुंबई जाने के लिए अभी नासिक तक ट्रेन है। इसे आगे मुंबई तक जाने के लिए विचार करने पर डीआरएम ने आश्वासन दिया है। डीआरएम ने मुंबई छत्रपति शिवाजी टर्निमल तक इस ट्रेन का विस्तार करने की बात कही है। सांसद ने डीआरएम के समक्ष स्पेशल ट्रेनों को रेगुलर ट्रेन बनाकर चलाने का भी प्रस्ताव रखा है। वहीं चतरा के सांसद काली चरण सिंह ने कहा कि कोरोना काल से पहले हमारे लोकसभा क्षेत्र में जो ट्रेनें रुकती थी, कोरोना काल में उन्हें बंद कर दिया गया। जिसे फिर से चालू किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारे लोकसभा क्षेत्र में कई ऐसी जगह है, जहां दो गांवों के बीच से ट्रेन गुजरती है। सांसद ने दोनों गांवों को जोड़ने के लिए छह अंडर पास बनाने की भी मांग रखी है। इसके साथ ही कहा कि चंदवा के नेशनल हाईवे में अबतक फ्लाई ओवर नहीं बना है, जिस कारण लोगों को कठिनाई होती है। फ्लाई ओवर निर्माण की भी मांग की गई है। ईएमओयू ट्रेन रांची से चलकर टोरी तक चलती है, जिसे चतरा तक चलाने की भी मांग की गयी। उधर, गिरिडीह के सांसद सीपी चौधरी ने कहा कि अब तक 20 हजार करोड़ का लाभ धनबाद रेल मंडल ने दिया है। ट्रेन की संख्या बढ़े, लेकिन समय का विशेष ख्याल रखा जाए। उन्होंने कहा कि रेलवे द्वारा बनाए जा रहे अमृत भारत स्टेशन पर एयरपोर्ट की तरह सुविधा मिलेगी।

## अमृत भारत स्टेशन पर मिलेगी एयरपोर्ट की तरह सुविधाः गिरिडीह सांसद





### यात्री सुविधा की दिशा में धनबाद मंडल ने उठाये हैं कई महत्वपूर्ण कदमः महाप्रबंधक

महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि धनबाद मंडल की ओर से यात्री सुविधा की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। धनबाद मंडल भारतीय रेल में माल लदान में महत्वपूर्ण स्थान रखता है एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी धनबाद मंडल द्वारा माल लदान एवं इससे प्राप्त आय में सभी मंडलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल हुआ है। महाप्रबंधक ने सांसदों को बताया कि इस वर्ष में यात्री सुविधा के क्षेत्र में कार्य करते हुए तीन स्टेशनों पर उपरगामी पुल का निर्माण, पांच स्टेशनों के प्लेटफार्म का विस्तार का कार्य पूरा किया गया है। इसी तरह आठ स्टेशनों पर दिव्यांग शैचालय की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। धनबाद स्टेशन पर रेल कोच रेस्टरेंट भी खोला गया। अनारक्षित टिकट आसानी से प्राप्त हो सके इसके लिए रेणुकूट, चोपन और बरकाकाना में दो-दो एटीवीएम का प्रावधान किया गया। यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष साप्ताहिक ट्रेन कायंबटूर के लिए और जम्मूतवी एवं नासिक रोड के लिए द्विसाप्ताहिक ट्रेन का परिचालन किया गया। न्यू गिरीडीह से रांची के लिए इंटरसिटी का परिचालन शुरू किया गया जिसका मार्ग विस्तार अब मधुपुर तक कर दिया गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रारंभिक चरण में 15 स्टेशनों का चयन किया गया है जिसका कार्य विभिन्न चरणों में है। एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत्त 26 स्टेशनों पर स्टॉल/ट्रॉली लगाए गए हैं जिससे क्षेत्र के हस्तशिल्पियों एवं स्थानीय उत्पाद को उत्सावर्धन एवं उत्पाद को एक बेहतर बाजार मिल रहा है। सांसदों ने अपने क्षेत्र में ट्रेनों के ठहराव, नई रेल परियोजनओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी मांगी, जिससे महाप्रबंधका द्वारा सांसदों को अवगत कराया गया ।


## स्वच्छ पानी, पक्की सड़क देना प्राथमिकता में हैः प्रखंड प्रमुख



**बैदकारो में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का प्रमुख व मुखिया ने किया शिलान्यास**

**गांधीनगर/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो प्रखंड के बैदकारो पूर्वी पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर पांच में मंगलवार को पंचायत समिति मद से 15वें वित्त के तहत प्रयाग महतो के घर से लक्षु महतो के घर तक पीसीसी सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी व मुखिया सीमा महतो ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर गिरिजा देवी और सीमा महतो ने कहा कि ग्रामीणों को पक्की सड़क, नाली एवं पीने का स्वच्छ जल पहुंचाना मेरी प्राथमिकता है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि टीपू महतो, पुजारी द्वारिका पांडेय, चंद्र प्रकाश सिंह, राजेश महतो, जितेंद्र महतो, दर्शन महतो, रामजी कोल, विक्की कुमार, महादेव महतो, संजय महतो, चैतलाल महतो, चंदन महतो, विजय आनंद महतो, कृष्ण पटेल और गोविंद महतो आदि मौजूद थे।




## कथारा के डीएवी स्कूल में मनायी गयी लाला लाजपत राय की जयंती



**कथारा (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को लाला लाजपत राय की जयंती मनाई गई। प्राचार्य सह झारखंड जोन जी के निदेशक विपिन राय एवं सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने लाला राजपत राय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। साथ ही उनके जीवन से जुड़ी यादों को भाषण, विचार और प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया। कक्षा नौवीं की छात्रा प्राची, सृष्टि, नाव्या, वंशिका ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। वहीं, कक्षा अष्टम की छात्रा जैनब प्रवीण ने उनके जीवन से जुड़ी जानकारी को विस्तृत स्वरूप में रखा। प्राचार्य ने उनके द्वारा रचित पुस्तक यंग इंडिया के बारे में बताया। साथ ही लाला राजपत राय जी के अहम योगदान के बारे में बताते हुए कहा कि वे किस तरह देश की आजादी और डीएवी स्कूल की स्थापना के लिए अपना सारा जीवन न्योछावर कर दिए थे। इस मौके पर सीसीए कोऑर्डिनेटर बीके दसौंधी, वरिष्ठ शिक्षक पंकज कुमार, पीएन चौधरी, नागेंद्र प्रसाद, असित कुमार गोस्वामी, जितेंद्र दुबे, रंजीत कुमार सिंह, शर्मिला ठाकुर, रेखा कुमारी, धर्म गुरु टीएम पाठक, अरविंद, रितेश कुमार, जयपाल साव, मंतोष कुमार, शैलेंद्र कुमार, बीना कुमारी, आराधाना सिंह, अतुल सिन्हा, संजय महतो, जय प्रकाश गिरि, आलोक कुमार सिंह, नीरज सिन्हा, सुधांशु यादव, विमलेश कुमार, अमरनाथ यादव, राहुल कुमार, शिव प्रकाश सिंह, ममता पात्रा, दीपाली नंदी, पुष्पांजलि राव, नेहा कुमारी, नीलम कुमारी, सुमन कुमारी आदि मौजूद थे।

## 'हम बदलेंगे' का पोस्टर लांच



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एनएसयूआई ने मंगलवार को पीके रॉय कॉलेज में 'हम बदलेंगे' का पोस्टर जारी किया। यह मुहिम भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की ओर से वरुण चौधरी की निगरानी में दिल्ली मुख्यालय में जारी किया गया था। इसके बाद यह मुहिम पूरे देश के सभी कॉलेज और विश्वविद्यालय में चलाया जा रहा है। इस मुहिम के तहत बच्चों को राजनीतिक और प्रेरित करना और उन्हें कैंपस में खुद की आवाज को कैसे बुलंद करेंगे यह जानकारी और जिम्मेदारी बच्चों को दी जा रही है। सारे पोस्टर के साथ स्कैनर दिया गया है। जिसके जरिए छात्र इस मुहिम का हिस्सा बन सकते हैं और एनएसयूआई द्वारा चलाये गये इस कैंपेन में अपने कॉलेज में एनएसयूआई कैंपस एंबेसडर भी बन सकते हैं। पूर्व धनबाद महानगर अध्यक्ष सनी सिंह ने बताया कि इस मुहीम में जुड़ने से उन्हें भारतीय राजनीति का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें कांग्रेस के विधायक और सांसदों के साथ मिलकर काम करने का मौका मिलेगा। जिससे उनमें बेहतर लीडरशिप क्वालिटी आयेगी। इस मुहिम के तहत महिलाओं एससी-एसटी ओबीसी एवं माइनॉरिटी स्टूडेंट्स को एक स्पेशल आमंत्रण दिया गया है। कैंपस एंबेसेडर बनाने के लिए इन सारी बातों को मध्य नजर रखा जाएगा। सभी को उसमें दिए गए स्कैनर को स्कैन करके अपनी सभी जानकारी को भरना है। स्क्रुटनी के जरिए संगठन निर्णय करेगी की किस कॉलेज और विश्वविद्यालय का एनएसयूआई एंबेसडर बनाया गया है। मौक पर राज रंजन सिंह, सनी सिंह, अमन प्रसाद, रोशन कुमार, नवनीत कुमार, रोहित कुमार और रोशन आदि मौजूद थे।

## सुपरवाइजर की अभद्रता से नाराज सफाई कर्मियों ने किया काम बंद, विरोध-प्रदर्शन



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो नगर परिषद के अधीन कार्यरत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी के सुपरवाइजर पर सामूहिक रूप से सभी चालक एवं सफाई कर्मियों को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने के साथ ही गाली गलौज से नाराज सफाई कर्मियों ने प्रदर्शन करते हुए काम बंद कर दिया है। इस पर कार्यवाई के लिए बेरमो थाना में लिखित आवेदन बी दिया है। बताया कि मंगलवार को सभी चालक एवं सफाई कर्मी फुसरो नगर परिषद के आधीन सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट कंपनी में कार्य के लिए उपस्थित हुए थे। इस दौरान कंपनी के सुपरवाइजर श्रवण कुमार महतो ने सभी चालक एवं सफाई कर्मियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गंदी गालियां दी। साथ ही सभी को घर में घुसकर मारने की धमकी दी। बताया कि आए दिन सुपरवाइजर द्वारा चालक एवं सफाई कर्मियों के साथ इस तरह का व्यवहार किया जाता है। हम सभी चालक एवं सफाई कर्मचारी ऐसी घटनाओं से काफी भयभीत है। सभी ने कहा कि ऐसी गंभीर समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए न्याय दिलाने की कृपा करें। कहा कि जब तक सुपरवाइजर द्वारा सभी चालक एवं कर्मचारियों से माफी नहीं मांगा जाता तब तक काम बंद रखा जाएगा। मौके पर भारतीय सुदर्शन महासंघ झारखंड प्रदेश के कोषाध्यक्ष रविंद्र राम सहित सेवक कुमार राम, ओम सागर, रवि कुमार, संतोष डोम, विजय चौबे, अजय कुमार, सिकंदर कुमार, धर्मेंद्र राम, प्रदीप कुमार, शरद कुमार, गुड्डू कुमार, कृष्ण यादव, पिंटू कुमार, आजाद कुमार, कन्हाई कुमार नायक, मनोज राम, आकाश कुमार राम, आकाश कुमार डोम, विशाल कुमार हरी, राजकुमार तांती, साधु गोप, राहुल कुमार, सगीर अंसारी, शिवकुमार, रितिक कुमार, रवि कुमार, विनय कुमार, बाला लाखेंद्र, छोटू कुमार, अरुण कुमार आदि मौजूद थे।




## माघी काली पर पूजा सह भव्य मेला का आयोजन, शामिल हुए पीएन सिंह



**महुदा (आजाद सिपाही)।** माघी काली पूजा के अवसर पर धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह और जिला उपाध्यक्ष शेखर सिंह ने अपने पैतृक गांव राधानगर में वर्षों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए भव्य काली पूजा का आयोजन किया। सोमवार की देर रात में दोनों ने गांव में स्थित मंदिर में मां काली की पूजा की। इसके दूसरे दिन यानी मंगलवार को उनकी ओर से आयोजित प्रसाद ग्रहण में समस्त कोयलांचल के वर्तमान और पूर्व सांसद, विधायक, जिप सदस्य, मुखिया, पंसस समेत समाजसेवी और पत्रकार भी पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर एक भव्य मेला भी आयोजित किया गया, जो वर्षों से चली आ रही इस परंपरा का हिस्सा है। कार्यक्रम में धनबाद के पूर्व सांसद पशुपति नाथ सिंह, जिप सदस्य उषा महतो, आशा महतो, स्वाती चौधरी, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र शेखर सिंह, जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान, लोयाबाद पूर्व मंडल अध्यक्ष पप्पू सिंह, मुखिया बदरुद्दीन अंसारी, मुखिया संपद घोषाल, मुखिया सूर्यकांत महतो, बबलू पासवान, रामेश्वर प्रसाद मोदी आदि मौजूद थे।

## ट्रेड लाइसेंस नहीं बनाने वाली दुकानों से काटी 13 हजार की फाइन

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन के नेतृत्व में नप क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराए जो लोग भी बिल्डिंग बनाए है उसकी जांच शुरू की गयी है। साथ ही बिना ट्रेड लाइसेंस के संचालित दुकानों से 13 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

## मार्शल आर्ट्स में नितेश का हैरत अंगेज प्रदर्शन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गणतंत्र दिवस पर बीसीसीएल की ओर से आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह जेलगोरा स्टेडियम में मनाया गया। इसमें कई स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कि.ा गया। जिसमें मुख्य आकर्षण अंबेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स द्वारा हैरत अंगेज कार्यक्रम रहा जिसमें अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के मार्शल आर्टिस्ट खिलाड़ी नितेश बांसफोर ने अपने दांतों से दर्जनों लिम्का बोतल के ढक्कन को खोलकर बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता, डीपीएम के रमैया के साथ-साथ पूरे अधिकारियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। वहीं दर्जनों ट्यूबलाइट को अपनी हथेलियों से काटकर उपस्थित सभी अतिथि गणों के साथ दर्शकों को हैरत में डाल दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं निर्देशन अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष सह मुख्य प्रशिक्षक अनिल बांसफोर ने किया।

## मुखिया संघ की बैठक में शामिल हुए पेयजल व स्वच्छता मंत्री

# समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए हम कृतसंकल्पित : योगेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत ससबेड़ा पश्चिम पंचायत भवन में आयोजित मुखिया संघ की बैठक में राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता एवं उत्पाद व मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद भी शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से मंत्री जी को अवगत कराया। इस पर उन्होंने सभी की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनने के बाद समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान करने का भरोसा दिया। कहा कि क्षेत्र की हर समस्या के त्वरित समाधान के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। सरकार की ओर से चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें मिले यही हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान मुखिया संघ के अध्यक्ष तेजलाल महतो के नेतृत्व में मंत्री योगेंद्र प्रसाद को बुक्के देकर स्वागत किया गया। बैठक में मुखिया बंटी उरांव, बलराम रजक, शोभा देवी, पार्वती देवी, सावित्री देवी, ममता देवी, सपना कुमारी, चिंता देवी, तारामणी भोक्ता, जुबेदा खातून, रियाज अंसारी, रामबृक्ष मुर्मू, सोनाराम मुर्मू और रीतलाल महतो आदि उपस्थित थे।



मुखिया संघ की बैठक में उपस्थित राज्य के मंत्री योगेंद्र प्रसाद।



## जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में किसानों से प्राप्त आवेदनों का हुआ अनुमोदन

# कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित होंगे पलामू के किसान : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के किसान खेती के माध्यम से बेहतर कर सकें। इसके लिए सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं से उन्हें आच्छादित किये जाने का जिला प्रशासन की ओर से निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कृषि यांत्रिकीकरण की प्रोत्साहन योजना से लाभावित कर किसानों की आय में वृद्धि की जाएगी। किसान कृषि यंत्र का खुद उपयोग करेंगे एवं अन्य कृषकों को भाड़े पर उपलब्ध कराकर अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगे। उक्त बातें डीसी शशि रंजन ने कही। वे मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना अंतर्गत किसानों से भूमि संरक्षण को प्राप्त आवेदनों का अनुमोदन के लिए बैठक कर रहे थे। इस दौरान किसानों से प्राप्त अलग-अलग आवेदनों का अनुमोदन किया गया। अनुमोदित आवेदनों की सूची राज्य सरकार को भेजी जाएगी, ताकि किसानों को योजना का लाभ दिया जा सके।



जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक करते डीसी शशि रंजन।

राज्य योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि यांत्रिकीकरण की प्रोत्साहन योजना अंतर्गत छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना के लिए महिला स्वयं सहायता समूह, महिला सखी मंडल, कृषक समूह, लेंस पैक्स एवं प्रगतिशील कृषकों को मिनी ट्रैक्टर पावर टिलर उसके सहायक कृषि यंत्र कृषि प्रसंस्करण यंत्र एवं राइस ट्रांसप्लांटर आदि यंत्रों के वितरण एवं वित्तीय वर्ष 2024 25 में राज्य योजना अंतर्गत छोटे और सीमांत कृषकों को महिला स्वयं सहायता समूह पंपसेट वितरण की योजना के लिए लाभार्थियों के चयन को लेकर विचार विमर्श किया गया। लगे हाथ वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में राज्य योजना अंतर्गत कृषक समूह, महिला समूह, अपनी पंचायत जलशा जान समितियां लैंप्स, पैक्स या अन्य कृषक संगठनों को ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों के अनुमोदन पर वितरण मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना अंतर्गत जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में निर्णय लिए गए। जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी श्याम बिन्द ने बताया कि वर्ष 2023-24 में कृषि यांत्रिकीकरण की प्रोत्साहन योजना अंतर्गत कृषक समूह ओएसपी मद में सखी मंडल की चार समूह को मिनी ट्रैक्टर एवं अन्य यंत्र के लिए प्राप्त आवेदनों का अनुमोदन हुआ। वहीं कृषक समूह एससीएसपी मद में सखी मंडल की दो समूहों को मिनी ट्रैक्टर एवं अन्य यंत्र के साथ ही प्रगतिशील (व्यक्तिगत) कृषक ओएसपी मद के लिए एक किसान से पावर टीलर के लिए प्राप्त आवेदनों का अनुमोदन हुआ।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजना अंतर्गत जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में पंपसेट वितरण के लिए बीडीओ से ओएसपी मद में विभिन्न प्रखंडों के भौतिक लक्ष्य के अनुरूप 336 आवेदन एवं एससीएसपी मद में 79 आवेदन प्राप्त हुए। इन्हें मनरेगा अंतर्गत निर्मित सिंचाई कुपों के लाभान्वित छोटे और सीमांत कृषकों/ स्वयं सहायता समूहों- महिला सखी मंडल-कृषक समूह के साथ भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वित्तीय वर्षों में तालाब जीर्णोद्धार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य सिंचाई जल स्रोत से लाभान्वित कृषकों को भी योजना के तहत पंपसेट/ सोलर पंप सेट उपलब्ध कराया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में राज्य योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना अंतर्गत ओएसपी मद में प्राप्त आवेदन पत्रों में सखी मंडल, कृषक सेवा स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, पैक्स आदि के प्राप्त 11 आवेदनों के लिए ट्रैक्टर पैकेज से अच्छादित किये जाने का अनुमोदन हुआ। इसके अलावा राज्य योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024- 25 में कृषि यांत्रिकीकरण की प्रोत्साहन योजना अंतर्गत आवंटित लक्ष्य के अनुरूप महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा ओएसपी मद में प्राप्त तीन आवेदनों की समीक्षा कर मिनी ट्रैक्टर एवं अन्य यंत्र दिये जाने के लिए चयनित किया गया। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश सिन्हा, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी श्याम बिन्द, भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी डॉ उषा कुमारी, जेएसएलपीएस की डीपीएम अनीता केरकेटा आदि मौजूद थे।

# धान बेचने के15 दिन के बाद भी किसानों को नहीं हो रहा भुगतान

**व्यापार मंडल अध्यक्ष ने धान अधिप्राप्ति केंद्र की समस्याओं के निदान की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि किसानों के लिए महत्वाकांक्षी योजना धान अधिप्राप्ति कार्य पलामू में 15 दिसंबर से शुरू किया गया है। पलामू के पंजीकृत किसानों से दो लाख क्विंटल धान खरीदने का झारखंड सरकार ने लक्ष्य दिया है। पलामू जिले में कुल 41 धान अधिप्राप्ति केंद्र से किसानों से धान खरीदी जा रही है, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है मिलर द्वारा धान उठाव की प्रक्रिया बिल्कुल धीमी गति से चल रही है। सबसे बड़ी समस्या यह की खरीदारी के डेढ़



महीना बीत जाने के बाद भी हुसैनाबाद, हरिहरगंज, पिपरा प्रखंड अंतर्गत धान अधिप्राप्ति केंद्र को मिल नहीं टैग किया गया है। बहुत अधिप्राप्ति केंद्र को गोदाम की क्षमता नहीं बढ़ने के कारण अधिप्राप्ति कार्य बंद है। किसान को खरीदारी के 48 घंटा के बाद आधा पैसा दिये जाने का प्रावधान है, जबकि 15 दिन के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है। आधा पैसा और बोनस की राशि मिलर द्वारा धान उठाव के बाद मिलने का प्रावधान है। उपरोक्त सभी समस्या के चलते पैक्स अध्यक्ष एवं किसान दोनों परेशान हैं। पैक्स अध्यक्ष इसलिए परेशान हैं कि किसान से खरीदा धान सुख रहा है और चूहे धान और बोरा बर्बाद कर रहे हैं। किसान इसलिए परेशान हैं कि जो धान बेच दिए हैं उनका पैसा नहीं मिल रहा और जो किसान अभी तक अपना धान बेचे है उनका खरीद नहीं हो पा रहा है। इस सभी समस्या को व्यापार मंडल अध्यक्ष की ओर से जिला स्तर ,जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त एवं डीसी को भी अवगत करा दिया गया है। फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने राज्य के कृषि मंत्री एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उपरोक्त समस्या के समाधान करने की मांग की है।

# प्रतिभागी छात्रों को स्कूल प्रबंधन ने किया पुरष्कृत

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** मुंहगाई दुर्गा ऑफिस के पास स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गणतंत्र दिवस पर आयोजित झांकी व सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी छात्रों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरष्कृत किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य तृप्ति मिश्रा व संचालन उप प्राचार्य शैली कुमारी ने किया। स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर पुरष्कृत किया। कहा कि यह पुरस्कार बच्चों को आगे भी बेहतर करने की प्रेरणा देता रहेगा। मौके पर शिक्षक नेहा वर्मा, पूजा कुमारी। सीता देवी, प्रमोद कुमार, रीता देबी, माही मिश्रा, वीरेंद्र कुमार, कुंदन यादव और नागेंद्र यादव सहित कई लोग मौजूद थे।




**Department of Industries**
Government of Jharkhand
3rd Floor, Directorate of Industries, Doranda, Ranchi, Jharkhand-834002
Phone. +91 651 2491844, email: jhr-doi@nic.in

Letter No. 182 dated 27.01.2025
**NOTICE FOR CANCELLATION OF TENDER**
Advt. PR No : 343935, Dated: 09/01/2025
The notice vide Tender Ref. No.– 62, dated 09.01.2025 inviting bid for **Selection of Agency to work as Technical Support Unit at Directorate of Industries, Department of Industries, Government of Jharkhand** is hereby cancelled due to unavoidable reasons.

Sd/-
Director Industries
PR 345227 Industries (24-25)_D

# पुलिस की पिटाई से आरोपी के पिता की पसली की हड्डी टूटी

**आरोपी की मां ने प्रेस वार्ता कर पुलिस पर लगाया गंभीर आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा पंजाबी धौड़ा निवासी टाटा कर्मी रामावतार प्रसाद शर्मा के पुत्र आर्म्स एक्ट के आरोपी मनीष कुमार को गिरफ्तार करने गई पुलिस पर पिता की ही जमकर पिटाई कर उनके पसली की हड्डी तोड़ दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। घायल रामावतार को टाटा जामाडोबा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर की मानें तो रामावतार की पसली की हड्डी टूट गयी है। वहीं, फरार मनीष की मां मिना देवी ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा 25 जनवरी की रात दो बजे घर में घुस गए। पुलिस मनीष को खोज रही थी। जब वह नहीं मिला तो पुलिस मनीष के पिता रामावतार को जमकर लात घुसे और लाठी डंडे से पिटाई कर दी। दर्जनों पुलिस ने घर में घुस कर महिला सदस्यों के साथ भी मारपीट की है। घटना के समय एक भी महिला पुलिस मौजूद नहीं थी। प्रेस वार्ता में मनीष के भाई



रवीश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस ने पिता को कार्य पर जाने के दौरान घर में घुसकर घसीटते हुए मारपीट की है। वहीं, मौके पर मनीष की भाभी नेहा देवी भी उपस्थित थी। घटना की शिकायत धनबाद एसएसपी से की गयी है। कहा गया है बिना वारेंट के पुलिस रात के अंधेरे में दीवाल फांदकर घर में घुसी थी। जल्द ही पुलिस पर न्यायालय में मामला दर्ज कराया जायेगा। वहीं, जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने बताया कि मनीष कुमार गोली चालन प्रकरण का आरोपी हैं। उसके घर जाने पर घर वालों ने भगा दिया है। यही नहीं, मनीष के भाई ने पुलिस के साथ दुर्व्यवहार किया है। मनीष के पिता एवं भाई को थाना लाया गया था। पूछताछ कर घर भेज दिया है। मारपीट पुलिस ने नहीं किया है, उल्टे परिवार के लोगों ने ही पुलिस कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की है। उनके आरोप बेबुनियाद हैं।

# संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज को मिला ग्रेडेशन



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नप अंतर्गत रेहला-बीमोड़ स्थित डिग्री स्तर के प्रतिष्ठित उच्चतर शिक्षण संस्थान संत तुलसीदास महाविद्यालय ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से एक्रिडेशन सर्टिफिकेट प्राप्त कर राष्ट्रीयस्तर पर अपनी पहचान स्थापित करने में सफलता पायी है। यूजीसी की स्वायतशासी संस्था नेक ने एसटीडी डिग्री कॉलेज को यह प्रमाणपत्र अगले पांच वर्ष तक के लिए निर्गत किया है। महाविद्यालय शासी निकाय के सचिव सह सेवानिवृत डीएसओ शशिनाथ चौबे ने प्राचार्य कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में नैक राष्ट्रीय प्रमाणन संस्था द्वारा महाविद्यालय को प्राप्त प्रमाणपत्र को प्राचार्य प्रो संतोष कुमार मिश्र को सोमवार को सौंपा। उन्होंने महाविद्यालय की क्रमिक प्रगति में और तेजी लाने एवं शैक्षणिक वातावरण में गुणात्मक वृद्धि लाने का सुझाव दिया। साथ ही इसके लिए टीम वर्क कर शिक्षण संस्थान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने पर जोर दिया। तीन दशक पुराने अंचल के इस एकमात्र डिग्री स्तर इस शिक्षण संस्थान को मिली इस सफलता पर उन्होंने व्याख्याता और शिक्षकेतर कर्मचारी के वेतन में वृद्धि की घोषणा की। साथ ही बहुप्रतीक्षित विज्ञान संकाय की डिग्री स्तर पर पढ़ाई हेतु अगले शैक्षणिक सत्र में अप्रैल माह से अध्यापन कार्य शुरू होने की घोषणा की। इसके लिए हो रही धन राशि की कमी को दूर करने के लिए उन्होंने अपने शिक्षाप्रेमी मित्र के सहयोग से 20 लाख की एकमुश्त सहयोग राशि विज्ञान संकाय भवन निर्माण के लिए देने की भी घोषणा की। कहा कि अपार ज्ञानी संत तुलसीदास के नाम पर बने इस शिक्षण संस्थान और इसके सचिव रहे दिवंगत मनीषी नागनाथ चौबे की प्रेरणा से सीख लेकर डिग्री स्तर के इस महाविद्यालय को आदर्श पहचान स्थापित करने का पूरा महाविद्यालय परिवार को संकल्प भाव से क्रियाशील होना होगा। इस मौके पर वरिष्ठ व्याख्याता प्रो केके चौबे, प्रो शशिरंजन सिंह और आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो राकेश शुक्ला आदि मौजूद थे।

# जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)। व्यवहार न्यायालय परिसर में न्यायिक पदाधिकारी द्वारा जरूरतमंद व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने बताया कि बोकारो प्रधान जिला जज के निर्देश पर बेरमो अनुमंडल के सभी प्रखंड में कंबल बांटा जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को जिला जज प्रथम अनिल कुमार, कुटुंब न्यायालय प्रेम नाथ पांडेय आदि ने कंबट का वितरण किया।**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा
Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in /

–:निविदा शुद्धि पत्र:–

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना–20 / 2024–25 जन सम्पर्क विभाग के **PR 344901 (Building) 24-25*D** से प्रकाशित जिसकी परिमान बिपत्र बिक्री की तिथि:–02.02.2025 एवं निविदा प्राप्ति की तिथि:–03.02.2025 था के क्रमांक संख्या– 01 का परिमान बिपत्र बिक्री की तिथि:–03.02.2025 एवं निविदा प्राप्ति की तिथि:–04.02.2025 को है।
अन्य निविदा की शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
PR 345243 Building(24-25)D

# मोतीलाल महतो ने सौंपी भाजपा के नये सदस्यों की सूची

**बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य व बोकारो थर्मल निवासी मोतीलाल महतो ने 50 से अधिक नए भाजपा सदस्यों का सदस्यता फार्म भाजपा बेरमो प्रखंड अध्यक्ष सीपी सिंह को सौंपा है। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के किसान मोर्चा प्रदेश सदस्य मोतीलाल महतो को पार्टी का सक्रिय सदस्य बनाया गया था। उन्होंने अपना दावित्व निभाते हुए कर्तव्य का निर्वाहन किया हैं। वहीं, मोतीलाल ने कहा कि भाजपा के प्राथमिक सक्रिय सदस्य होने के नाते हम अपना कर्तव्य निभाए हैं।

# बढ़ती ठंड में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर/पलामू।** जिले में शीतलहर व कड़ाके की ठंड को देखते हुए सोमवार की देर रात मेदिनीनगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 31 की प्रथम पार्षद प्रमिला देवी ने असहाय गरीबों और बुजुर्गों सहित जरूरतमंदों के बीच कंबल व गर्म कपड़े का वितरण किया। प्रमिला देवी ने कहा कि कड़ाके की ठंड में



असहाय लोगों को फटे कपड़े पहने तिरपाल के नीचे रात काटना पड़ रहा है जिसकी सहायता करना पुण्य का कार्य है। सांसद प्रतिनिधि भोला पाण्डेय ने कहा कि गरीबों की सेवा करना बहुत महान काम है।

**राँची समाहरणालय, राँची,**
**(कल्याण शखा)**

**प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना सत्र 2024–25 हेतु आवश्यक सूचना**

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए झारखण्ड राज्य पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति नियमावली, 2022 के अनुसार (ई–कल्याण पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना नियमावली, 2022 की प्रति उपलब्ध) वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये निम्न प्रकार ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है।

**ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–**

| क्र० | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | कार्यवाही प्रारम्भ होने की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की अंतिम तिथि | 31-12-2024 |
| 2. | शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि | 20-03-2025 |
| 3. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की अंतिम तिथि | 21-03-2025 |

**नोट :–**
- पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना से सम्बंधित अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से निर्गत दिशा–निर्देश एवं अन्य अनुवर्ती सूचना वेबसाईट **https:/ekalyan.cgg.gov.in** पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व कृपया उक्त वेबसाईट पर दिए गए निर्देश को अवश्य देख लें।
- पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए झारखण्ड राज्य पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना नियमावली, 2022 के द्वारा निर्धारित शर्तो एवं नियमों का अनुपालन करते हुए ऑनलाईन आवेदन किया जाए। (ई–कल्याण पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना नियमावली, 2022 की प्रति उपलब्ध है )
- निश्चित समय सीमा समाप्ति के पश्चात् किसी प्रकार का आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।
- प्रत्येक छात्र–छात्रा आधार आधारित बैंक खाता KYC कराने के उपरान्त ही आवेदन करें।
- एक से अधिक आवेदन पत्र भरने पर छात्र/छात्रा का आवेदन पत्र रद्द कर दिया जाएगा।
- ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि/अशुद्धि/गलत अथवा भ्रामक सूचना देने पर आवेदन रद्द कर दिया जाएगा। छात्रों से अनुरोध है कि ऑनलाईन आवेदन करते समय सत्यता की जाँच स्वंय कर लें।

**कॉलेज/संस्थान का दायित्व :–**
(i) संस्थान अपने Letter Pad में वर्ष 2024–25 में अध्ययनरत छात्र/छात्रा की छात्रवृति हेतु Bonafide Certificate में निर्गत संख्या, तिथि, कोर्स का नाम, छात्र का सत्र अंकित किया जाय।
(ii) राँची जिला अन्तर्गत ई–कल्याण पोर्टल पर सत्र 2024–25 में नये पंजीकृत शिक्षण संस्थान पोर्टल पर अपलोड किये गये कागजात की एक प्रति जिला कार्यालय, राँची में समर्पित करेंगे, ताकि उपलब्ध कराये गये कागजात से ऑनलाईन किये गये कागजात का मिलान किया जा सके।
(iii) ई–कल्याण पोर्टल पर प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति सत्र 2024–25 हेतु बहुत कम छात्र–छात्राओं के द्वारा ऑनलाईन आवेदन किया गया है साथ ही शिक्षण संस्थान के INO द्वारा आवेदनों का सत्यापन बहुत धीमी है, सत्यापन कार्य में गति देने की आवश्यकता है।
(iv) प्राचार्य/प्रधानाध्यापक अपने शिक्षण संस्थानों के छात्र–छात्राओं के बीच व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए सूचना पट्ट पर प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति सत्र 2024–25 के लिये ई–कल्याण पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने हेतु सूचना प्रकाशित करेंगे।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
राँची
PR 345236 Welfare(24-25).D

## अवधेश कुमार सिंह कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# आपसी समन्वय से शैक्षणिक ढांचा को और मजबूत बनायें: बीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला अवधेश कुमार सिंह कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने की। इसमें पलामू सांसद सह कॉलेज प्रबंधन अध्यक्ष बीड़ी राम व सचिव प्रफुल्ल कुमार सिंह मौजूद थे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं की ओर से गायन, नृत्य एवं भाषण प्रस्तुत किया गया। छात्र आलोक कुमार ने अतिथियों को उपहार देकर सम्मानित किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम व अन्य गणमान्य लोग।

वहीं, बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों व महाविद्यालय प्रबंधन ने सम्मानित किया। सांसद बीडी राम ने कहा कि कॉलेज की सूरत और शैक्षणिक स्थिति बेहतर हुई है। उन्होंने आपसी समन्वय से शैक्षणिक ढांचा को और मजबूत करने की बात कही। वहीं, विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज में शिक्षण के सभी आवश्यक साधन मौजूद है। इसका लाभ लें। सचिव प्रफुल्ल कुमार सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं या महाविद्यालय की समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। इस मौके पर राम प्रवेश सिंह, भुनेश सिंह, अखिलेश मेहता, विजय चौबे, ईश्वरी पांडे आदि मौजूद थे।

## क्योंझर में पुरानी रंजिश के चलते तीन साल के बच्चे की हत्या

**क्योंझर (आजाद सिपाही)।** क्योंझर जिले के झुमपुरा थाना क्षेत्र के नाहाबेड़ा गांव में एक अमानवीय घटना में तीन साल के बच्चे की पूर्व रंजिश के चलते बेरहमी से हत्या कर दी गयी। नाहाबेड़ा गांव के चंदन मुंडा और तामा मुंडा के बीच किसी बात को लेकर पुरानी दुश्मनी थी। इसी बात से नाराज होकर तामा मुंडा ने चंदन मुंडा के बेटे की हत्या कर दी। उधर, चंदन मुंडा और उसके परिजनों ने अपने बच्चे की तलाश की और पुलिस को सूचना दी। एडिशनल एसपी, मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचे। वैज्ञानिक टीम भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।




## वेदांता ने ओड़िशा सरकार के साथ एक लाख करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्राकृतिक संसाधनों और प्रौद्योगिकी में वैश्विक अग्रणी और दो दशकों से अधिक समय से ओडिशा की प्रगति में प्रतिबद्ध भागीदार वेदांता लिमिटेड ने मंगलवार को भुवनेश्वर में आयोजित राज्य के वैश्विक निवेश सम्मेलन उत्कर्ष ओड़िशा के उद्घाटन के दिन ओड़िशा सरकार के साथ 1 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। एमओयू पर ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और वेदांता लिमिटेड के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये। इस परिवर्तनकारी प्रतिबद्धता का उद्देश्य विश्व स्तरीय एल्युमीनियम उत्पादन सुविधाएं स्थापित करके और पूरे राज्य में सतत विकास को बढ़ावा देकर ओड़िशा के औद्योगिक विकास को गति देना है। इस सहयोग में 3 मिलियन टन प्रति वर्ष एल्युमीनियम प्लांट और एल्युमीनियम पार्क का विकास शामिल है, जो एल्युमीनियम उत्पादों के डाउनस्ट्रीम उत्पादकों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार है। साथ में, घोषित पहल न केवल वैश्विक एल्युमीनियम मूल्य श्रृंखला में ओड़िशा की महत्वपूर्ण भूमिका को और मजबूत करेगी, बल्कि 2 लाख रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी और ऑटोमोटिव, बिजली, निर्माण और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में एमएसएमइ विकास को बढ़ावा देगी।


वेदांता लिमिटेड के अध्यक्ष श्री अनिल अग्रवाल ने कहा कि ओड़िशा हमेशा से वेदांता की विकास कहानी का अभिन्न अंग रहा है और इसके संसाधनों ने भारत के उत्थान में एक अमिट भूमिका निभायी है। यह समझौता ज्ञापन राज्य में बड़े पैमाने पर औद्योगीकरण और सामाजिक-आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसकी प्रगति के लिए हमारी प्रतिबद्धता की पुनरावृत्ति है। हमें ओड़िशा सरकार के साथ अपने दशकों पुराने सहयोग को गहरा करने पर गर्व है, जो राज्य में लाखों लोगों के लिए सतत विकास, कौशल विकास और बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करता है। वेदांता के मौजूदा निवेशों से झारसुगुड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा एकल-स्थान एल्युमीनियम स्मेल्टर बना है। इसके अलावा लांजीगढ़ में एक विश्व स्तरीय एल्युमीना रिफाइनरी भी है, जिसने ओड़िशा को भारत का एल्युमीनियम हब बनाने में मदद की है। कंपनी भद्रक में देश के अग्रणी फेरो क्रोम उत्पादकों में से एक एफएसीओआर का संचालन भी करती है। इसके अलावा राज्य भर में खदानों का पोर्टफोलियो भी बढ़ रहा है। इन परिचालनों ने ओड़िशा के समुदायों के लिए समावेशी विकास सुनिश्चित करते हुए शैक्षणिक और स्वास्थ्य सुविधाएं, कौशल विकास केंद्र और नंदघर बनाने पर कंपनी के फोकस के माध्यम से अपने आसपास के क्षेत्रों की त्वरित सामाजिक-आर्थिक प्रगति को बढ़ावा दिया है। चूंकि एल्युमीनियम की वैश्विक मांग 2030 तक दोगुनी होने की उम्मीद है, इसलिए यह समझौता ज्ञापन ओड़िशा की औद्योगिक और आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थिति को मजबूत करता है।



## जेएसडब्ल्यूबीपीएसएल संबलपुर वर्क्स में मनाया गया उत्सव



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** जेएसडब्ल्यूबीपीएसएल ने गणतंत्र दिवस को उत्सव के साथ मनाया। इस मौके पर जेएसडब्ल्यूबीपीएसएल के अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक अनिल कुमार सिंह ने स्वर्णिम भारत बनने की दिशा में भारत की यात्रा को आकार देने के लिए जेएसडब्ल्यूबीपीएसएल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। कार्यक्रम में 50 इलेक्ट्रिक वाहनों का उद्घाटन किया गया।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**